दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ▶
2 राजधानी — माहेश्वरी समाज गौठानों के सुचारु...
4 रविवारीय — स्वस्थ शरीर है सुखी जीवन का सबसे...
9 मनोरंजन/व्यापार — सेक्स कॉमेडी फिल्म में काम नहीं करेंगी...
11 खेल — दिल्ली में प्रदूषण को मात देने वाली टीम...

www.navpradesh.com बिलासपुर, रविवार 3 नवम्बर, 2019, शुक्ल पक्ष-सप्तमी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-05 अंक-201 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

बदले की आग में सुलगता आतंकिस्तान अब आग से खेलने लगा है। भारत में आतंकियों की घुसपैठ कराने के लिए आग, पानी और धुएं का सहारा ले रहा है। पीओके के जंगलों में उसने आग लगा दी है। जिससे उठते धुंए की आड़ लेकर आतंकी घुसपैठ कर सकते हैं। नदी नालों के जरिए भी घुसपैठ की योजना बन रही है। आग, पानी और धुएं का उपयोग कर हुक्का भरने वाला हुक्कीस्तान इस तरह की मूर्खतापूर्ण साजिश कर खुद तबाही बुला रहा है। घर को लगी आग घर के चिराग से की तर्ज पर यह आग उसे ही राखीस्तान बना सकती है।

गए थे घायल तेंदुए को बचाने, बन गए मौत का फरिश्ता!

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। जिस तेंदुए को गरियाबंद जिले के खरहरी गांव में चार दिनों से आतंक का पर्याय माना जा रहा था उसकी रेस्क्यू के दौरान मौत हो गई। एक ग्रामीण की बाड़ी में ऐन गोवर्धन पूजा के दिन बछड़े पर नाकाम हमला करने वाला तेंदुआ ट्रेंक्लाइज्ड करने के चंद घंटे बाद ही मर गया। मौत की वजह भूख, बीमारी, गंभीर रूप से घायल थी या फिर रेस्क्यू करने किया गया ट्रेंकुलाइजेशन यह जांच का विषय है। वन विभाग के वाइल्ड लाइफ के आला अफसर मौत की वजह पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट करने की बात कह रहे हैं।

डीएफओ गरियाबंद मयंक अग्रवाल के मुताबिक तेंदुआ की ज्यादा उम्र भी नहीं थी। बताते हैं कि तेंदुए की जांच में स्पष्ट हुआ कि उसकी पीठ और पिछले दाएं पैर की हड्डी टूटी हुई थी। तेंदुआ भूखा और बीमार होने के अलावा तीसरे स्तर के डिहाइड्रेशन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ खरहरी गांव में घुस आए तेंदुए का वन महकमे ने किया काम तमाम

■ भूखे, बीमार, घायल तेंदुए को कर दिया ट्रेंकुलाइज्ड

■ एक बछड़े पर अटैक करने के बाद चोटिल हुआ था

ग्रामीणों से सूचना मिली थी कि एक किसान के घर में हमलावर तेंदुआ घुसा हुआ है। तेंदुए के रेस्क्यू के लिए रायपुर और गरियाबंद के एक्सपर्ट्स की टीम भेजी गई थी। विभागीय एसओपी के दायरे में ही रेस्क्यू किया गया। लेकिन जब तेंदुए को रायपुर लाया जा रहा था तब उसकी मौत हो गई। पूरे मामले की जानकारी और पीएम रिपोर्ट के बाद ही कहीं कोई चूक हुई होगी तो कार्रवाई करेंगे।

अतुल शुक्ला
पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ छग

बछड़े पर तेंदुए ने 3 दिन पूर्व हमला किया था। उस वक्त ग्रामीणों ने तेंदुए को कामयाब हो गए बछड़े की जान बचाने में कामयाब हो गए थे। तभी से तेंदुआ वहीं एक किसान की बाड़ी में दुबका बैठा था। सूचना मिलने के बाद तेंदुए को रेस्क्यू करने टीम गई थी। उसे टेंकुलाइज कर जब रायपुर रवाना किया गया तो उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक वह डिहाईड्रेशन का शिकार, बीमार, भूखा भी था उसका स्टमक भी एमटी था। पीठ और पिछले पैर की हड्डी भी टूटी हुई थी। मौत की वजह पीएम रिपोर्ट के बाद ही पता चल पाएगी।

मयंक अग्रवाल
डीएफओ गरियाबंद

खास खबर

लश्कर का आतंकवादी गिरफ्तार, गोला और बारूद बरामद

श्रीनगर ए.। जम्मू-कश्मीर में सीआरपीएफ, इंडियन आर्मी और प्रदेश पुलिस के संयुक्त अभियान के दौरान लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया है। आतंकी के पास से काफी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन जारी है। सीआरपीएफ ने अपने ट्विटर हैंडल पर ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी। लश्कर के आतंकवादी दानिश चन्ना को सोपोर से गिरफ्तार किया गया है।

फिर पाकिस्तान जाने पर आमादा हैं सिद्धू

चंडीगढ़। भारत और पाकिस्तान में ऐतिहासिक करतारपुर कॉरिडोर के उद्घाटन की तैयारियां जोरों पर हैं। पाकिस्तान ने कांग्रेस नेता और पंजाब सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू को भी निमंत्रण भेजा है। इस बीच सिद्धू ने विदेश मंत्रालय को खत लिखकर पाकिस्तान जाने की इजाजत मांगी है। यही नहीं पूर्व क्रिकेटर ने पंजाब के सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह से भी इस संबंध में अनुमति मांगी है।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा चुने गए कांग्रेस दल के नेता

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को हरियाणा विधानसभा में विधायक दल का नेता नियुक्त किया है। अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के हरियाणा मामलों के प्रभारी गुलाम नबी आजाद ने आज बताया, श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को हरियाणा विधायक दल का नेता नियुक्त किया गया है। पूर्व सीएम को हरियाणा में कांग्रेस दल का नेता चुने जाने का ऐलान श्री आजाद ने आज कांग्रेस के महासचिव के वी वेणुगोपाल और पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा की मौजूदगी में किया।

दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में बवाल

पार्किंग को लेकर कहासुनी के बीच फायरिंग से भड़की हिंसा, पुलिस बोली- नहीं चली गोली

वकीलों के मुताबिक, पुलिस की एक गाड़ी ने एक वकील की गाड़ी को टक्कर मारी, जिसके बाद कहासुनी हुई

नई दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली का तीस हजारी कोर्ट परिसर शनिवार को पुलिसकर्मियों और वकीलों के बीच जंग का अखाड़ा बन गया। पार्किंग को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष एक दूसरे पर टूट पड़े। आक्रोशित वकीलों ने पुलिस के एक वाहन समेत कुछ गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। वकीलों ने घटना का विडियो बना रहे या तस्वीर ले रहे लोगों के मोबाइल फोन तोड़ दिए और उनसे मारपीट की गई। कुछ पत्रकारों की भी पिटाई किए जाने की खबर है।

पार्किंग को लेकर विवाद हिंसक झड़प में बदला

विवाद की शुरुआत दोपहर साढ़े 3 बजे के करीब लॉक अप के बाहर पार्किंग को लेकर एक पुलिसकर्मी और विजय नाम के एक वकील के बीच कहासुनी से हुई। इसी बीच दिल्ली पुलिस की थर्ड बटेलियन में तैनात एक पुलिसकर्मी ने कथित तौर पर फायरिंग कर दी। इस के बाद मामला भड़क गया। देखते ही देखते, वहीं तमाम वकील इकट्ठे हो गए। वकीलों ने ट्रैफिक जाम कर दिया और पुलिस की एक गाड़ी में आग लगा दी। कैदियों के कुछ वाहनों समेत 9 गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचाया।

वकील बता रहे दूसरी वजह

वकीलों का आरोप है कि पुलिस की एक गाड़ी ने एक वकील की गाड़ी को टक्कर मार दी, जिसके बाद पुलिसवालों ने वकील की पिटाई कर दी। तीस हजारी बार असोसिएशन के पदाधिकारी जय बिसवाल ने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

इमरान की सरकार को बचाने सक्रिय हुई पाकिस्तानी सेना

कहा-देश में पैदा नहीं करने देंगे अस्थिरता

इस्लामाबाद ए.। आर्मी के इशारे पर काम करने और अधोषित मार्शल लॉ का आरोप लगाते हुए 'आजादी मार्च' का नेतृत्व कर रहे मौलाना फजलुर रहमान ने पीएम इमरान खान को इस्तीफे के लिए दो दिन का अल्टीमेटम दिया है। इन आरोपों के बीच अब खुद पाक आर्मी ने मोर्चा संभाल लिया है। आर्मी ने शनिवार को चेताया कि देश में किसी को अस्थिरता और अव्यवस्था पैदा नहीं करने दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इस्लामाबाद में जनसभा को संबोधित करते हुए रहमान ने इमरान को 'पाकिस्तान का गोर्बाचोव' बताते हुए कहा कि वह शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के संयम की परीक्षा लिए बिना पद छोड़ दें। उन्होंने कहा कि 'संस्थाओं' को नहीं बल्कि केवल पाकिस्तान के लोगों को इस देश पर शासन करने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सड़क पर नहीं, सही मंच पर जाए विपक्ष

रहमान ने 2018 के आम चुनाव में धांधली का भी आरोप लगाया है। वहीं, गफूर ने आम चुनाव में सेना की तैनाती का बचाव किया और कहा कि वह संवैधानिक जिम्मेदारियों को पूरा कर रही थी। उन्होंने कहा, 'अगर विपक्ष को नतीजों से आपत्ति है, यह सड़कों पर आरोप लगाने की जगह संबंधित फोरम में जा सकती है।' उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मामले लोकतांत्रिक तरीके से सुलझाने चाहिए।

'सेना न करे राजनीतिज्ञों जैसी बातें'

विपक्षी नेताओं से मुलाकात के बाद रहमान ने गफूर के बयान पर कहा कि सेना को इस तरह बयान से बचना चाहिए, जो कि सेना की निष्पक्षता का उल्लंघन करता है। उन्होंने कहा, 'यह बयान किसी राजनीतिज्ञ की तरफसे आना चाहिए, न कि सेना की तरफसे।' रहमान ने कहा कि विपक्षी पार्टियां शनिवार को मुलाकात करेंगी। इस दौरान यह फैसला किया जाएगा कि अगर पीएम इमरान खान डेडलाइन के अंदर मांग पूरी नहीं करते, तो हमें क्या करना है।

शिवसेना के तेवर पड़े नरम

अंत तक निभाएंगे गठबंधन धर्म

मुंबई ए.। महाराष्ट्र में सीएम पद को लेकर मची खींचतान पर अब बीजेपी के प्रति शिवसेना का रुख नरम पड़ता दिख रहा है। शिवसेना ने कहा कि उसने बातचीत कभी नहीं रोकी और वह गठबंधन धर्म का पालन करेगी। बता दें कि महाराष्ट्र चुनाव के नतीजों में बीजेपी और उसकी सहयोगी शिवसेना को बहुमत मिला है लेकिन अभी तक दोनों दलों ने औपचारिक बातचीत तक शुरू नहीं की है। वर्तमान महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 8 नवंबर को पूरा हो रहा है।

शिवसेना के नेता संजय राउत ने कहा, 'सेना ने गठबंधन में रहते हुए विधानसभा चुनाव लड़ा था और हम आखिरी वक्त तक गठबंधन धर्म का पालन करेंगे।' उन्होंने कांग्रेस नेता हुसैन दलवई के शिवसेना अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखने के कदम का भी स्वागत किया है। इस पत्र में दलवई ने कांग्रेस आलाकमान से महाराष्ट्र में शिवसेना के नेतृत्व वाली सरकार के गठन को समर्थन देने की गुजारिश की है।

'शिवसेना ने बातचीत नहीं रोकी'

आपको बता दें कि शुक्रवार को संजय राउत ने कहा था कि शिवसेना स्थिर सरकार के गठन के लिए नंबर जुटा सकती है। उन्होंने कहा, 'राज्य में मौजूदा राजनीतिक स्थिति को देखते हुए कहा जा सकता है कि हर कोई एक-दूसरे से बात कर रहा है सिवाय शिवसेना और बीजेपी को छोड़कर।' उन्होंने कहा कि शिवसेना ने सरकार गठन की बातचीत नहीं रोकी .. लेकिन बातचीत शुरू ही नहीं हुई।

छठ पर्व...

रायपुर (नवप्रदेश)। महादेव घाट में छठ पूजा करती व्रती महिलाएं। छायाः महादेव तिवारी

धान खरीदीः अब 7 नवंबर तक कर सकेंगे समितियों में पंजीयन

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य सरकार ने धान खरीदी के लिए तय की गई 31 अक्टूबर की समय सीमा में बढ़ोतरी करते हुए 7 नवंबर कर दी है। इससे देर से पकने वाली फसल उगाने वाले किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है।

धान खरीदी के लिए पंजीयन अवधि में बढ़ोतरी के संबंध में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के संयुक्त सचिव जीएस सिकरवार ने शुक्रवार को सभी संभागायुक्त, कलेक्टर, सहकारी संस्थाएं पंजीयक और अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक को पत्र जारी किया है।

बता दें कि बीते सीजन की तरह इस सीजन में भी 2500 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर भूपेश सरकार ने निर्णय लिया है। लेकिन केंद्र सरकार की इसमें सहमति नहीं मिली है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर खरीफ वर्ष 2019-20 ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कलेक्टर के घर चोरी कर फ्लाइट से हुए थे फरार

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। कलेक्टर शिखा राजपूत तिवारी के रायपुर स्थित सरकारी बंगले में बीते दिनों हुए चोरी मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सूत्रों के मुताबिक चोरी करने वाले शातिर आरोपियों को रायपुर पुलिस ने कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें पकड़कर रायपुर लेकर आ गई है। आरोपी चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद फ्लाइट से कोलकाता भाग गए थे। घटना के बाद ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ पुलिस ने कोलकाता से चारों को किया गिरफ्तार

गरमा-गरम

आयोजन हम विक्रम लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग नहीं करा पाए, सिस्टम चांद की सतह से 300 मी. दूर तक काम कर रहा था

कहानी का अंत नहीं है चंद्रयान-2: के. सिवन

चंद्रयान-2 के विक्रम लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग न हो पाने को लेकर इसरो चीफके. सिवन ने कहा है कि भविष्य में इसका ख्याल रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-2 कहानी का अंत नहीं है और भविष्य में सॉफ्ट लैंडिंग के लिए पूरे प्रयास किए जाएंगे।

नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के मुखिया ने कहा कि आने वाले महीनों में कई अडवांस सैटलाइट्स की लॉन्चिंग की योजना है। उन्होंने कहा, 'आप सभी लोग चंद्रयान-2 मिशन के बारे में जानते हैं। तकनीकी पक्ष की बात करें तो यह सच है कि हम विक्रम लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग नहीं करा पाए, लेकिन पूरा सिस्टम चांद की सतह से 300 मीटर दूर तक पूरी तरह काम कर रहा था।

हमारे पास बेहद कीमती डेटा उपलब्ध है। मैं आप लोगों को भरोसा दिलाता हूं कि भविष्य में इसरो अपने अनुभव और तकनीकी दक्षता के जरिए सॉफ्ट लैंडिंग का हरसंभव प्रयास करेगा। इसरो के 50 साल पूरे होने के मौके पर के. सिवन ने आईआईटी दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जब ग्रैजुएट हुआ, तब नहीं थे ज्यादा अवसर

भारत में तकनीकी शिक्षा के लिए आईआईटी को बेहद महत्वपूर्ण करार देते हुए के. सिवन ने कहा कि मैं तीन दशक पहले आईआईटी बॉम्बे से ग्रैजुएशन किया था। तब जॉब की स्थिति आज जैसी नहीं थी। उन्होंने कहा कि उस दौर में स्पेशलाइजेशन के क्षेत्र में सीमित ही विकल्प थे, लेकिन आज काफी अवसर हैं। इसके अलावा आज के दौर में अस्थिरता, अनिश्चितता और जटिलता बढ़ी है। हालांकि उन्होंने आईआईटी के छात्रों से कहा कि आप सभी लोग इन सभी स्थितियों से निपटने में पिछली पीढ़ी के मुकाबले ज्यादा सक्षम हैं।

25 जवानों की हत्या में शामिल 3 लाख के इनामी नक्सली कमांडर ने किया सरेंडर

दंतेवाड़ा (नवप्रदेश)। कई बड़ी नक्सली वारदातों को अंजाम दे चुके 3 लाख के इनामी नक्सली ने एसपी के सामने सरेंडर किया है। सरेंडर नक्सली पर 25 पुलिस जवानों की हत्या करने का आरोप है। लेकिन सरेंडर के बाद एसपी ने उसे 10 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि भी दिया। आत्मसमर्पित नक्सली का नाम बामन मंडावी है, जो कि प्लाटून नंबर 26 का सेक्शन कमांडर था। 2010 से नक्सली संगठन से जुड़कर नक्सली वारदातों के अंजाम देता आया है। काफी लंबे समय से सुकमा और दंतेवाड़ा जिले के अलग-अलग इलाकों में सक्रिय था और अपने साथ 303 रायफल रखता था। नक्सलवाद की खोखली विचारधारा और शासन की पुर्नवास योजना के जरिए समाज की मुख्यधारा से जुड़ने एसपी के सामने सरेंडर किया है।

■ न्यूज गैलरी

सड़क किनारे मृत अवस्था में मिला युवक

रायपुर। सबरी राइस मिल गोबरा नवापारा में गंभीर अवस्था में सड़क किनारे युवक को पड़ा देख किसी ने पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने युवक को अस्पताल ले गये जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक के सिर पर व चेहरे पर गंभीर चोट आने के चलते उसकी मौत होना बतायी जा रही है। ग्राम कुर्रा गोबरा नवापारा निवासी रोशन खरे 18 वर्ष पिता हेमलाल खरे की सड़क किनारे राइस मिल के पास गंभीर अवस्था में पड़ा देख पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया था जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शॉट पीएम में डॉक्टरों ने बताया कि युवक के सिर में गंभीर चोट आने गंभीर चोट लगने के चलते उसकी मौत हो गई है।

फेसबुक से दोस्ती, होटल में बनाया शारीरिक संबंध

रायपुर। फेसबुक के माध्यम से प्रेम प्रसंग होने पर युवक ने शादी का प्रलोभन देकर युवती को होटल में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया। घटना की रिपोर्ट गंज थाने में दर्ज की गई है। बांसटाल गोलबाजार निवासी युवती 22 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 24 अक्टूबर 2018 से 21 जून 2019 तक विनय बघेल पिता सुरेश बघेल ने फेसबुक के माध्यम से दोस्ती होने पर शादी का प्रलोभन देकर राजधानी के एक होटल ले जाकर लगातार शारीरिक संबंध बनाते रहा व बाद में शादी करने से इंकार कर दिया।

बस ने बाइक से जा रहे युवक को मारा टक्कर, मौत

रायपुर। दोंदेखुर्द विधानसभा निवासी दिलीप रात्रे पिता स्व. हीरादास रात्रे ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 1 नवंबर को 5.15 बजे झाबक बाड़ी के पास सेमरिया में तेज रफ्तार बस क्रमांक सीजी 04 ईए 0203 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक बस को चलाते हुए अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से जा रहे युवक दिनेश मंडावी 36 पिता दूबराज मंडावी को एक्सीडेंट कर दिया।

दो बाइक पार

रायपुर। अमलीडीह न्यू राजेंद्र नगर निवासी हरीश कुमार दरियानी 52 वर्ष पिता स्व. धनराजमल दरियानी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि शुक्ला पान भंडार के पास मंदिर हसौद में 1 नवंबर को अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एलडब्ल्यू 4248 को खड़ी किया था किसी अज्ञात चोर ने मोटरसाइकिल को चोरी कर लिया। किले वाले मजार के पास पुरानी बस्ती निवासी शेख पप्पू पिता शेख खुर्शीद ने पुरानी बस्ती थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि किले वाला बाबा के मजार के पास खड़ी टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 डीवी 3843 को किसी ने चोरी कर लिया।

माहेश्वरी समाज गौठानों के सुचारू संचालन में योगदान दे

■ **मुख्यमंत्री शामिल हुए छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के दीपावली मिलन समारोह में**

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने माहेश्वरी समाज से अपने प्रबंधन कौशल का योगदान गौठानों के सुचारू संचालन में देने का आव्हान किया है। मुख्यमंत्री आज यहां साइंस कॉलेज ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा आयोजित दीपावली मिलन और अभिनंदन समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने माहेश्वरी समाज को दीपावली और राज्य स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि महेश्वरी समाज ने प्रबंधन के क्षेत्र में विशेष दक्षता हासिल की है , यदि यह समाज अपने इस कौशल का योगदान गौठानों के प्रबंधन में देता है, तो यह छत्तीसगढ़ के लिए एक बड़ी सेवा होगी। उन्होंने कहा कि महेश्वरी समाज जशपुर से लेकर सुकमा तक के गांव में रहता है और वहां स्थानीय समाज से घनिष्ठ रूप से घुल- मिल गया है।

मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी नरवा, गरवा, घुरवा और बारी योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और प्रदेश में जैविक खेती को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हम गौ माता की सेवा करना चाहते हैं, लेकिन गाय सड़कों पर आवारा घूमती हैं और प्लास्टिक खा रही हैं। आवारा पशुओं से आज फसलों को बचाना एक बड़ी चुनौती हो गया है, इसलिए गांव में गौठान बनाए जा रहे हैं, जहां पशुओं के लिए डे केयर की सुविधा दी जा रही है।

ट्रॉली में बिकने वाला पशुओं का गोबर अब प्रति किलो के हिसाब से बिक रहा है। गोबर से बनी वर्मी कंपोस्ट 8 से 10 रूपए प्रति किलो की दर पर बिक रही है। रायपुर जिले के अभनपुर के पास वनचरौदा गांव की महिलाएं गोबर और मिट्टी के दीए बना रहे हैं इन दीयों का प्रकाश नई दिल्ली में भी फैला। इन महिलाओं ने कई सजावट की वस्तुएं भी जैसे गमले, गोबर और मिट्टी से स्वास्तिक जैसी वस्तुएं भी बनाई है। गोबर का उपयोग बढ़ गया है और गोबर की मांग भी बढ़ रही है। सीएम ने कहा कि आज रासायनिक खाद और कीटनाशकों के उपयोग से नियमित दिनचर्या के बावजूद लोगों को कैंसर और हार्ट की बीमारी हो रही है, यदि हम जैविक कृषि की ओर बढ़ते हैं, तो एक स्वस्थ जीवन का मार्ग प्रशस्त होगा।

बहन को महीनों से घर में बंधक बना रखा था कलयुगी भाई

■ **खाना तो दूर पानी के लिए तरसा दिया, पड़ोसियों ने खोला राज**

■ **कमरे में बंद बीमार बहन हो गई थी हड्डी का ढांचा, पुलिस ने किया रेस्क्यू**

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर/ राजनांदगांव। कई राखी बीत गई...भईयादूज सुना रहा...बहन को मारने के लिए एक भाई ने इतनी नृशंसता दिखाई की शहर में आज हर की जुबां पर उसकी चर्चा थी। भूखी, प्यासी और बीमारी से घिरी एक बिस्तर में पड़े-पड़े बहन हड्डी का ढांचा हो गई थी। खाना तो दूर दुष्ट भाई ने जब बहन को पानी के लिए तरसा दिया तब दर्दभरी चित्कार से पड़ोसियों को संदेह हुआ और उन्हों ने इसकी सूचना पुलिस को दी तब जाकर पूरा सनसनीखेज खुलासा हुआ।

मामला बसंतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोनार पारा का है। जहां एक भाई ने अपनी सगी बहन को कई दिनों से घर में कथित तौर पर बंधक बनाकर रखा हुआ था। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को रेस्क्यू कर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बंधक बनाई गई महिला का नाम ममता सोनी है। एक महिला को घर में बंद कर रखे जाने की सूचना पड़ोसियों से पुलिस को मिली थी। पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि महिला पानी के लिए चीख-पुकार लगा रही थी। सूचना के आधार पर पुलिस महिला के घर पहुंची जहां पुलिस को एक कमरे में महिला बीमार अवस्था में मिली. जो खाने-पीने के अभाव में बेहद कमजोर नजर आ रही थी। पुलिस ने तत्काल महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। वहीं परिजनों ने पुलिस को पीड़ित महिला को मानसिक रूप से बीमार होना बताया है। पिछले कुछ दिनों से महिला अपने घर के एक कमरे में बंद थी. महिला की ऐसी स्थिति होने के बाद भी उसके परिजनों ने उसे अस्पताल में दाखिल क्यों नहीं करवाया यह पुलिस की जांच का विषय है. लेकिन घर के भीतर इस तरह के अमानवीय व्यवहार के चलते महिला की स्थिति गंभीर होती चली गई।

थाना बसंतपुर टीआई राजेश साहू ने बताया कि सोनार पारा निवासी ममता सोनी नाम की महिला को उसके भाई और भाभी के द्वारा घर में बंधक बनाकर रखे जाने की जानकारी मिली थी, जिसके बाद घर के बंद कमरे से महिला का बाहर निकाला गया. महिला की हलात खराब होने पर उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के लिए एडमिट कराया गया है। इस मामले पर आगे की जांच जांच जारी है। बहरहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और किसी भी तरह की प्रताड़ना सहित अन्य मामले सामने आने पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात भी कही जा रही है।

केंद्र के खिलाफ हल्ला बोल की तैयारी के ऑब्जर्वर होंगे भक्त चरणदास

■ **आज पुनिया संग रायपुर आएंगे भक्त**

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस अब आक्रामक होने की तैयारी में है। 5 नवंबर से लेकर 15 नवंबर तक केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस हल्ला बोल की तैयारी में है। इसी कड़ी में कांग्रेस शासित प्रदेशों से दिल्ली में भी आंदोलन की तैयारी है। हालांकि पूरा कार्यक्रम अभी तय नहीं हुआ है। इधर एआईसीसी ने आंदोलन की तैयारी के मद्देनजर छत्तीसगढ़ में तैयारी की समीक्षा शुरू कर दी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री भक्त चरणदास को छत्तीसगढ़ का आब्जर्बर बनाया गया है। भक्त चरण दास छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नेताओं की बैठक लेकर आंदोलन की रणनीति तैयार करेंगे।

एआईसीसी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पीएल पुनिया के साथ छत्तीसगढ़ के पर्यवेक्षक पूर्व केंद्रीय मंत्री भक्तचरण दास 3 नवम्बर रविवार को रायपुर में बैठक लेंगे। दोनों नेता प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्षों प्रदेश कांग्रेस के महामंत्रियों विधायकों और जिला कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक लेंगे। बैठक में 5 से 15 नवंबर तक केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन की तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

एम्स न्यूनेटोलॉजी वार्ड 'मौली' की सुविधाएं शुरु

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी में डॉ. अंबेडकर अस्पताल और जिला अस्पताल के बाद एम्स रायपुर के न्यूनेटोलॉजी (नवजात शिशु गहन चिकित्सा ईकाई) में आज '' मौली'' का शुभारंभ किया गया। इस विभाग के विस्तार होने से चिकित्सकों द्वारा जन्म के बाद लो बर्थ वेट और प्री मेच्योर नवजात शिशुओं को इलाज की व्यवस्था मिल सकेगा।

शुभारंभ अवसर पर एम्स अस्पताल के अध्यक्ष डा. जॉर्ज ए. डिसूजा एवं एम्स निदेशक, प्रोफेसर डॉ. नितिन म. नागरकर शामिल हुए। शिशु रोग विभाग के प्रमुख डॉ. अनिल गोयल ने बताया, अस्पताल में 30 बिस्तर वाले एनआईसीयू ईकाई में आने वाले समस्त बच्चों को अच्छे स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के लिए सुविधाएं शुरु की जा रही है।

एम्स में नवजात शिशु गहन चिकित्सा ईकाई के प्रभारी डॉ. फ ल्गुनी पाढ़ी ने बताया, अस्पतालों में समयपूर्व पैदा हुए बच्चों की देखभाल के लिए खास इकाई की जरुरत होती है। इन नवजात चिकित्सा इकाइयों में वार्मर , डीएसपीटू (डबल स्टेंड फोटो थेरपी) होते हैं जिससे बच्चों में होने वाली पीलिया रोग से बचाया जा सकता है। वार्ड में आधुनिक मशीनों से सही मात्रा में हवा, गर्मी और नमी दी जाती है। इन इकाइयों में इन बच्चों को दूध पिलाने की भी खास व्यवस्था होती है। मॉं का दूध भी निकाला जाता है और बच्चे को बड़े ध्यान से पिलाया जाता है। नवजात गहन चिकित्सा इकाई के नियंत्रित वातावरण में सही गर्मी और संक्रमण की कम गुंजाइश होती है। इसलिए यहॉं बच्चे के ज़िंदा रह पाने की संभावना ज़्यादा होती है। बच्चों को कुछ हफ्तों के लिए इन इकाइयों में रखा जाता है। उसके बाद वो बाहर की परिस्थितियॉं झेल पाने लायक हो जाते हैं।

आग....

रायपुर (नवप्रदेश)। राजधानी रायपुर के मौदहापारा स्थित बाबाजी कॉम्प्लेक्स में स्थित कव्हर के दूकान में अचानक आग लग गई। वही सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही है। मौदहापारा पुलिस भी मौके पर पहुंचकर आग लगने के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। फ़िलहाल आग लगने का कारण शार्ट सर्किट को माना जा रहा है।

पहल 'मोर छत मोर बिजली योजना' 'मोर बिजली एप' का लाइव डिमॉस्ट्रेशन

राज्योत्सव में पॉवर कंपनी का मंडप आकर्षण का केन्द्र

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्योत्सव स्थल साईंस कालेज मैदान में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी द्वारा स्थापित प्रदशर्नी मण्डल जनाकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। महात्मा गांधी के विचार ''उपभोक्ता हमारे परिसर का महत्वपूर्ण अतिथि है वह हम पर नहीं, हम उस पर निर्भर है''। पर केन्द्रित कंपनी ने अपनी प्रदर्शनी का मुख्य थीम 'उत्कृष्ट उपभोक्ता सेवा' रखा गया है। इसके अन्तर्गत उपभोक्ता सेवा में की गई अभूतपूर्व वृद्धि के साथ ही आरंभ की गई नई सुविधायें जैसे 'मोर बिजली एप' मिस्ड कॉल सर्विस, मोर छत-मोर बिजली, किसानों-गरीबों के हित संबंधी योजनायें, तथा विद्युत अधोसंरचना को खुबसूरती के साथ विस्तृत करने के लिये बनाई गई मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना का प्रभावी प्रदर्शन किया गया है। छत्तीसगढ़ इतिहास में पहली बार घरेलू उपभोक्ताओं के लिये आरंभ की गई हाफ रेट पर बिजली भुगतान

की योजना को मण्डप के फेसिया पर 'छत्तीसगढ़ के नवा चिन्हारी-सस्ता बिजली सब्बो दुवारी' को आकर्षक ढंग से दर्शाया गया है।

पॉवर कंपनी के मण्डप का अवलोकन करते हुये चेयरमेन श्री शुक्ला ने कहा कि राज्य सरकार की नीति के अनुरूप 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़- बिजली बरही जम्मो घर' को साकार करने के लिये मोर बिजली ऐप का शुभारंभ किया गया है। अभी इस ऐप का बिटा वर्जन जारी किया गया है जो कि टेस्टिंग स्टेज में है। शीघ्र ही इसका आई.ओ.एस. वर्जन जारी किया जायेगा। इसके अन्तर्गत उपभोक्तागण बिना बिजली आफिस जाये आन लाईन विद्युत विषयक कार्यों का निपटारा घर बैठे ही कर सकेंगे। प्रदेश के 56 लाख बिजली उपभोक्ताओं के लिये आरंभ हुये यह ऐप गुगल प्ले स्टोर पर निशुल्क उपलब्ध है जिसे मोर बिजली लिखकर सर्च करके इस्टाल किया जा सकता है। इस लाइव डिमॉस्टेशन किया जा रहा है। इस ऐप से 10 विविध जानकारियॉ सहज उपलब्ध हो जायेंगी। राज्य शासन की जनहितैषी योजना नरवा, गरवा, घुरवा, बारी में सोलर पेनल का बेहतरीन उपयोग को भी आकर्षक मॉडल के साथ प्रदर्शित किया गया है। राज्योत्सव स्थल पर नियुक्त पॉवर कंपनी के अधिकारियों द्वारा मिस्डकाल सर्विस की भी जानकारी दी जा रही है जिसमें 9999511912 में मिस्ड काल करने से बिजली बंद की शिकायत स्वतः दर्ज हो जायेगी। ऐसी सुविधा देने के मामलें में छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी पूरे देश में पहला राज्य बन गया है। प्रदेश के 19.81 लाख एकलबत्ती कनेक्शनधारी निर्धन परिवारों को 30 यूनिट बिजली प्रतिमाह मुफ्त देने के साथ ही अधिक खपत होने पर बिजली बिल हाफयोजना का लाभ दिया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा इस हेतु 585 करोड़ की सब्सिडी देय अनुमानित है। इसी तरह कृषि विकास के लिये सिंचाई पम्पों के लाईन विस्तार हेतु प्रतिपंप एक लाख का अनुदान देने के साथ ही 15000 पम्पों के उर्जीकरण का लक्ष्य रखा गया है। फ्लेट रेट योजना का लाभ लेते 2 लाख 60 हजार किसान लाभान्वित हो रहे है। इसी तरह 3 एचपी क्षमता के पंप हेतु 6 हजार यूनिट तथा 5 एचपी तक के लिये 75000 यूनिट प्रतिवर्ष मुफ्त बिजली किसानों को दी जा रही है।

बैंक ऑफ बड़ौदा में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। बैंक ऑफबडौदा, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ता ह का आयोजन 28 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक किया गया. इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय में 1 नवम्बर को सतर्कता संबंधी प्रश्नोवत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर के स्टाफ सदस्यों की प्रतिभागिता रही। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्टाय सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रंजीत कुमार मंडल, क्षेत्रीय प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक, बैंक ऑफ बडौदा, रायपुर क्षेत्र ने स्टाफ सदस्यों को, इस वर्ष सतर्कता सप्ताह के थीम- ईमानदारी- एक जीवन शैली, पर चर्चा करते हुए अपनी शाखा एवं कार्यालय में प्रत्येवक स्तर पर सतर्कता बरतने हेतु सूचित किया. इसके साथ ही रायपुर क्षेत्र में बैंक की विभिन्न शाखाओं द्वारा भी स्कूलों में प्रतियोगिताएं एवं शाखा परिसर पर ग्राहक गोष्ठियां आयोजित कर सतर्कता संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2019

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस अलंकरण समारोह

3 नवम्बर 2019

आह्वान

छत्तीसगढ़ विविधताओं से भरा समृद्ध प्रदेश है। यहां सभी क्षेत्रों में विकास की असीम संभावनाएं हैं। हमारे पूर्वजों ने राज्य के लिए जो सपने देखे थे उसे पूर्ण करने के लिए एकजुट होकर कार्य करें और देश की प्रगति में सहभागी बनें।

सुश्री अनुसुइया उइके
माननीया राज्यपाल, छत्तीसगढ़

मुख्य अतिथि
डॉ. चरणदास महंत
माननीय अध्यक्ष
छत्तीसगढ़ विधानसभा

अध्यक्ष
श्री भूपेश बघेल
माननीय मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़

विशिष्ट अतिथि
माननीय मंत्रीगण

श्री टी.एस. सिंहदेव • श्री ताम्रध्वज साहू
श्री रवीन्द्र चौबे • डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम
श्री मोहम्मद अकबर • श्री कवासी लखमा
डॉ. शिवकुमार डहरिया • श्रीमती अनिला भेंड़िया
श्री जयसिंह अग्रवाल • श्री गुरू रूद्रकुमार
श्री उमेश पटेल • श्री अमरजीत भगत

श्री धरमलाल कौशिक, मान. नेता प्रतिपक्ष
श्री सुनील सोनी, मान. सांसद, रायपुर
श्रीमती छाया वर्मा, मान. सांसद, राज्य सभा
श्रीमती शारदा देवी वर्मा, मान. जिला पंचायत अध्यक्ष
श्री प्रमोद दुबे, मान. महापौर, रायपुर

गरिमामयी उपस्थिति
माननीय सांसद एवं विधायक

सांस्कृतिक संध्या

छत्तीसगढ़ महतारी वंदना
छत्तीसगढ़ी सुगम गायन
करमा नृत्य, लोहाटी बाजा
मांदरी नृत्य, पंथी नृत्य
कठपुतली, कबीर सूफी गायन
तालकचहरी, सेक्सोफोन एवं गिटार
ढोलामारू, लोकमंच

सायं 6.30 बजे से
साइंस कॉलेज मैदान, रायपुर

आप सादर आमंत्रित हैं

नया सफर, नये लक्ष्य

छत्तीसगढ़ का 20वां स्थापना दिवस हमारी संस्कृति, हमारी पुरखौती, हमारी चिन्हारी हमारे प्रयास और उपलब्धियों के जयकारे का दिन है। राज्योत्सव से जो ऊर्जा पैदा होगी वह नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने की ऊर्जा होगी। हमने नई औद्योगिक नीति जारी कर दी है जो जीडीपी विकास से अधिक समावेशी विकास अर्थात जन-जन के विकास पर केन्द्रित है।

भूपेश बघेल
मान. मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

टीप - राज्योत्सव में प्रदर्शनी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम 5 नवंबर तक जारी रहेंगे।

स्वस्थ शरीर है सुखी जीवन का सबसे बड़ा खजाना

आधुनिक जीवन शैली की तेज रफ्तार एवं भागदौड़ भरी जिंदगी में सेहत का विषय बहुत पीछे रह गया है और नतीजा यह निकला की आज हम युवावस्था में ही ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हृदय रोग, कोलेस्ट्रोल, मोटापा, गठिया, थायरॉइड जैसे रोगों से पीड़ित होने लगे हैं जो कि पहले प्रोढ़ावस्था एवं वृद्धावस्था में होते थे और इसकी सबसे बड़ी वजह है खान पान और रहन सहन की गलत आदतें, आओ हम सेहत के इन् नियमों का पालन करके खुद भी स्वस्थ रहे तथा परिवार को भी स्वस्थ रखते हुए अन्य लोगों को भी अच्छे स्वास्थय के लिए जागरूक करें ताकि एक स्वस्थ एवं मजबूत समाज और देश का निर्माण हो,क्योंकि कहा भी गया है–पहला सुख निरोगी काया। भोजन हो संतुलित– घी,तैल से बनी चीजें जैसे पूड़ी,पराँठे,छोले भटूरे,समोसे कचौड़ी,जंक फूड,चाय,कॉफी ,कोल्ड ड्रिंक का ज्यादा सेवन सेहत के लिए घातक है इनका अधिक मात्रा में नियमित सेवन ब्लड प्रेशर ,कोलेस्ट्रोल,मधुमेह,मोटापा एवं हार्ट डिजीज का कारण बनता है तथा पेट में गैस,अल्सर,ऐसीडिटी,बार बार दस्त लगना,लीवर ख़राब होना जैसी तकलीफें होने लगती हैं इनकी बजाय खाने में हरी सब्जियां,मौसमी फल,दूध,दही,छाछ,अंकुरित अनाज और सलाद को शामिल करना चाहिए जो की विटामिन,खनिज लवण,फाइबर,एव जीवनीय तत्वों से भरपूर होते हैं और शरीर के लिए बहुत फ़ायदेमंद होते हैं।

खाली पेट नहीं खानी चाहिए ये चीजें...

हम जो भी खाते हैं उसका सीधा असर हमारी सेहत पर पड़ता है. फूड के रिएक्शन भी होते हैं. इसलिए अपने आहार में यह बात आपको अच्छी तरह पता होनी चाहिए कि कौन सी चीजें कब खानी हैं. तो चलिए आज हम आपको बताते हैं ऐसे 4 फूड जो कभी भी खाली पेट नहीं खाने चाहिए।

खट्टे फल :

खट्टे फल विटामिन सी का अच्छा स्रोत होते हैं. इनमें संतरा, मौसंबी, नींबू, कीवी जैसे फल शामिल हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि खाली पेट इन्हें लेने से यह आपको फायदे की जगह नुकसान पहुंचा सकते हैं. असल में खट्टे फल यानी साइट्रस फरूट्सऐसिडिक होते हैं।

टमाटर:

टमाटर आपकी पूरी सेहत के लिए अच्छे होते हैं. टमाटर में विटामिन और एंटीऑक्सिडेंट भरपूर मात्रा में होते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि टमाटर को खाली पेट खाना आपको फायदे के साथ ही नुकसान भी पहुंचा सकता है. असल में टमाटर के एसिडिक नेचर की वजह से यह खाली पेट खाने पर आपके पेट को नुकसान पहुंचा सकता है. खाली पेट टमाटर खाने से पेट में दर्द या अल्सर जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

कार्बोनेटेड ड्रिंक्स :

भले ही आपको कार्बोनेटेड ड्रिंक्स पसंद हों, लेकिन यह आपकी सेहत के लिए अच्छी नहीं. फिर भी अगर आप इन्हें लेते हैं, तो इस बात का ध्यान रखें कि कभी भी खाली पेट इनका सेवन न करें।

सलाद :

कहते हैं कि सलाद सेहत से भरपूर आहार है. यह आपके पाचन में मदद करता है और वजन कम करने में भी खूब मददगार होता है. सलाद फाइबर से भरपूर होता है, जोकि सेहत के लिए अच्छा माना जाता है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि खाली पेट सलाद खाने से आपको फायदे की जगह नुकसान भी हो सकता है. खाली पेट सलाद लेने से पेट में गैस, हार्टबर्न जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

एक दिन में कितना प्रोटीन लेना चाहिए ?

प्रोटीन हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी है. शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए तीन माइक्रो-न्यूट्रिएंट्स में से एक जरूरी तत्व प्रोटीन ही है. प्रोटीन के अलावा दो स्थूल पोषक तत्व हैं कार्बोहाइड्रेट और वसा. अक्सर हमारे 'फिटनेस आहार' प्रोटीन पर लोड पर जोर दिया जाता है. लोग प्रोटीन खाने पर जोर देते हैं, जोकि अच्छा भी है, लेकिन वे कहते हैं न कि अति ही चीज की बुरी होती है. ठीक इसी तरह यह भी समझने जी जरूरत है कि कितना प्रोटीन आपकी सेहत के लिए अच्छा है. जी हां, क?या आप जानते हैं हमें कितना प्रोटीन खाना चाहिए? यह जानना भी आपके लिए बहुत जरूरी है कि आप कितना प्रोटीन लें. आहार में हर चीज की मात्रा सही होनी चाहिए. आपको कितना प्रोटीन खाना है यह पूरी तरह से आपकी जरूरतों पर निर्भर करता है. क्योंकि प्रोटीन ही वज़न कम करने का काम करता है, तो प्रोटीन ही वजन बढ़ा भी सकता है. इसलिए आपनी जरूरत के अनुसार आपको यह जानने की और मापने की जरूरत है कि आपको दिन में कितना प्रोटीन लेना चाहिए. तो अगर आपके मन में भी यह सवाल है कि 'मुझे कितना प्रोटीन लेना चाहिए' तो इसका जवाब हम आपको देते हैं. हम आपको बताते हैं कि आपको एक दिन में कितना प्रोटीन लेना चाहिए. इसके साथ ही साथ आपको अपने लिए प्रोटीन युक्त आहार की लिस्ट भी आपको तैयार कर लेनी चाहिए।

. प्रोटीन का चार्ट और प्रोटीन की खुराक की सही जानकारी यहां मिलेगी. तो चलिए

सबसे खतरनाक मोटापा, तेजी से वजन घटाएं!

तेजी से वजन घटाना चाहते हैं, तो आपको वजन कम करने के लिए भोजन पर खास ध्यान देना होगा.'' यह सलाह तो आपको हर कोई देता होगा. और आप खुद भी वजन कम करने के लिए डाइट प्लान करते होंगे. लेकिन तेजी से वजन घटाने की कई सलाहों के बाद भी जब आपको यह समझ ही नहीं आता कि डाइट प्लान या डाइट चार्ट में किसी चीज को शामिल किया जाए और किसे नहीं. अगर आप इस बात को लेकर दुविधा में रहते हैं कि वजन घटाने के लिए क्या खाएं और क्या नहीं, तो इसका जवाब आज हम आपको देते हैं. सबसे पहले तो यह समझ लें कि सुबह का नाश्ता सबसे जरूरी चीज है।

वायु प्रदूषण से लड़ने का आसान तरीका

जिस हवा में हम जिंदा रहने के लिए सांस ले रहे हैं, वह प्रदूषण के खतरनाक स्तर पर पहुंच चुकी है. जिन लोगों को सांस संबंधी परेशानी नहीं है, वह भी हॉस्पिटल के चक्कर काटते दिखाई दे रहे हैं. आप कुछ पोषक तत्वों को अपने रूटीन में शामिल करके स्वस्थ रह सकते हैं. हम आपको बता रहे हैं कुछ प्राकृतिक एंटी-ऑक्सिडेंट, जो आपकी बॉडी को इस खतरनाक प्रदूषण से लड़ने में मदद करेंगे. यह प्रदूषित हवा हम सांस के साथ अंदर ले रहे हैं, उसमें ओज़ोन, नाइट्रोजन डाईऑक्साइड, बारीक कण, डीज़ल से निकले कण आदि होते हैं, जो हमारे फेफड़ों में बैठ जाते हैं. लंग्स के परत पर उपस्थित बचाने वाले एंटी-ऑक्सिडेंट इन सब से तब तक लड़ते हैं, जब तक वह ज्यादा होते हैं, इसके बाद प्रदूषित कण इम्यून पर हमला कर देते हैं और बॉडी सेल फ्री रैडिकल बनाकर इंफ्लैमेशन का कारण बनते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं, खाने से मिलने वाले एंटी-ऑक्सिडेंट जो आप खाते हैं, आपकी बॉडी को वायु प्रदूषण से होने वाले हानिकारक प्रभावों से बचाने में मदद करते हैं?

- अपने घर के खिड़की दरवाजे बंद रखें.
- संभव हो तो एक एयर प्यूरीफायर ले लें. यह घर के भीतर की हवा की गुणवत्ता को सही रखने में मददगार होता है.
- वायु प्रदूषण आपकी त्वचा को भी प्रभावित कर सकता है. इसलिए कोशिश करें कि आप पूरी बाजू के कपड़े पहनें.
- बाहर निकलते हुए चेहरे को अच्छी गुणवत्ता के मास्क से ढकें.

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

खामोशी मेरी कहती

खामोशी मेरी कहती रही,सुन कर भी वो अंजान रहा वक्त ही बताता है कौन कितना अपना और पराया रहा वो दूर से सब्जबाग दिखता रहा सामने देख अनदेखा कर अपने गुरुर में,अपना कह गैरो की कतार में खड़ा कर दिया।

– ऋतु दुबे

ये कैसी कशमकश

ये कैसी कशमकश है ज़िंदगी में किसी को ढूंढते फिर रहे हैं हम किसी में शायद जो खो गया है मिल कर ज़िंदगी में है नाम उसका शायरी के एक एक लफ़्ज़ में निकल आते हैं आँसू हँसते - हँसते, ये किस ग़म की कसक है हर ख़ुशी में !!

नीलीमा श्रीवास्तव

खास पाती

झूठ बिक रहा है बेखौफ

झूठ बिक रहा है बेखौफ़ मेरे घर और आप के घर भी कर लिया है ये बसर .... यकीन न आए तो एक बटन दबाइए झूठ और लूट का हर पैगाम देखिए .... कालों को बना दे कुछ दिनों में ये गोरे रोग से तड़पतों को फौरन ही राहत दे .... सर पर नहीं हो बाल तो न मुँह छुपाइए फौरन उगाए बाल वही तेल लगाइए .... उम्र हो गई तो क्या सब भूल जाइए चर्बी का क्रीम लेप कर झुर्रियां भगाइए .... चेहरा हुआ बदरंग तो न हार मानिए कैमिकल युक्त सोप से फिर से निखारिए .... कमजोर हो गए हैं तो कोई नहीं है गम कैपसूल खाइए वजन बढ़ाइए .... बढ़ जाए जो वजन जरूरत से भी ज्यादा दो घूँट दवा गटक के चर्बी गलाइए .... देखते रहिए ओर मुस्कुराइए टीवी के हर एक ऐड का फायदा उठाइए .... बे रोक टोक चल रहा ये झूठ का धंधा बंदूक उनके हाथ है और आप का कंधा .... जयकार है इस झूठ की ठगे गए सभी लूट कर के ले गए विज्ञापन के व्यापारी।

– मितू घोष

सूरज कब का ढल चुका था साइकिल के कैरियर पर बैठी थी

सूरज कब का ढल चुका था साइकिल के कैरियर पर बैठी थी रौशनी फ्रैम में पैरों की कैंची और हाथों में थी सीट. उस तीखे चढ़ाव में पैडलों पर जोर आजमाती हैंडल पर झुकी हुई हांफ रही थी शाम . निःशब्द था समय मुरम की सड़क पर टायर वायलिन बजा रहे थे सांसें गा रहीं थीं .

– केवल कृष्ण

धुंआ ही धुंआ .. ये कैसी दिल्ली

धुंआ ही धुंआ .. ये कैसी दिल्ली माना .. कुछ धीमी थी.. रफ्तार . उस ज़माने की.. आकाश तो नीला था... हवा तो शुद्ध थी.. हाई-टेक का दौर आया.. विकास की.. आँधी बही.. जिसमें घुलकर.. धुंधला !!! वो अंबर.. हो चला.. संग.. सांसे भी मोहताज़ हो चलीं ..

– मोनिका अस्थाना

कुछ न पा सके तो क्या गम है

कुछ न पा सके तो क्या गम है। कृष्ण को पाया है ये क्या कम है। जी थोड़ी सी जगह मिली है चरणों में ओ क्या किसी जन्नत से कम है।

– श्री मंजू

छली जाती रही है ये जिन्दगी

छली जाती रही है ये जिन्दगी! जी-भर तुम भी छल जाओ! है गुजारिश आ जाओ ना बहो सैलाब की तरह, ! किनारा दूसरा तुम बन जाओ! है गुजारिश की आ जाओ-

– पंकज मिश्र

बहुत बहाए थे आंसू कि पलको पर बांध बनाया है

बहुत बहाए थे आंसू कि पलको पर बांध बनाया है दिल न बहके हमने दिल को खूब समझाया है। मत समझना कि सागर सूख गया अब है सर्दियों का मौसम मानसून रुठ गया। आएगा फिर लौट कर जरा थकने दो धरती को भी अब कुछ तपने दो।

– नवीन शंकर शर्मा

लघु कथा

सपने में देखा

उस रात सपने में मैं स्वर्ग के फाटक पर खड़ा था. तभी एक धर्माचार्य आया और स्वर्ग के द्वाररक्षक फरिश्ते से बोला- 'मुझे स्वर्ग में प्रवेश मिलना चाहिए. मैं दिन-रात धर्मग्रंथों का स्वाध्याय करता रहा हूं.' उसे उत्तर मिला- 'ठहरो, हम पहले इसकी जांच करेंगे कि तुमने धर्मप्रेम के कारण स्वाध्याय किया, या केवल इसलिए कि वह तुम्हारा पेशा था.' फिर आया एक कर्मकांडी, बोला- 'मैंने बहुत व्रत किये हैं.' उत्तर मिला- 'ठहरो, पहले हम इसकी जांच करेंगे कि तुमने व्रत किस नीयत से किये थे.' अंत में आया एक भटियारा. बोला- 'महाराज, जो कोई गरीब थकाहारा राहगीर आता था, उसे मैं सराय में मुफ्त में ठहरा लेता था, दो रोटियां भी दे देता था.' फरिश्ता चुपचाप उठा और उसने स्वर्ग के फाटक भटियारे के लिए खोल दिये।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1493- क्रिस्टोफर कोलंबस ने डोमिनिका द्वीप की खोज की। 1655- इंग्लैंड और फ्रांस के बीच सैन्य और आर्थिक समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। 1688- राजा सवाई जयसिंह का जन्म। 1762- ब्रिटेन और स्पेन के बीच पेरिस की संधि हुई। 1796- जॉन एडम्स अमेरिका के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए। 1903- पनामा को कोलंबिया से आजादी मिली। 1906- प्रसिद्ध अभिनेता पृथ्वीराज कपूर का जन्म। 1933- नोबेल पुरस्कार विजेता एवं प्रसिद्ध अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन का जन्म। 1937- हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध संगीतकार लक्ष्मीकांत का जन्म। 1947- परमवीर चक्र पाने वाले पहले भारतीय शहीद सोमनाथ शर्मा का निधन। 1948- भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपना पहला भाषण दिया।

सभी अस्पतालों के मेडिसीन विभाग ओपीडी में लंबी कतार

मौसम ने बदला मिजाज़, खांसी की गिरफ्त में बुजुर्ग, नौनिहाल

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। मौसम परीवर्तन के चलते इस साल बीमारी ने घर-घर दस्तक दी है। हर घर में कोई ना कोई शख्स खासी की चपेट में है। अस्पतालों की मेडिसीन ओपीडी में लंबी कतारें लगी है 100 में 35 यानी तीसरा मरीज खांसते-खांसते अस्पताल पहुंच रहा है। डॉक्टर्स भी इस बार चकित है,क्योकि जो वायरस 5-7 दिन में खत्म हो जाता था, वह 20 से 25 दिनों तक इंसान को झकझोर रहा है। यह एक प्रकार का अलर्ट भी है, क्योकि इसकी रोकथाम सिर्फ बचाव से काफी हद तक संभव है। डॉक्टर्स की मोनें तो दिन में बदली और रुक रुक के बारिश होने से मौसम में लगातार हो रही बदलाव खासी के वायरस को शक्तिशाली बना रहा है। जब तक मौसम समान्य नहीं होती, तब तक यह वायरस जाने वाला नहीं है। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और मध्यभारत में कहीं भी वायरस टेस्टिंग लेबोरेट्री नहीं है। इसलिए डॉक्टर्स सिर्फलक्षण, अनुभव और सामान्य जांचो के आधार पर ही दवाइयां लिख रहें है। डॉक्टर्स एंटीबायोटिक का इस्तेमाल कर रहें है, लेकिन हर मरीज में नहीं सिम्स के अधिक्षक और टीवी एंड चेस्ट स्पेशलिस्ट पुनित भारद्वाज की मानें तो वायरस में म्यूटेशन फ्लिहाल दिखई नहीं दे रहा है। इस पर जांच होनी चाहिए, ऐसा डॉक्टर्स का मानना है। इनका कहना है कि इससे इलाज में मदद मिलेगी, सिम्स के ओपीडी में खासी के मरीज इन दिनों बडी संख्या में पहुंच रहें है जिसके चलते दो बजे के बाद भी डॉक्टर्स यहां मरीजों का इलाज कर रहें है।

म्यूटेशन तो फिलहाल नहीं है, लेकिन यह सच है कि इस बार खांसी ने लोगो को हलाकान कर रखा है। मेरी ओपीडी में खांसी से एक- दो मरीज ही आते थे अब 25 से 30 मरीज आ रहें है। खांसी किसी प्रकार की ही क्यो न हो नजरअंदाज कतई न करें। डॉक्टर्स को दिखाए, संपूर्ण जांच करावाएं।

-डॉ पंकज टेम्भूर्निकर मेडिसीन विशेषज्ञ सिम्स

जिन्हें खासी आ रही है,वे दूसरों के लिए बरतें सावधानी

अगर आप खांसी से लंबे समय से पीडित है तो मास्क का इस्तेमाल करें। घर पर है तब भी,भीड-भाड वाले इलाकों में जा रहें है तो मास्क लगाएं। मुंह में कपड़ा, रुमाल, हाथ रखकर खासे। ऐसा करने से आप दूसरों में वायरस के खतरे को कम कर सकते है, इसलिए सावधानी बरते। क्योकि यह वायरस हवा के जरिए एक से दूसरे, दूसरे से तीसरे व्यकित में जाता है।

क्या है वायरस

यह वायरस सामान्य है, जो हर साल सितंबर- अक्टूबर में हमला करता है, लेकिन इस बार इसका असर ज्यादा है। वायरस का असर अमूमन हफ्ते भर में खत्म हो जाता है, लेकिन हफ्ते भर नहीं बल्कि 2 से 25 कई केसेस में महीने भर भी लग रहें है।

लक्षण

अगर आपको खांसी है, सफेद कफ आ रहा है। तो यह वायरस ही है। जनरल फिजिशियन को दिखांए लिखी गई दवाएं समय पर ले।

क्या है बैक्टीरिया

वायरस तब बैक्टेरियल हो जाता है। जब आपको सफेद की जगह पीली कफ आए। तत्काल डॉक्टर को दिखाएं, इसमें एंटीबायोटिक लेने की आवश्यकता है। इसे कतई टीबी न समझे। ये टीबी के लक्षण नहीं होते है।

लक्षण

इसमें कफ पीली निकलेगा, बुखार आएगी, सिरदर्द हो सकता है और थकान महसूस होगी। एंटीबायोटिक से ही इलाज संभव होता है।

घरेलू उपचार पर भी दे ध्यान

डॉक्टर्स की माने तो एलोपैथी के साथ-साथ कुछ घरेलू उपचार भी करते जाएं। जैसे हल्दी वाला दूध, तुलसी की पत्ती की चाय, काढ़ा, अदरक का रस। ये सभी कफको खत्म करते है।

आय में गिरावट से परेशान रेलवे बोर्ड ने बड़े पैमाने पर शुरू की खर्चों में कटौती

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । यात्री और माल परिवहन में कमी और आय में गिरावट से परेशान रेलवे बोर्ड ने बड़े पैमाने पर खर्चों में कटौती का अभियान छेड़ा है। आमदनी बढ़ाने के लिए माल भाड़े व यात्री किराये में छूट की स्कीमें लागू करने के बाद अब अनावश्यक पदों को खत्म करने और गैर जरूरी खर्च में कटौती के प्रयास किए जा रहे हैं।

इस संबंध में रेलवे बोर्ड की ओर से सभी महाप्रबंधकों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश जारी किए गए हैं कि वे अपने-अपने जोन , इकाइयों में खर्चो में कटौती के लिए अभियान चलाएं। रेलवे बोर्ड की ओर से बाकायदा लक्ष्य दिए गए हैं। इनमें दुबारा सेवा में लिए गए सेवानिवृत्त कर्मचारियों को हटाना, समीक्षा कर फालतू अनुबंधों एवं खरीदारियों पर अंकुश लगाना, बिना टिकट यात्रा करने वालों के विरुद्ध अभियान छेड़ना, समस्त कैटरिंग कर्मियों को पीओएस मशीने उपलब्ध कराना, बिना बिल के भुगतान पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना, स्टोर के सभी समाग्रियों की समीक्षा करना, सभी डिपो का ऑडिट तथा ईधन के उपयोग में कमी लाना शामिल है। जोन और डिवीजनों से कहा गया है कि वे अपने सभी खर्चो का नए सिरे से आकलन करें और गैरजरूरी खर्चो को काटने के बाद ही उन्हें बोर्ड भेजें।

यात्री और माल परिवहन में गिरावट का अंदाजा रेलवे को पहली तिमाही में ही हो गया था। जिसे थामने के लिए रेलवे बोर्ड ने सितंबर में ग्राहकों के लिए कुछ रियायतों का एलान किया था। इसके तहत माल ढुलाई पर बिजी सीजन सरचार्ज समाप्त कर दिया गया था। जबकि एसी चेयरकार तथा एक्जीक्यूटिव क्लास सिटिंग वाली ट्रेनों में खाली सीटें भरने के लिए किराये में 25 प्रतिशत छूट दे दी गई थी। लेकिन दूसरी तीन माह के आंकड़ों पर इसका कोई खास असर नहीं दिखाई देने से खर्चो में कटौती के अलावा रेलवे के सामने और कोई रास्ता नहीं बचा है।

चालू वित्तीय वर्ष की जुलाई-सितंबर में रेलवे को यात्री और माल आय के दोनो मोर्चो में गिरावट का सामना करना पड़ा है। इस दौरान जहां यात्री आय 155 करोड़ रुपये कम हुई, वहीं माल ढुलाई से होने वाली आय में 3901 करोड़ रुपये की कमी देखने में आई है।

कोटा क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटानाएं

बिलासपुर । कोटा क्षेत्र में चोरी, उठाईगीरी मामले कम होने का नाम नही ले रहे है क्षेत्र सहित बाहरी असमाजिक तत्वों ने कोटा में आतंक मचा रखा है। जिससे आये दिन चोरी की घटनाएं निरन्तर हो रही है । मिली जानकारी के अनुसार कल रात फिरंगीपारा के एक मकान का ताला तोड़ कर चोरों ने सोने चांदी के जेवरात सहित नगद माल पार कर दिया। इस घटना की जानकारी मकान मालिक के घर पहुँचा के बाद हुआ जिसके बाद उसने घटना की जानकारी पुलिस को दी, सुचना मिलने बाद मौके पर पहुंच विवेचना की और मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों खिलाफ मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। कोटा पुलिस के पिछले तीन चार माह के ढीले रवैये से चोरों के हौसले बुलंद हो चुके है पुलिस का खौ़फ़ नही है । बीते महिने की बात करे तो कोटा क्षेत्र में चोरी और उठाईगीरी की कई मामले सामने आय है जिन्हें कोटा पुलिस सुलझाने में नाकाम रही है और नतीजतन अभी भी कई मामले पेंडिंग पड़े है। यहां तक कि चोरी के संदेह में पकड़े गए दो आरोपी कोटा थाना के लाकअप से पुलिस को चकमा देकर फऱार हो गए जिन्हें कोटा पुलिस अभी तक गिरफ्तार नही कर पाई है।

एसआई के मकान में चोरों का धावा लाखों का माल ले उड़े चोर

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । जांजगीर की पूर्व सांसद व भाजपा नेत्री कमला देवी पाटले के बेटे सब इंस्पेक्टर के सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने हीरे , सोने के जेवरात सहित नगद लाखों का माल पार कर दिया पुलिस अपराध दर्ज कर जांच कर रही है।

शहर में लागातार बढ़ती हुई चोरी की घटनाओं को रोकने पुलिस कई हथकंडे अपना रही है मगर अपराधियों पर मानों लगाम कसना पुलिस के लिए चुनोती बन गया है यही वजह है कि अब चोर पुलिस वालों के घर को नही बख्श रहे हैं। जहां पुलिस के ही मकान चोरों से सुरक्षित नही है तो आम नागरिकों के मकान का आलम क्या होगा। मिली जानकारी के अनुसार घटना सरकंडा थाना क्षेत्र की है। यहां पटवारी प्रशिक्षण केंद्र के पीछे चंद्रकांता कॉलोनी में

एसआई अमित पाटले का मकान है उनके पड़ोस में ही उनकी बहन चांदनी भारद्वाज पति चंद्रशेखर भारद्वाज 34 का भी मकान है। जिनके मकान मंव मरम्मत कार्य होने के चलते वह अपने एसआई भाई अमित पाटले के साथ रहती थीं। लेकिन 23 अक्टूबर से बाहर गए हुए थे कल वापस घर आने पर मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था वहीं अंदर कमरों में सामान बिखरे पड़े थे। आलमारी की तलाशी लेने पर पता चला कि सोने-चांदी के जेवर, डायमंड रिंग, सिक्के व नकदी गायब हैं। जिसकी सूचना तत्काल सरकंडा थाने में दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। वहीं आसपास के संदेहियों की जानकारी जुटाकर मामले की जांच की जा रही है।

युवा उत्सव में विभिन्न विधाओं के परिणाम घोषित

- **विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया गया सम्मानित**

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर। एक नवंबर शुक्रवार को विकास खंड मुख्यालय बम्हनीडीह में आयोजित युवा उत्सव में नृत्य, गायन, वादन सहित 18 विभिन्न विधाओं में संपन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विधा और वार विजेता प्रतिभागियों के नाम इस प्रकार है लोकनृत्य - प्रथम - मधु वैष्णव,द्वीतीय कविताऔर तीसरा स्थान शशिकला को प्राप्त हुआ। लोकगीत में पहला पूर्णिमा दूसरा अमन ठाकुर और तीसरा स्थान दीपक को मिला। तबला वादन में पहला दीपक कंवर, दूसरा विवेक वैष्णव और तीसरा स्थान, सूर्यकांत पटेल को हासिल हुआ।इसी प्रकार शास्त्रीय गायन में पहला संजू तिवारी, दूसरा पूर्णिमा साहू , कत्थक नृत्य मेघा यादव और जिया यादव ने क्रमशः पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया। हारमोनियम पवन चंद्रा और श्याम यादव, एकाकी नाटक में ज्ञान शारदा स्कूल बाराद्वार, चित्रकला मेघा कंवर, रेवन सिंह,भावना कंवर,फूड फेस्टिवल में सरस्वती देवांगन,मिथलेश्वरी यादव और शिवकुमार देवांगन ने क्रमशः पहला दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।

काली पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा जिला महामंत्री अमर सुल्तानिया

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर। ग्राम पोड़ी राछा में लगातार द्वितीय वर्ष मां काली की प्रतिमा स्थापित कर पूजा पाठ किया गया एवं जसगीत का कार्यक्रम प्रतिदिन रखा गया जिसमें जसगीत के फाईनल के दिन मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री अमर सुल्तानिया उपस्थित हुए उन्होने मां काली की पूजा कर गांव की सुख समृद्धि की कामना की एवं गांव के सभी समिति के सदस्यों को बधाई दी, एवं बाहर से आये जसगीत प्रतियोगी को बधाई दी एवं उनके कार्यक्रम की प्रषंसा की एवं कहा कि इस तरह के आयोजनों से गांव के बच्चों में अच्छे संस्कार एवं धार्मिकता का प्रभाव पड़ता है, एवं बच्चे संस्कारी बनते है, गांव में अच्छा वातावरण निर्मित होता है, एवं सभी में एकजूट और

एकता का भाव दिखाई देता है।

मालखरौदा में 5 को होगा युवा महोत्सव

जांजगीर-चांपा। जिले में कलेक्टर श्री जनक प्रसाद पाठक के मार्गदर्शन में युवा उत्सव का सफलता पूर्वक आयोजन किया जा रहा है। जिले के विकास खंड मालखरौदा में 5 नवंबर और अकलतरा,सक्ती,डभरा तथा जैजैपुर विकास खंड मुख्यालय में खंड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 7 नवंबर को किया जा रहा है। वहीं जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 23 और 24 नवंबर को जिला मुख्यालय जांजगीर में किया जाएगा। विकासखण्ड पामगढ़, बलौदा, बम्हनीडीह और नवागढ़ में एक नवंबर को खंड स्तरीय युवा उत्सव का सफल आयोजन किया जा चुका है। 5 और 7 नवंबर को आयोजित होने वाले युवा उत्सव में भाग लेने के इच्छुक कलाकार गायन, नृत्य, वादन, एकाकी नाटक, तात्कालिक भाषण, वाद-विवाद प्रतियोगिता सहित 18 विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय और खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में राष्ट्रीय एकता दिवस पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात भी पूरे भारत वर्ष के एकीकरण लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल कों योगदान अतुलनीय है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् एक नये राष्ट्र का जन्म हुआ था जिसे अपनी एकता की सुरक्षा की चुनौती को अद्भुत कौशल के साथ, सरदार वल्लभभाई पटेल ने पूरे दृढ़ निश्चय के साथ क्रियान्वित किया एवं एकीकृत भारत के नव निर्माता बनें। उनके दृढ़ निश्चय एवं दूरदर्शिता के कारण ही भारत में रियासतों के विलय को मूर्त रुप दिया जा सका। भारतीय इतिहास में महत्वपूर्ण समय पर सरदार पटेल की भूमिका एवं योगदान को प्रदर्शित करने हेतु आज दिनांक 31 अक्टूबर, 2019 को सरदार पटेल की जयंती के रुप में उनकी बहुमुल्य विरासत को सहेजने हेतु पूरे किये गये कार्य की याद में इस दिन को देश ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में आज दिनांक 31 अक्टूबर, 2019 को नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट ग्राउंड में रेल सुरक्षा बल के द्वारा विशेष परेड का आयोजन किया गया, जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री गौतम बनर्जी के द्वारा रेल सुरक्षा बल के जवानों, सिविल डिफेन्स, स्काउट एवं गाईड के द्वारा तैयार किये गये आकर्षक परेड का निरीक्षण किया गया। इस

अवसर पर मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री आर. एस. चैहान ने अपने संक्षिप्त संबोधन में सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन परिचय एवं उनके योदान पर प्रकाश डाला एवं इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारियों एवं जवानों को अपनी हार्दिक बधाई दी और कहा कि इस राष्ट्रीय एकता दिवस पर, हम सभी अपने देश की एकता एवं अखण्डता के लिए वचनबद्ध रहें। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री गौतम बनर्जी, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के अवसर पर अपने भाषण में कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस को हम प्रतिवर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते है एवं उनके साहस, दृढ़विश्वास एवं निर्णय लेने की क्षमता के कारण ही इतनी बड़ी संख्या में राज्यों का एकीकरण हो सका और हमारे अखंड भारत का निर्माण हो सका ।

धरना | **धरना आंदोलन में जिला साहू समाज बिलासपुर के सदस्य धरने पर बैठे**

हवाई सुविधा संघर्ष समिति का अखंड धरना सर्वदलीय आंदोलन आठवें दिन भी जारी

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का अखंड धरना सर्वदलीय आंदोलन लगातार आठवें दिन जारी रहा उक्त । नगर की सामाजिक संस्थाओं में बहुत जोर-शोर से इस आंदोलन का समर्थन कर रहे है। यह आंदोलन बिलासपुर को दिल्ली, बंबई जैसे महानगरों से सीधी हवाई सुविधा के लिए किया जा रहा हैं और इस मांग की पूर्ति के बगैर इसे बंद नहीं किया जायेगा। धरना आंदोलन में जिला साहू समाज बिलासपुर के सदस्य धरने पर बैठे। साथ ही समाज के विभिन्न प्रतिष्ठितजन ने भी धरना स्थल आकर आंदोलन के प्रति समर्थन व्यक्त करते हुये धरने में भागीदारी की। साहू समाज के सदस्यों ने प्रमुख रूप से यह बात कही कि यह बिलासपुर का इतिहास है कि यहां

बिना जनसंघर्ष किये कभी भी कोई भी मांग पूरी नही हुई। अतः हवाई सुविधा के लिए भी इस जन संघर्ष में हमारा समाज पूरे जिले में इस जन आंदोलन के साथ हैं।

अधिवक्ता लव-कुश साहू ने बिलासपुर एयरपोर्ट की मांग को जोर शोर से उठाते हुये कहा कि छत्तीसगढ में राजस्व देने के मामले में हम रायपुर से पीछे नही है और यहां भी रायपुर की तरह सर्वसुविधायुक्त एयरपोर्ट बनाया जाना चाहिए। इसी कडी में पी.डब्लयू.डी. कर्मचारी संघ के एस.पी.पाटनवार ने अपनी बात कहते हुये मांग की कि वर्तमान में बिलासपुर एयरपोर्ट जिस हालत में है, उसके अधूरे कार्यो को पूर्ण कर तुरंत ही महानगरों से हवाई सेवा प्रारंभ की जानी चाहिए। जिला साहू संघ के अध्यक्ष तिलक राम साहू ने वक्तव्य देते हुये कहा कि हम पिछले कई सालों से हवाई सुविधा अब प्रारंभ होगी तब प्रारंभ होगी सुनते आ रहे है, लेकिन इस पर कोई ठोस पहल नहीं हो रही है। इसलिए इस जन आंदोलन का विस्तार किया जाना चाहिए। शिक्षा विद् डॉ0 तरू तिवारी ने कहा कि बिलासपुर में केन्द्रीय विश्वविद्यालय है, अमरकंटक में राष्ट्रीय आदिवासी विश्वविद्यालय है, यहां बहुत से बडे कार्यक्रमों में विख्यात लोगों को बिलासपुर एयरपोर्ट होने पर आसानी से बुलाया जा सकेगा। धरने को संबोधित करते हुये कोटा विधानसभा से चुनाव लड़ चुके काशीराम साहू ने पूरे कोटा क्षेत्र से समर्थन व्यक्त किया। डॉ.के.के.साव, प्रेम कुमार साहू, एवं पवन साहू ने भी अपने विचार रखें। बिल्डर और साहू समाज के प्रमुख सदस्य बृजेश साहू ने 1500 मीटर लंबे बिलासपुर एयरपोर्ट के रनवे को तत्काल 78 सीटर विमान उपयुक्त बताते हुये इसके 2500 मीटर तक विस्तार को भी तुरन्त मंजूर करने की बात कही। उनके अनुसार न केवल राज्य सरकार, केन्द्र सरकार बिलासपुर एयरपोर्ट के लिए आवश्यक धन राशि उपलब्ध करा सकते है बल्कि एस.ई.सी.एल. और एन.टी.पी.सी. जैसे सार्वजनिक संस्थान भी इसके लिए सी.एस.आर. मद से आवश्यक राशि उपलब्ध करा सकते है। जिला साहू समाज बिलासपुर के प्रतिनिधि मण्डल में आज मोनू साहू, विजय साहू, सुरेन्द्र साहू,जय साहू, अमन साहू, विक्की साहू, हरिशंकर साहू, भुवनेश्वर साहू, बिसाहू साहू, अमन कुमार साहू, संजीव साहू, संतोष साहू, प्रेम प्रकाश साहू, डॉ. संतोष साहू, आदित्य साहू, महेन्द्र साहू, सुरेश साहू, शिव कुमार साहू-मोपका, विद्यानंद साहू-तखतपुर आदि भी साथ थे। इनके अलावा धरना आंदोलन में देवेन्द्र सिह, अभिषेक सिंह, बद्री यादव, कमल सिंह ठाकुर, आकाश सोनी, संजय पिल्ले, समीर अहमद, दिव्य प्रकाश दुबे, संजय कुमार सुर्यवंशी, विष्णु रजक, विकास दुबे, मोहन गोले, सूर्यकान्त कोशले, निरंजन कश्यप अजय यादव, चित्रकान्त श्रीवास-सीपत, नितित घई, नवीन कलवानी, चंद्र प्रदीप वाजपेयी, रघुराज सिंह, राजा अवस्थी, गोपाल दुबे, इमरान हुसैन, केशव गोरख, दिनेश निर्मलकर, अमित नागदेव, शिव शर्मा, चित्रपाल सिंह, नरेश कुमार, आदि लोगो ने अपना समर्थन दिया।

न्यूज गैलरी

युवक ने अधेड़ से की मारपीट, मामला दर्ज

राजनांदगांव। खैरागढ़ ब्लॉक के ग्राम मड़ौदा निवासी एक युवक ने गांव के ही एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति से गाली-गलौच व मारपीट की जिसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। जानकारी अनुसार ग्राम मड़ौदा निवासी प्रार्थी मोहन पिता जगदीश उम्र 49 साल ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुये बताया कि गांव के ही आरोपी तिलक पिता पुरजन साहू उम्र 23 साल ने उसे बेवजह गंदी-गंदी गालियां देते हुये मारपीट की है जिसके बाद पुलिस ने आरोपी तिलक साहू के खिलाफ धारा 294, 323 व 506 के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया है।

तीन सवारी नाबालिग बाईक से टकराये, घायल

राजनांदगांव। नाबालिग बच्चों द्वारा तेज गति से वाहन चलाना इन दिनों शगल हो गया है और इसी के चलते आये दिन नाबालिग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। जानकारी अनुसार ग्राम भीमपुरी निवासी यादराम पिता जागेश्वर उम्र 17 साल, लेकेश्वर पिता पवन वर्मा 17 साल व रमेश पिता रामलाल वर्मा 17 साल मोटर सायकल में सवार होकर ग्राम रगरा में आयोजित नाचा देखने जा रहे थे तभी शाम तकरीबन 7 बजे तीनों नाबालिग कुसमी मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात मोटर सायकल सवार से जा टकराया। दूसरा मोटर सायकल सवार वहां से फरार हो गया, लेकिन तीनों नाबालिगों को सिर, हाथ व पैर में गंभीर चोट आयी है जिन्हें 112 वाहन की सहायता से सिविल अस्पताल लाया गया है, जहां घायल नाबालिगों का उपचार चल रहा है।

कार की ठोकर से युवक घायल

राजनांदगांव। तेज रफ्तार कार की ठोकर से युवक घायल हो गया। जानकारी अनुसार खैरागढ़ ब्लॉक के ग्राम दिलीपपुर निवासी रोहित वर्मा ने थाने में शिकायत की है कि वह 27 अक्टूबर को अपने मित्र तेजेश्वर के साथ निजी काम से ईतवारी बाजार खैरागढ़ गया था। ईतवारी बाजार में दोनों रोड किनारे खड़े थे इसी दरमियान धरमपुरा की ओर जा रहे एक कार चालक ने अपनी कार क्र. एमएच 49 बी 9079 को तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक चलाते हुये तेजेश्वर को ठोकर मार दी और फरार हो गया। घटना में तेजेश्वर के हाथ, पैर सहित अन्य जगहों पर गंभीर चोटे आयी है। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ आईपीसी की धारा 279, 337 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

नेशलन ट्रायबल डांस फेस्टिवल 2019 के लिए पंजीयन प्रारंभ

गरियाबंद। नेशनल ट्रायबल डांस फेस्टिवल 2019 के अंतर्गत 15 नवम्बर तक विकासखण्ड स्तर पर, 16 नवम्बर से 30 नवम्बर तक जिला स्तर पर, 01 दिसम्बर से 10 दिसम्बर से संभाग स्तर पर एवं 10 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक राज्य स्तर पर आदिवासी लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

सर्व समाज मांगलिक भवन निर्माण भूमि पूजन

लवन। नगर के वार्ड क्र.13 में 76.50 लाख रुपये की लागत से सर्व समाज मांगलिक भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को रखा गया था। उक्त कार्य का निर्माण मेंसर्स इंडियन इंफ्राबिल्ड कोरबा द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष डेरहा डहरिया, पार्षद श्रीमती लक्ष्मी पुरातन यदु, श्रीमती शांति बाई कुर्रे, सुरेंद्र बघेल ,अजय ताम्रकार ,श्रीमती रेखा दुर्गेश बाजपेई ,विक्रम बारवे, चमन साहू ,ओम प्रकाश साहू, अयोध्या जायसवाल, आदि उपस्थित रहे।

खटियापाटी में आयोजित सुआ नृत्य में कुसमूंद की टीम ने मारी बाजी

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। ग्राम खटियापाटी में आयोजित जय महामाया सुवा समिति के तत्वाधान में सुआ नृत्य का आयोजन विगत दिनों किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनजय साहू जिलाध्यक्ष साहू रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिला महामंत्री अनुराग पाण्डेय ने किया। अध्यक्षता कर रहे अनुराग पाण्डेय ने कहा कि ग्राम खटियापाटी में भगवान के आर्शिवाद से यहां जो आयोजन हो

रहे है वह काफी प्रशंसनीय और सराहनीय कदम है। लोक संस्कृति से जुड़े हुए इस तरह के प्रत्येक आयोजन लोगों में अपने संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने का एक बड़ा और सफल प्रयास है। जिससे कलाकार सहित सभी लोगों को सम्मान मिलता है और इस तरह से हमारे लोक कला संगीत सुआ नृत्य छत्तीसगढ़ में और आगे बढ़े। लवन पार्षद अजय ताम्रकार ने कहा कि खटियापाटी में आयोति इस आयोजन से पूरे गांव का माहौल त्यौहार जैसा हो गया है। इस आयोजन से हमें यह शिक्षा मिलती है कि अपने कला संस्कृति के क्षेत्र में बहुत कुछ अच्छा करने और सिखने का मौका मिल जाता है। इस प्रकार के आयोजन होते रहने से प्रतिभागियों को अपनी छुपे हुए प्रतिभा को दिखाने का मौका मिलता है। प्रतियोगिता को प्रतियोगिता में उपस्थित अन्य अतिथियों ने भी सम्बोधित किया।

राजनांदगांव (नवप्रदेश)। दीपावली के पावन पर्व पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर वरिष्ठ कांग्रेसी एवं पूर्व सांसद श्रीमती करूणा शुक्ला, श्रीकिशन खंडेलवाल, शहर कांग्रेस कमेटी के सचिव विकास अग्रवाल एवं शहर कांग्रेस कमेटी के सचिव शरद खंडेलवाल ने पर्व की शुभकामनाएं दी। उक्त अवसर पर मुख्यमंत्री श्री बघेल से नगरीय निकाय चुनाव के संबंध में भी कांग्रेसी नेताओं ने चर्चा कर दिशा निर्देश प्राप्त किया।

लायंस क्लब ने निःशुल्क बांटे थैले

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। लायंस क्लब ने 31 अक्टूबर की शाम को राजमहल चैक में स्वच्छता, प्लास्टिक मुक्त भारत और पर्यावरण संरक्षण का संदेश छपे निःशुल्क 500 थैलों का वितरण किया। लायन सदस्यों ने नागरिकों से अपील कि वे देश को प्लास्टिक मुक्त करने और नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें और बाजार जाते वक्त थैला लेकर घर से निकलें। लायन सचिव डीके श्रीवास्तव ने बताया कि ऐसे निःशुल्क थैलों का वितरण 2 अक्टूबर गाँधी जयंती से हर हफ्ते किया जा रहा है तथा नगर के अलग-अलग स्थानों में नागरिकों को दो हजार से ज्यादा थैले बांटे जा चुके हैं। इन थैलों पर पर्यावरण संरक्षण, यातायात सुरक्षा,स्वच्छता, मधुमेह और नेत्र सुरक्षा का संदेश छापा गया है। इस अवसर पर इस मोहल्ले के कई नागरिकों के साथ साथ लायन प्रेमचंद श्रीश्रीमाल, नीरज मंजीत छाबड़ा, डीके श्रीवास्तव, रामेश्वर गुप्ता, नेमीचंद श्रीश्रीमाल, राजेन्द्र बोथरा, धनसुख पटेल, अशोक सिंह, रामसिंह ठाकुर, आनंदप्रकाश दानी, मनोज कुमार ठाकुर, प्रभुसिंह राजपुरोहित, आकाश आहूजा, नवीन जैन, जयदेव अग्रवाल, सूर्यकांत बिंदल, पीयूष बोथरा सहित अनेक लायन सदस्य उपस्थित थे।

गुस्साई पत्नी ने किया थायराईड की गोलियों का सेवन

राजनांदगांव। खैरागढ़ ब्लॉक के ग्राम चंदेनी निवासी एक ग्रामीण की गुस्साई पत्नी ने थायराईड की गोलियों का अधिक मात्रा में सेवन कर लिया और गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल रिफर किया गया। जानकारी अनुसार ग्राम चंदैनी निवासी रूखमणी वर्मा पति कामता वर्मा उम्र 35 साल ने बुधवार 30 अक्टूबर की दोपहर तकरीबन 12.30 बजे अचानक थायराईड की आधा सीसी गोली का सेवन कर लिया और कुछ देर बाद उसकी हालत बहुत ज्यादा बिगड़ गई जिसके बाद रूखमणी वर्मा को बेहोशी की हालत में उसका देवर जय वर्मा निजी वाहन से लेकर दोपहर तकरीबन 1.30 बजे सिविल अस्पताल खैरागढ़ पहुंचा, जहां अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक एमडी डॉ. चंदशेखर धृतलहरे ने उसका फौरन प्राथमिक उपचार किया पर उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुये उसे तकरीबन 2.30 बजे उच्च उपचार के लिये 108 की सहायता से जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है।

पहाड़ी ग्राम में शिक्षक राकेश सोनी ने किया स्वच्छता अभियान पर संगोष्ठी

नवप्रदेश संवाददाता

पंडरिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के परिकल्पना को साकार करने के प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर के द्वारा निरंतर स्वच्छता अभियान हेतू अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। स्वच्छता का संबंध सीधे राष्ट्र निर्माण से है स्वच्छता के मायने हैं देश के प्रति सकारात्मक भाव की अनुभूति यदि हम स्वच्छता पर ध्यान नहीं देंगे तो हमारे देश का समुचित विकास भी नहीं हो पायेगा।

शिक्षक राकेश सोनी ने स्वच्छता जागरूकता अभियान हेतू संगोष्ठी का आयोजन छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर मध्य प्रदेश की सीमा पर बसे पहाड़ी ग्राम पंचायत कांदावानी बाहपानी ग्राम पर किया। इस ग्राम पंचायत में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा आदिवासी ही रहते हैं जहां आये दिन मौसमी बिमारी के कारण लोगों की तबीयत बिगड़ जाती है जान तक चली जाती है। मुख्य कारण गंदगी से होने वाले नुकसान की जानकारी नहीं होना, खुले में शौच करना, भोजन को ढंक कर नहीं रखना,गंदा पानी पीना,शरीर को साफ नहीं रखना,बासी भोजन करना इस बात को शिक्षक राकेश सोनी ने महसूस कर अपने अवकाश का सदुपयोग इनके बीच जाकर स्वच्छता संगोष्ठी का आयोजन किया और बताया कि किस तरह स्वच्छता को अपनाकर स्वस्थ रह सकते हैं उपस्थित सभी ग्रामीण महिला, पुरुष, बुजुर्ग,

बच्चों ने ध्यान पूर्वक सुना और संकल्प लिया कि शौचालय का उपयोग करेंगे स्वच्छता के नियमों का पालन कर निरोग रहेंगे। उक्त संगोष्ठी में ग्राम केसुघ्घर, सुखसिंह,पंडरू,पतिराम, कार्तिक राम,रामसिंह, तुलाराम भट्ट,बुधिया बाई,शैली बाई,जेठिया बाई,मतिया बाई,बुधरिया,टेरची बाई,सुंदरी बाई आदि लोग उपस्थित थे।

दो पक्षों में मारपीट, काउंटर केस दर्ज

राजनांदगांव। खैरागढ़ ब्लॉक के ग्राम दपका निवासी दो पक्षों के बीच मंगलवार 29 अक्टूबर की शाम जमकर गाली-गलौच और मारपीट होने के बाद पुलिस ने दोनों ही पक्षों के खिलाफ काउंटर केस दर्ज किया है। जानकारी अनुसार प्रथम पक्ष प्रार्थी शिवकुमार पिता पल्टन राम मेश्राम उम्र 50 साल निवासी दपका ने बुधवार सुबह 10 बजे खैरागढ़ पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुये बताया कि गांव के ही आरोपी गौतम यादव पिता सुकलाल यादव उम्र 19 साल व कृष्ण यादव ने उसके साथ मारपीट व गाली-गलौच की है जिसके बाद पुलिस ने आरोपी गौतम व कृष्ण के खिलाफ धारा 294, 323, 506 व 34 के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं दूसरा पक्ष प्रार्थी गौतम यादव ने भी पुलिस थाने में बुधवार को रिपोर्ट दर्ज कराते हुये बताया कि उसके साथ शिवकुमार व हितेश मेश्राम ने गाली-गलौच व मारपीट की है, जिस पर पुलिस ने आरोपी शिव कुमार मेश्राम व हितेश मेश्राम के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

राष्ट्रीय एकता के लिए नगर में दौड़

राजनांदगांव। सरदार वल्लभ भाई पटेल के जयंती के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत डोंगरगाँव से महाविद्यालय डोंगरगाँव तक एकता के लिए दौड़ का आयोजन किया गया। एकता के लिए दौड़ में स्कूल तथा महाविद्यालयीन छात्र/छात्राओं के साथ ही नगर में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों ने भी अपनी सहभागिता दी।

सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : सुशील शर्मा

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। गांव गांव में साथियो के साथ जन सम्पर्क कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओ की जानकारी देते प्रदेश कांग्रेस सचिव सुशील शर्मा,ब्लॉक अध्यक्ष भारत वर्मा, सचिन शर्मा,मनहरण वर्मा आदि ने ग्राम गुडेलिया,पाटन, खैरा, गुड़ा, पथरिया,सहित पासिद गांव में सघन जन सम्पर्क किया,अंत मे पासिद ग्राम में आयोजित कृष्ण लीला के समापन कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर जनता जनार्दन को संबोधित भी किया,इस अवसर पर ग्रामीणों ने स्विस्फूर्त आगे बढ़कर अपने संघर्ष के साथी और जमीनी नेता सुशील शर्मा ,भारत वर्मा का बाजे गाजे और फटाकों के साथ आतिशबाजी करते हुये गांव पहुँचने पर गुलाल लगाकर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया,उपस्तिथ ग्रामीणों संबोधित करते सुशील शर्मा और भारत वर्मा ने एक स्वर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की योजनाओ को पूरा करने ग्रामीणों से सहयोग की अपील करते कहा कि कोई भी छत्तीसगढ़ का किसान तभी सुखी हो सकता है जब तक हमारा मुख्यमंत्री और नेता किसान का बेटा बने रहेगा,जिनके दिल और दिमाग मे किसानों,मज़दूरों,महिलाओं, युवाओ के प्रति सच्ची श्रद्धा होगी,उनके विकाश और तरक्की के लिऐ अच्छी सोच होगी।

स्नातकोत्तर कालेज में एकता दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती 31 अक्टूबर को एकता दिवस के रूप में मनाया गया। सरदार पटेल जी की विचारों और उनके राष्ट्र को एकता के सूत्र में बाँधने हेतु किये गए कार्यो को याद किया गया ।भारत की अखंडता और अक्षुण्यता का संदेश देते हुए महाविद्यालय में इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता की शपथ ली गयी ।इसके साथ ही महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता से संबंधित रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । महाविद्यालय की महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती मंजूदेवी कोचे , प्रो.डॉ. ऋचा मिश्रा तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राओं द्वारा रक्तदान कर एकता का संदेश दिया गया ।उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रो. नरेंद्र कुमार कुलमित्र ,प्रो.चंदन गोस्वामी, प्रो. मुकेश कामले ,श्रीमती रूखमणी गेंदले , कृष्ण कुमार देवांगन, बृजभूषण वर्मा , कौशल चंद्रवंशी, आशीष चंद्रवंशी एवं प्राध्यापकगण तथा छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

संचालन समिति की बैठक संपन्न

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। नवनिर्मित इनडोर-आउटडोर स्टेडियम के संचालन समिति की बैठक विगत दिनों अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ। इस बैठक में समिति के अध्यक्ष अपर कलेक्टर एवं समस्त सदस्यों के नेतृत्व में चर्चा उपरांत स्टेडियम प्रबंधन समिति द्वारा व्यवस्था किए जाने एवं प्रमुख आवश्यकताओं की पूर्ति निर्णय लिए गए हैं। इसके साथ ही सदस्यता राशि, मासिक प्रबंधन शुल्क निर्धारण किया गया है। वहीं स्टेडियम के लिए निम्नानुसार समय-सारिणी भी निर्धारित किया गया है। इनडोर-आउटडोर स्टेडियम के संचालन समिति की बैठक विगत दिनों 23 अक्टूबर को अपर कलेक्टर के.के. बेहार, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मिलेश्वरी साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर, एसडीएम जे.आर. चौरसिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश्वरी पटेल, जिला खेल अधिकारी दीनू पटेल, कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग श्री जायसवाल, अध्यक्ष आंचलिक पत्रकार संघ राधेश्याम सोनवानी, मनोज वर्मा, जीवन एस साहू, शिव भिलेपारिया की उपस्थिति में चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया है।

जयंती | **ब्लॉक कांग्रेस सेवादल ने छुही नाला में बैगाओं के बीच जाकर इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि जयंती मनायी**

बैगाओं के बीच पहुंचकर मनाई सरदार पटेल की जंयती

नवप्रदेश संवाददाता

बोड़ला। ब्लॉक कांग्रेस सेवादल ने वनांचल के ढोलबज्जा पंचायत के छुही नाला में बैगाओं के बीच जाकर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एंव सरदार पटेल की जयंती मनायी गई। कार्यक्रम के विषय में ब्लॉक सेवा दल के अध्यक्ष दीपक मागरे ,सेक्टर प्रभारी अमर वर्मा एंव ग्राम के पटेल ,रामलाल अगरिया,टीका लाल बैगा, सोन सिंग,लिखारी बैगा, शिकारी बैगा एवं अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में स्वर्गीय स्वर्गीय गांधी की फोटो में पुष्पांजलि अर्पित कर गुलाल लगाकर श्रद्धाजंली दिया गया तत्पश्चात सरदार पटेल के भी तेल चित्र का विधिवत पूजा अर्चना कर ग्रामीणों एवं सेवा दल के ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा सरदार पटेल व प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी के द्वारा

देश हित में किये गए कार्यो एंव उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला गया । कार्यक्रम में भीरा बूथ के बैरख पंचायत से बूथ प्रभारी आजु राम धुर्वे,रामविलास ,बिजउ राम ,हेमलाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बरदा में मना जिला स्तरीय सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती

लवन। ग्राम बरदा के हाई स्कूल प्रांगण में पूर्व उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 144 वी जयंती गुरुवार को मनाई गई देश मैं समाज में इनके योगदान को याद किया देश की एकता एवं अखंडता के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने वाला सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के राजनीतिक एकीकरण और भारत के राजे रजवाड़ों को याद कर श्रद्धांजलि दी गई इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संगठन मंत्री ललित बघेल विशिष्ट अतिथि टेसू लाल धुरंधर छत्तीसगढ़ प्रदेश सर्व कुर्मी समाज जिलाध्यक्ष विशिष्ट अतिथि निर्वाचन अधिकारी रामशरण वर्मा सीपी चंद्राकर चीतेश्वर वर्मा विकासखंड उपाध्यक्ष कसडोल तिलकराम वर्मा विकासखंड सचिव बेसिक लक्ष्मी कांत कौशिक युवा कुर्मी बिलासपुर टीकाराम कोड़ीया पलारी गोविंद सिंह वर्मा भानु प्रताप वर्मा ललित बघेल ने कहा सरदार बल्लभ भाई पटेल ने 542 विरासत को विलय किया उसी प्रकार हम सब कुर्मी समाज को एकता की सूत्र में बंधना होगा

राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने शपथ

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस 31 अक्टूबर को आज राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर अपर कलेक्टर के.के. बेहार ने आज कलेक्टोरेट में एवं जिला पंचायत कार्यालय में सीईओ आर.के. खुटे द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। इसी तरह जिले के अन्य कार्यालयों में भी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा शपथ ली गई। सभी ने राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने और अपने देशवासियों के बीच इस आशय का संदेश फैलाने की शपथ ली। सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यो द्वारा देश की जिस एकता की भावना को बनाया जा सका, उस भावना से सभी ने अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्य निष्ठा से संकल्प लिया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर बी.आर. साहू एवं सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

सब्जियों के दाम बढ़े रसोई का बिगड़ा बजट

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। बाजार में इन दिनों लोकल बाडियों से हरी सब्जियों की आवक अपेक्षा के अनुरूप नहीं हो रही है, जिसके चलते इनकी कीमतें काफी बढ गई है, सब्जियों के दाम बढ़ने से रसोई घर का बजट बिगड गया है, हरी सब्जियों की कीमतें इन दिनो 40 से 60 रूपये किलो तक जा पहुंची है।

सब्जी व्यापारी ने बताया कि इन दिनों लोकल बाडियों से पर्याप्त मात्रा में हरी सब्जियां नही पहुंच रही है, बाहरी आवक पर ही व्यापारी निर्भर है, इन दिनों सेमी 60 से 80रूपये किलो, बरबट्टी 30 से 40रूपये किलो, लौकी एंव कुम्हडा 20रूपये किलो, भटा 20 से 30 रूपये किलो, केला 20रूपये किलो, शिमला मिर्च 30 से 40रूपये किलो, की दर पर बिक रहे है, टमाटर की कीमतो मे सप्ताह भर से मामूली उतार-चढाव की स्थिति बनी हुई है। इन दिनों टमाटर 20 से 30 रूपये किलो की दर पर बिक रहा है वहीं आलू, प्याज की कीमते स्थिर बनी हुई है, प्याज 50 रूपये किलो तथा आलू 20रूपये किलो की दर पर बिक रहे है। सब्जी व्यापारियों के अनुसार लोकल बाडियों से फिलहाल लाल, पालक, मेथी, चैलाई भाजी की आवक काफी कम मात्रा में हो रही है। जिसके चलते इनके दाम भी आसमान छु रहे है लालभाजी 10 रूपये की चार जुडी बिक रही है। यही स्थिति अन्य हरी भाजी की भी बनी हुई है।

समिति कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि की मांग का ज्ञापन अध्यक्ष को सौंपा

साजा। सेवा सहकारी समिति मर्यादित साजा के कर्मचारियों ने आज शनिवार को अपने समिति अध्यक्ष को ज्ञापन सौंप कर वेतन वृद्धी करने की मांग की। मांग करने वाले लोगों में लिपिक, सहायक लिपिक, कम्प्यूटर आपरेटर, चौकीदार ने बढ़ती महंगाई को देखते हुए समिति में कार्यरत कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि किये जाने की मांग को लेकर समिति अध्यक्ष कृष्णा राठी से भेंटकर मांग सम्बन्धी ज्ञापन सौपा। जिस पर समिति अध्यक्ष ने ज्ञापन लेकर कर्मचारियों को इस विषय पर कहा कि उनकी मांगों को संचालक मंडल के बैठक में रखकर सहानभूति पूर्वक विचार करने का आश्वाशन दिया। ज्ञापन सौपने वालों में मनोज गुप्ता, अंश सोनी, शरद वैष्णव, शिवा पाटिल, हेमंत निर्मलकर, दीपक सोनी, शंकर वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थिति रहे।

लाटरी फ्ह्रु सने का झांसा देकर ठगी का एक और आरोपी गिरफ्तार

■ पूर्व में भी अन्य आरोपियों की हो चुकी गिरफ्तारी

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। मोबाईल में लाटरी से ड्रा निकलने का झांसा देकर प्रार्थी से उसके एवज में पैसा ऐंठने के मामले के एक और आरोपी को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिल गई है। इस मामले में पूर्व में भी पुलिस ने गिरफ्तारी की थी। उपरोक्त सम्बन्ध में जानकारी देते हुए शहर थाना प्रभारी महेश कुमार धुव ने बताया की पुलिस अधीक्षक श्रीमती नीतू कमल द्वारा आम जनता को झांसा देकर ठगी कर वाले अपराधों में आरोपी शीघ्र गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जे आर ठाकुर , अनुविभागीय अधिकारी भाटापारा के बी द्विवेदी के दिशा निर्देश में थाना प्रभारी थाना भाटापारा शहर निरीक्षक महेश ध्रुव के नेतृत्व में सउनि नेतराम पटेल , प्रधान आर . 92 नरेन्द्र कुमार निषाद , प्रधान आर . 29 बिसौहाराम साहू , आरक्षक छत्रपाल वर्मा , रामनारायण वर्मा की टीम तैयार कर थाना भाटापारा शहर के अपराध क्रमांक 338 / 18 धारा 420 भादवि के मोबाईल नंबर 7440670034 आरोपी का पतासाजी कर आरोपी कौशल यादव पिता अर्जुन यादव उम्र 19 साल , लवकुश यादव पिता फुलसिंह यादव उम्र 25 साल दोनो साकिनान नुना थाना चंदेरा जिला टीकमगढ़ मध्य प्रदेश की गिरफ्तारी में सफलता प्राप्त हुई है । दिनांक घटना समय 07 - 05 - 2018 से 18 - 05 - 2018 के बीच आरोपी मोबाईल नंबर 7440670034 का धारक द्वारा प्रार्थी शान्तनु साहू को मोबाईल फोन करके बताया कि आपको आईडिया कंपनी के तरफ से 05 लाख रूपये का ईनाम लगा है कहकर प्रलोभन देकर 73700 रू उक्त सीम धारक आरोपी ने खाता क्रमांक 3673756719 में पैसे जमा करवाकर धोखाधडी किया है कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है ।

नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी करने वाले दोनों युवक गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। मातर देखकर लौट रही नाबलिका का रास्ता रोककर,गलत नियत से हाथ बाह पकड़ने वाले 2 युवको को प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने पकड़ कर विभिन्न धाराओ के तहत गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

उपरोक्त सम्बन्ध में ग्रामीण थानेदार नरेश चौहान ने बताया कीपुलिस अधीक्षक श्रीमती नीतू कमल द्वारा महिलाओं बालिकाओं पर हो रहे छेड़खानी के अपराध को रोकने पर विशेष ध्यान देखकर रोकने तथा कार्यवाही हेतु निर्देश पर, तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ी जे आर ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा के बी द्विवेदी के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी थाना भाटापारा ग्रामीण निरीक्षक नरेश चौहान के नेतृत्व में थाना भाटापारा ग्रामीण के अपराध क्रमांक 468/19 धारा 294,506, 323,354,34 भादवी 12 पॉक्सो एक्ट के आरोपीगण भोलू ध्रुव पिता परमानंद उम्र 18 साल , हरीश चंद्र ध्रुव पिता रामकिशन ध्रुव उम्र 18 साल दोनों निवासी दावनबोड़ थाना भाटापारा ग्रामीण जो कि प्रार्थीया पीड़िता ग्राम दावनबोड़ जो गांव में मातर त्यौहार देख कर अपने सहेली के साथ वापस घर आ रही थी उसी समय आरोपी गण द्वारा पीड़िता को देखकर सीटी बजा कर इशारा करते हुए हाथ बांह को पकड़कर गलत नियत से कोना में चलो कहकर खींचने लगे उसी समय पीड़िता के

भाई आने पर आरोपीगन द्वारा उनके साथ मां बहन की गंदी गंदी गाली देते हुए अकेले मिलने पर जान से मारने की धमकी देने लगे की रिपोर्ट पर आरोपीगणों को आज दिनांक को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा लिया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना भाटापारा ग्रामीण नरेश चौहान , स उ नी कुबेर सिंह,प्र. आरक्षक त्रिलोकी बघेल,आरक्षक टिकेश्वर साहू, भूपेश यादव, म आर। टीकेश्वरी ध्रुव का विशेष योगदान रहा।

प्रशासनिक शिथिलता के चलते बढ़ीं चोरियां

नवप्रदेश संवाददाता

डौण्डी। डौण्डी ब्लॉक मुख्यालय के पंचायत कुसुमकसा में अवैध शराब बिक्री व सट्टा ,जुआ के कारोबारियों पर प्रशासनिक अंकुश ना होने से ग्राम में चोरियां होने लगी है शुक्रवार 1 नवम्बर के अर्धरात्रि में घर के सामने खड़ी पल्सर मोटरसायकिल चोरी हो गयी ,वही लगभग 1 वर्ष पूर्व नितिन जैन के घर से हुई लाखो रुपयों के जेवरात ,नगदी व अन्य सामानों व चार माह पूर्व आशीष जैन की नई मोटरसाइकिल व वनोपज जांच नाका कुसुमकसा से मोटरसायकिल से चोरी हुई है जिसका आज तक कुछ पता नही चल पाया है ,वही ग्राम में छूटपुट साईकल की चोरी होना आम बात हो गया है , किन्तु अवैध कारोबारियों पर अंकुश लगाने व अज्ञात चोरो का पता लगाने पुलिस प्रशासन कमजोर होती नजर आ रही है ,ग्राम में हो रही चोरियों व बेखोफ होकर बढ़ते अवैध कारोबारीयो की संख्या को लेकर ग्राम में दहशत व्याप्त है ,

कुसुमकसा के युवा व्यापारी मनीष जेठवानी नित्यदिन की भांति अपने घर के सामने अपनी बजाज पल्सर मोटरसायकिल क्रमांक सी जी 24 -0826 को रात्रि लगभग 10.30 बजे को खड़ी कर घर मे सोने चला गया था ,सुबह घर से बाहर आने पर अपनी मोटरसाइकिल को खड़ी की गई जगह पर नही पाया तो आसपास मोटरसाइकिल के सम्बंध में पतासाजी की किन्तु उसके मोटरसाइकिल का कहि पता नही चलने पर राजहरा थाना में सुबह 10 बजे मोटरसाइकिल चोरी होने की लिखित सूचना दी ,

गौरतलब है कि कुसुमकसा में शासन द्वारा संचालित शासकीय देशी शराब दुकान ग्राम से लगभग दो किलोमीटर दूर होने के कारण मदिराप्रेमियो को बिना साधन के आने जाने में हो रही परेशानियों का फायदा शराब का अवैध कारोबारियों को मिल रहा है सुबह 5 बजे से रात्रि 12 बजे तक अवैध शराब कारोबारी बिना डर भय के खुलेआम मदिराप्रेमियो को ग्राम में ही शराब बेच रहे है जिसको देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि आबकारी व पुलिस प्रशासन इन अवैध शराब कारोबारीयो को खुली छूट दे रखी है ,कार्यवाही ना होने से अवैध शराब कारोबारियों की संख्या में इजाफा हो रहा है

विगत वर्षो से सट्टा का अवैध कारोबार बंद था किंतु कुछ महीनों से कुसुमकसा में सट्टा का अवैध कारोबार अपना पाँव पसार चुका है ,एक का अस्सी के चक्कर मे ग्रामीण मजदुर किसान अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई लुटा रहे है ,वही स्कूली छात्र भी पढ़ाई से विमुख हो सट्टा के गणित के गुणा भाग में जुड़ते जा रहे है , गौरतलब है कि कुछ वर्ष पूर्व बालोद जिले के तत्कालिक पुलिस अधीक्षक आरिफ शेख के सख्त निर्देश पर सट्टा के अवैध कारोबारियों पर की गई कार्यवाही से उक्त अवैध कारोबार परअंकुश लगा था व उक्त कार्यो में लिप्त अवैध कारोबारी भूमिगत हो गए थे ,सट्टा के अवैध कारोबारी पुनः अपने अवैध कार्य बढाने लगे है ,इन पर पुलिस प्रशासन जल्द अंकुश नही लगाया तो आने वाले समय मे उक्त अवैध कारोबार प्रशासन के लिए नासूर बन जायेगा।

काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। राज्य स्थापना दिवस के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना जिला बलौदाबाजार द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी चौक भाटापारा में छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना के साथ विचार गोष्ठी रखी गई जिसमें नगर के प्रबुद्धजन उपस्थित होकर सारगर्भित विचार रखे। छत्तीसगढ़ महतारी चौक को जगमाती दीपों से सजाया गया था।

वक्ताओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के संघर्ष में अपना सब कुछ अर्पन करने वाले हमारे पुरोधा महापुरुषो- सुन्दर लाल शर्मा ,डॉ खूब चंद बघेल ,ठाकुर प्यारे लाल ,बैरिस्टर छेदी लाल, गुरू अगम दास, संत पवन दिवान, परस राम यदु आदि के सपनो को साकार करने का वक्त आ गया है । हमें उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की जरूरत है तभी पृथक छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के उद्देश्य पूर्ति होगी ।

उपरोक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार बलदेव भारती,अधिवक्ता जी डी मानिकपुरी, राजकुमार शर्मा, भरत लाल वर्मा , क्रांति सेना जे प्रदेश सचिव चंद्रकांत यदु, जिला संयोजक सुरेन्द्र यदु , जिला अध्यक्ष भूपेन्द्र कुमार सेन , बलौदाबाजार ब्लॉक अध्यक्ष- दीनबंधु देवांगन,सिमगा अध्यक्ष सनत यदु, आदि उपस्थित रहे।

सरपंच चुनाव की नई प्रक्रिया का विरोध शुरू

नवप्रदेश संवाददाता

■ सरपंच संघ अध्यक्ष ने कहा- सरकार को अपनी कार्यप्रणाली पर भरोसा नहीं

खरोरा। ग्राम पंचायत में सरपंच के चुनाव पंच द्वारा किये जाने के निर्णय को अनुचित ठहराते हुए जिला रायपुर के सरपंच संघ के सचिव सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि लगता है सरकार को अपने कार्य प्रणाली पर भरोसा नहीं है ,इसलिए ऐसा कर रहा है। श्री वर्मा ने कहा कि सरकार की इस निर्णय से सही व्यक्ति का चयन सरपंच के लिए नही हो पायेगा,धन और बल का प्रयोग कर गलत व्यक्ति का भी चयन हो सकता हैऔर सरकार के इस निर्णय से भ्रष्टाचार को ही बढ़ावा मिलेगा। जो सरपंच बनेगा उसे पंच लोग भी बार बार ब्लैकमेल कर सकता है। सरकार को ये सोचना चाहिए कि त्रिस्तरीय पंचायती राज दलगत राजनीति से हट कर है।भले ही चुनाव लड़ने वाले व्यक्ति किसी न किसी पार्टी से जुड़ा रहता हैं पर चुनाव तो दलगत राजनीति से हट कर ही होता है।सबको पता है कि महात्मा गांधी ने पंचायती राज से ही देश की सुदृढ़ता और विकास का सपना देखा था पंचायती राज में गांव के विकास ही प्रदेश और देश को विकसित कर सकता है क्योंकि ये ही प्रथम सीढ़ी है।पर सरकार राष्ट्रपिता के सोच को चूर चूर करने में लगा है।सरपंच संघ जिला रायपुर के सचिव सुरेन्द्र वर्मा सहित,सरपंच संघ तिल्दा के अध्यक्ष खिलावन शर्मा,सचिव यशवंत वर्मा,सरपंच कृष्णा वर्मा,मीना मुरली वर्मा,संतराम वर्मा,तोरण गिलहरे,संतोष वर्मा,महेश वर्मा,खेदराम, नीलकंठ वर्मा, खेमनाथ नायक,विजय वर्मा नंदपाल, पुरुषोत्तम सोनी सहित बहुत से सरपंच संघ पदाधिकारियों ने सरकार के इस फैसले का विरोध किया है ।

बिचैलिये के पास न करें ब्रिकी, मंडी में ही मिलेगा कृषकों को चेक या नगद

कवर्धा। कृषि उपज मंडी समिति, कवर्धा द्वारा मंडी क्षेत्र के कृषको को अपनी कृषि उपज किसी कोचिया के पास विक्रय न कर मंडी प्रांगण कवर्धा में लाकर ही विक्रय किये जाने के संबंध में निरतंर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, मंडी प्रांगण में विक्रय किये जाने पर उपज का तौल इलेक्ट्रानिक तौल मशीन से कराया जा रहा है, साथ ही उपज के मूल्य की राशि क्रेता व्यापारी द्वारा उसी दिवस मंडी कार्यालय में नगद/चेक के माध्यम से प्रदाय किया जा रहा है, मंडी क्षेत्र में किये जा रहे प्रचार-प्रसार के कारण मंडी प्रांगण कवर्धा में कृषि उपजों की आवक में निरंतर वृद्धि हो रही है, साथ ही कृषकों को अपनी उपज का सही मूल्य प्राप्त हो रहा है। मंडी सचिव बी.पी. सोनकर द्वारा बताया गया कि मंडी क्षेत्र कवर्धा में बिना वैध पंजीयन प्राप्त किये अवैधानिक रूप से कृषि उपज क्रय किये जा रहे कोचिया के विरूद्व निरंतर कार्यवाही की जा रही है।

किसान खुश नहीं तो सरकार का उत्सव निरर्थक : विष्णु लोधी

नवप्रदेश संवाददाता

विष्णु लोधी

डोंगरगढ़ । जनता काँग्रेस छ.ग. जे के कार्यकारी जिला अध्यक्ष विष्णु लोधी ने कहा अपूर्ण कर्ज माफी के बाद राज्य सरकर के द्वारा 15 नवंबर से धान खरीदी के बजाय 1 दिसंबर से धान खरीदी करने के निर्णय छत्तीसगढ़ के 70 लाख किसानों के साथ वादा खिलाफी और धोखा है । सरकार का यह निर्णय ऐसे दिन आता है जिस दिन छत्तीसगढ़ का जन्म हुआ है और छत्तीसगढ़ की नई सरकार धूमधाम से राज्योत्सव मना रही है। एक तरफ तो बेमौसम बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी है , किसानों का फसल बर्बाद हो चुका है उस पर भी सरकार ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाई है। फिर धान खरीदी में भी ढिलाई, जिस कारण किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें और चेहरे में मायूसी स्पष्ठ रूप से देखा जा सकता है जब अन्नदाता किसान ही खुश नहीं तब ऐसा उत्सव निरथर्क है । लोधी ने कहा अन्नदाताओं की धान खरीदी सर्वप्रथम देश मे जोगी सरकार ने की थी जब सरकार का वार्षिक बजट 10 हजार करोड़ से कम था तब किसान खुशहाल थे, किसानो का कोठा धान से भरा रहता था तब प्रदेश के किसी भी अन्न दाता किसान ने आत्महत्या नहीं की। अब सरकार का वार्षिक बजट 80 हजार करोड़ से भी अधिक है फिर भी सरकार धान खरीदी का ठीकरा केंद्र सरकार पर फोड़ रही है । छत्तीसगढ़ के लाखों किसानों ने समर्थन मूल्य में धान खरीदी, बोनस और कर्ज माफी के नाम पर काँग्रेस को वोट दिया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी धान खरीदी पर पीछे हटते हुए केन्द्र सरकार पर अड़ंगा डालने का आरोप लगाकर अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते।

छत्तीसगढ़ी फिल्म प्रतिघात का मुहूर्त 3 को

भाटापारा। 3 नवम्बर को अलम्पता फिल्म्स के बैनर तले एक नई छत्तीसगढी फिल्मप्रतिघात का मुहुर्त हो रहा है जिसमें 5-6 कलाकार बालीवुड से है 700 से भी अधिक फिल्म कर चुके बॉलीवुड के मशहूर कलाकार रजामुराद फिल्म मे मुख्य भूमिका मे नजर आयेगे उनके अलावाकुन्डली भाग्य जी टी वी धारावाहिक की रूही चतुर्वेदी एवं शिवेन्द् शैनिवालछोटी सरदारनी कलर्स टी वी ,फिल्म मे मुख्य नायिका एवं नायक के रूप मे नजर आयेगे ये तीनो कलाकारफिल्म मुहुरत मे रविवार 3 नवम्बर रायपुर आ रहे हैं जो सुबह 11 बजे रायपुर माना एयरपोर्ट पहुँचकर फिर वहाँ से होटल बेबीलान इन्टरनेशनल कार्यक्रम स्थल को रवाना होगें फिल्म के निर्देशक एवं निर्माता के अनुसार यह छत्तीसगढ़ी फिल्म इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा बजट का फिल्म होगा फिल्म की कहानी से लेकर हर चीज के ऊपर खास ध्यान दिया रहा है जो दर्शको को काफी पसन्द आयेगा फिल्म की शूटिंग छत्तीसगढ़ मे ही होगी जिसमे 60 फीसदी छत्तीसगढ़ के नये उभरते लोगो को लिया जा रहा है ।

आयोजन | पीडीएफजारी करने के बाद कल से नवीन राशनकार्ड का वितरण किया जाएगा

बीपीएल के नए राशनकार्ड वितरित, एपीएल का वितरण जारी

नवप्रदेश संवाददाता

बलौदाबाजार/लवन/कसडोल। प्रदेश की कांग्रेस सरकार सत्ता में काबिज होने के बाद प्रदेश के सभी हितग्राहियों का राशनकार्ड का नवीनीकरण कराया इसके साथ ही एपीएल कार्ड धारियों के भी नए राशनकार्ड बनाने के निर्देश दिए थे जिसमें बलौदाबाजार नगर पालिका अंतर्गत राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए एपीएल हेतु 1755 आवेदन प्राप्त हुये थे जिसमें विभाग द्वारा जांच पड़ताल करने के बाद 1400 आवेदन पात्र हुये जिसमे खाद्य विभाग द्वारा आज पीडीएफजारी करने के बाद कल से नवीन राशनकार्ड का वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही नपा से मिली जानकारी के अनुसार बीपीएल कार्ड के लिए 4233 आवेदन प्राप्त हुए थे जिन्हें जांच के बाद 3777 आवेदन स्वीकार किया गया। जिसमें अभी तक नपा द्वारा 3600 राशनकार्ड हितग्राहियों को वितरण किया जा चुका है इसके साथ ही बकाया राशनकार्ड के लिए हितग्राही लेने नही पहुंच रहे है। जिले के भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल ने कहा की नवीन राशनकार्ड बनने से लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है वही अभी तक एपीएल परिवारों तक राशनकार्ड नही पहुचने के कारण कई हितग्राहियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

नपा लवन की यह है स्थित :

नगर पंचायत लवन से मिली जानकारी के अनुसार नपा के 15 वार्डो में कैम्प के माध्यम से एपीएल में 250 आवेदन और बीपीएल में 2106 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 2000 बीपीएल हितग्राहियों को नवीन राशनकार्ड बांटा जा चुका है एवं वरिष्ठ कार्यालय से एपीएल राशनकार्ड की पीडीएफ कॉपी नही मिलने के कारण अभी बांटा नही गया है।

यह है कसडोल की स्थित

नपा कसडोल से मिली जानकारी के अनुसार यहाँ नगर पंचायत द्वारा विभिन्न वार्डो से एपीएल में 850 फॉर्म प्राप्त हुए थे साथ ही बीपीएल में 2200 आवेदन मिले थे जिसमें नपा द्वारा अलग-अलग कैम्प लगाकर अभी तक 2200 बीपीएल कार्ड में 2000 हितग्राहियों को राशनकार्ड बांटा जा चुका है। साथ ही शेष राशनकार्ड हितग्राही नही मिलने के कारण पेंडिंग पड़ा हुआ है। इसके साथ ही एपीएल राशन कार्ड शनिवार को कसडोल के सेक्टर 2 में कैम्प लगाकर 500 हितग्राहियों को नवीन राशनकार्ड बांटा गया।

38वीं बटालियन आईटीबीपी बल ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया

नवप्रदेश संवाददाता

खरोरा। खरोरा कैम्प, नजदीक मुड़पार गांव, जिला रायपुर स्थित भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की 38वीं बटालियन द्वारा नरेन्द्र सिंह सेनानी, 38वीं बटालियन के दिशा-निर्देश में दिनांक 28.10.2019 से 02.11.2019 तक बटालियन परिसर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम वाहिनी के समस्त पदाधिकारियों द्वारा शपथ लिया गया तथा जगमोहन विश्वकर्मा सहायक सेनानी द्वारा भ्रष्टाचार निवारण से संबंधित जानकारी दी गयी। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जैसे वाद-विवाद, निबंध व दौड़ प्रतियोगिता इत्यादि। इस दौरान ग्राम मुड़पार के ग्रामवासियों को व आसपास के स्कूल भरत देवांगन शासकीय हायर सेकेन्डरी स्कूल, अमन पब्लिक स्कूल खरोरा, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मुड़पार तथा प्राथमिक शाला तिल्दा 'डी' व मांठ के स्कूली बच्चों तथा अध्यापकों को भी भ्रष्टाचार निवारण हेतु व्याख्यान एवं शपथ ग्रहण करवाया गया जिसमें ग्रामवासी एवं विद्यालयों से छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, स्कूली बच्चों के लिए दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा विजेताओं को उनके उत्साहवर्धन के लिए उचित पुरस्कार दिया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन समारोह 02.11.2019 शनिवार को वाहिनी सम्मेलन कक्ष में समस्त पदाधिकारियों के उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जगमोहन विश्वकर्मा सहायक सेनानी, एवं बटालियन सूबेदार मेजर दीपक तिवारी के अलावा अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे और अपना महत्वपूर्ण योगदान दिये।

शादी डॉट काम पर 28 लाख की ठगी

- चांपा के ठेकेदार युवक से संगठित अपराध
- बीज के धंधे मे मुनाफे का झांसा देकर की गई ठगी
- दिल्ली मे प्रोडक्ट खरीदने वाले क्लाईंट से भी कराई गई मुलाकात, चांपा थाना मे पीड़ित ने कराया मामला दर्ज, पुलिस जुटी जांच में

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर चांपा। जिले के एक व्यापारी युवक से सोशल मीडिया शादी डॉट काम मे सक्रिय संगठित गिरोह के द्वारा 28 लाख 6 सौ रूपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक ने आज चांपा थाने मे मामला दर्ज कराया है जिसके जांच मे पुलिस जुट गई है। दरअसल चांपा के ठेकेदार युवक गुलाब कुमार मोदी आज थाने पहुँचा और रिपोर्ट दर्ज कराई की उसने शादी डॉट काम पर अपना प्रोफाईल बनाया था जिसे देखकर उसके पास एक युवती का फोन आया और उसने खुद को लंदिन मे रहने वाली बताया। एक बार बात होने के बाद बातों का सिलसिला शुरू हो गया और फिर एक दिन युवती ने गुलाब मोदी को बताया कि वह किसी एग्रो कंपनी मे काम करती है साथ ही बीज (सिड्स) के बिजनेस के बारे मे बताया। उसने बताया कि भारत मे मिलने वाले एक बीज है जिससे दवाई बनती है इस बीज का डिमांड विदेश मे बहुत ज्यादा है जिससे चौगुना मुनाफा कमाया जा सकता है। युवती की बात पर विश्वास कर के गुलाब मोदी ने उसके बताए बैंक अकाउंट मे पहली किश्त 10 लाख रू आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर किया जिसके बाद बीज की डिलीवरी आई और इसके साथ ही दिल्ली का एक क्लाईंट भी एक्टिव हो गया जो गुलाब मोदी से खरीदी मुल्य से काफी ज्यादा मुल्य पर उसका बीज खरीदी करने तैयार हो गया मगर उसने गुलाब मोदी के पास मौजूद स्टाक से काफी ज्यादा स्टाक की डिमांड की, जिसके बाद गुलाब मोदी ने तकरीबन 28 लाख 6 सौ रूपये का बीज खरीदा। पीड़ित ने बताया कि बीज आया मगर खरीददार और उस लड़की का नंबर बंद हो गया। लगातार छानबीन के बाद कुछ हाथ नही लगा तब पीड़ित गुलाब मादी ने अब पुलिस की शरण ली है।

गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कर सुनाया गया रामायण कथा व भजन कीर्तन

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। राजापारा के आंगनबाड़ी में महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजना जिसमे गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व अन्नप्राशन योजना को साकार कर रही है ।इसी कार्यक्रम के तहत राजापारा आंबा में तीन गर्भवती महिलाओं की गोदभराई का कार्यक्रम कर रश्म अदा कराई गई ।तत्पश्चात आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रंजना पटेल बबिता चौहान दुर्गा यादव के द्वारा शनिवार को आंगनबाड़ी में रामायण कथा व भजन कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमे राजापारा की महिला मंडली ने गर्भवती महिलाओं को रामायण कथा व भजन कीर्तन का सफल कार्यक्रम किया गया ।आंबा कार्यकर्ताओं ने बताया की समय समय पर आंगनबाड़ी में गर्भवती महिलाओं व बच्चों के अन्नप्राशन के अलावा कुपोषण पर कार्यक्रम किया जाता है ।राजापारा आंबा में गर्भवती महिलाओं के लिए भजन कीर्तन का आयोजन इसलिए भी किया जाता है। कि गर्भवती माताओं एवं आने वाले बच्चों में एक आध्यात्मिक व सनातन धर्म से गर्भवती की रक्षा भी हो सके । आंगनबाड़ी में तीन गर्भवती महिलाओं के अलावा वार्ड की महिलाओं ने कार्यक्रम में शामिल हुई ।

कांकेर -ग्रामीण मण्डल और चारामा मंडल की कार्यकारिणी घोषित

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेंडी की अनुमति व भाजपा जिलाध्यक्ष हलधर साहू की सहमति व अनुशंसा से भाजपा कांकेर ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष नारायण पोटाई ने अपनी कार्यकारिणी का गठन कर घोषणा की जिसमे रामचरण कोर्राम व प्रकाश निषाद को जहां महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है वही दूसरे पदाधिकारियों में द्वारका साहू, कमलेश उसेंडी, विजय साहू, सुको पटेल को उपाध्यक्ष, शंकर जैन, अशोक कुमार नेताम, अनुसुइया सोनवानी, सुलोचना साहू, शंकर लाल जैन को मंत्री, नारायण जैन को कोषाध्यक्ष व पीला राम नेताम को जिला प्रतिनिधि बनाया गया है।इसी तरह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेंडी की अनुमति व भाजपा जिलाध्यक्ष हलधर साहू की सहमति व अनुशंसा से भाजपा चारामा मण्डल अध्यक्ष प्रकाश जोतवानी ने अपनी कार्यकारिणी का गठन कर घोषणा की जिसमे महामंत्री ओमप्रकाश साहू व सुशील निषाद , उपाध्यक्ष जैतु राम नायर, जय साहू, अनिता बंजारे, सियाराम साहू, मंत्री सुलोचना मण्डावी, सुखित तेता, राधुराम रजक, देव कोसरिया, दुष्यंत साहू, कोषाध्यक्ष गजेंद्र नाग, मीडिया प्रभारी परमेश्वर यादव, कार्यलय प्रभारी अजय जगवानी, व रवि सिन्हा को जिला प्रतिनिधि बनाया गया है । नवगठित मण्डल कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को भाजपा जिलाध्यक्ष हलधर साहू, जिला महामंत्री विजय कुमार मण्डावी सहित चारामा के भाजपा पदाधिकारीयो व अन्य जिला पदाधिकारीयो ने संगठन के इस नव दायित्व को अच्छे से निभाने हेतु अपनी शुभकामनाएं दी है ।

सूर्य उपासना का महापर्व पूरे उल्लास से मना

- छठ घाटों में श्रद्धालुओं का रेला

नवप्रदेश संवाददाता

अंबिकापुर। अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य दे सूर्यदेव की उपासना छठ घाटों के सौंदर्यीकरण, साफ-सफाई, पर्यावरण की सुरक्षा में अनेक समितियों के साथ सभी के सजग रहने एवं सहयोग से नगर में सूर्यषष्ठी का महापर्व पूरे विधि विधान से हजारों परिवार मनाते हैं। तीन दिनों तक मनाए जाने वाले छठ पर्व पर शंकरघाट, मौलवी बांध, महामाया तालाब सहित हरकेवल दास मंदिर स्थित सूर्य मंदिर में छठ व्रतियों की पूजा और अनुष्ठान में नगरवासी आगे आकर मेले का आनंद लेते हैं। छठ पर्व की तैयारी नहान खान से शुरू होती है। दूसरे दिन तालाब में पूजा स्थल पर जाकर व्रती बहने और भाई उपवास रख अपने पूजा स्थल में घटबंधान करते हैं शाम को सूर्य भगवान से व्रत को पूर्ण करने का आशीर्वाद लेकर खीर का प्रसाद लेते हैं। दूसरे दिन भी उपवास कर शाम को अस्ताचल सूर्य की विधि विधान से सूपे में संपूर्ण पूजन सामग्री प्रसाद लेकर लोकगीतों से छठ मैया की आराधना कर अपने घाटों पर जाकर अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य देते हैं। गाजे-बाजे और सजावट के साथ सभी तालाबों में मेला भरा रहता है। अंतिम दिन 3 नवंबर को सुबह पुनः सभी परिवार उगते सूर्य नारायण की पूजा कर अर्घ्य देकर व्रत खोलेंगे। व्रत पूर्ण होने की खुशी में पटाखे फोड़ कर खुशियां मनाने और प्रसाद मिल बांटकर ग्रहण करते हैं। बाजार में छठ पूजन की सामग्री लेने उमड़ी भीड़ और तालाबों के आसपास ट्रैफिक नियंत्रण में भारी संख्या में पुलिस बल स्वयंसेवी संस्थाओं एवं छठ पूजा समितियों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों नगर निगम के कर्मचारी भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

छठ घाटों में पहुंचे सिंहदेव :आज शाम नगर के सभी छठ घाटों पर पहुंचकर कैबिनेट मंत्री श्री टी एस सिंहदेव सहित महापौर अजय तिर्की डिप्टी मेयर अजय अग्रवाल सभापति शफी अहमद द्वितेंद्र मिश्र सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में पहुंचे ।

छठ पर्व पर दिया गया पर्यावरण की सुरक्षा का सन्देश

अम्बिकापुर। संत हरकेवल दास मंदिर स्थित सूर्य मंदिर में विशेष व्यवस्था में लगे शशिकांत श्रीवास्तव महामंत्री प्रदेश किसान कांग्रेस एवं मीरा श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि सूर्य उपासना के इस महापर्व के साथ ही दीपावली त्योहार की खुशियां राजमोहिनी देवी वार्ड के सभी सदस्य एक साथ मिलजुल कर मनाई गई। हर घर में मिट्टी के दीपक जले पूजन सामग्री दीपक तेल और बाती की व्यवस्था दीपावली और छठ घाटों पर की गई। घाट की साफसफाई टेंट बिजली के साथ रात्रि में चंद्रमेंढ़ा के कलाकार यादव ग्रुप का लोक संगीत जगराता का आयोजन भी किया गया है। इसी तरह जनसहयोग से शंकर घाट महामाया समिति मौलवी बांध में एवं घुनघुट्टा नदी के समितियों ने भी भरपूर सौंदर्यीकरण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गये। पर्यावरण की रक्षा भी - राजमोहिनी देवी वार्ड की जागरूक महिला श्रीमती मीरा श्रीवास्तव एवं विभिन्न समितियों के संयोजकों ने इस बार पर्यावरण की रक्षा एवं साफसफाई की ओर विशेष ध्यान देने और छठ पर्व पर प्रदूषण फैलाने वाले प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित करने की अपील की।

संघर्ष मोर्चा की बैठक में संयुक्त संचालक से डेलिगेशन का निर्णय

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। प्रधान अध्यापक संघर्ष मोर्चा जिला कांकेर की आपात बैठक एम,जी,वार्ड स्कूल कांकेर में अपरान्ह 3 बजे रखा गया बैठक का मुख्य एजेंडा निम्नानुसार था जिसे सभी ब्लॉक के प्रतिनिधि की सहमति से पारित किया गया 1 पदोन्नति एवम वरिष्ठता के संबंध में जिले से हाइकोर्ट में पिटीशन दायर करने हेतु, 2 वरिष्ठता सूची एवम समयमान वेतनमान हेतु संभागीय संयुक्त संचालक जगदलपुर से डेलिगेशन करना, 3 हाइकोर्ट हेतु जमा राशि का उपयोग करना अन्य विकास खंड से बचत राशि जिला में जमा कराना बैठक में सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, अध्यक्ष मोहन्स सेनापति, शिव सिंह भदौरिया, बीरबल गढ़पाले, एल,के,साहू, देवकरण भास्कर, डी सत्यनारायण, कल्याण सिंह मेश्राम, श्री राम शरण जैन,श्री रामनारायण गौतम, एम,एन, नागराज, देवल सिंह नायक, हीरालाल साहू, श्याम सिंह तारम, श्रीमती सावित्री हिरवानी, श्रीमती शशि देवदास, श्रीमती मथुरा मेश्राम, अशोक कुमार सूर्यवंशी, सत्तेसिंह कुंजाम एवम चारामा, नरहरपुर, भानुप्रतापपुर, दुर्गुकोंडाल,कांकेर विकास खण्ड के पदाधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित होकर सर्वसम्मति से एजेंडा का समर्थन कर हस्ताक्षर किए उपरोक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से प्रधान अध्यापक संघर्ष मोर्चा के जिला सचिव मोहन सेनापति ने दी है।

सखी वन स्टॉप सेंटर का किया भ्रमण, वृद्धाश्रम एवं आंगनबाड़ी केन्द्र का किया अवलोकन

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुन्द। प्रवास के दौरान श्रीमती गौतम ने ग्राम बेलसोंडा के आंगनबाड़ी केंद्र में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के हितग्राहियों से सीधी चर्चा की एवं उनसे फीडबैक भी लिया। तदुपरांत श्रीमती गौतम सखी वन स्टॉप सेंटर महासमुंद का निरीक्षण भ्रमण किया एवं वहां पर कार्यरत केंद्र प्रशासक एवं अन्य कर्मचारियों से सखी केंद्र के संचालन के संबंध में जानकारी ली गई। इसके अलावा उनके द्वारा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धा आश्रम का भी निरीक्षण किया गया और वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। उनके द्वारा विशेष तौर पर खाद्यान्न सुरक्षा योजना, उज्जवला गैस कनेक्शन, सखी वन स्टॉप सेंटर एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना महिलाओं के कौशल विकास से संबंधित योजना महिलाओं को जागरूक करने संबंधी प्रयासों की जानकारी ली गई। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री सुधाकर बोंदले उपस्थित थे।

पेट रोग, चर्म रोग जांच कल

महासमुंद। महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में तीन नवंबर रविवार को समय 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक पेट रोग निदान एवं एण्डोस्कोपी जांच का आयोजन किया गया। जांच में रायपुर के गैस्ट्रोसर्जन, लैप्रोस्कोपी एवं विशेषज्ञ डॉ निश्चल तिवारी (एमबीबीएस) रोगियों की सेवा एवं परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे। इसी तरह दोपहर तीन से शाम छह बजे तक चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ विनोद कोसले एमबीबीएस, एमडी स्कीन केयर क्लीनिक रायपुर अपनी सेवाएं देंगें। उपरोक्त जांच पंजीयन हेतु महासमुंद मेडिकल स्टोर्स इंदिरा मार्केट मेन रोड महासमुंद मो. 07723-222226 में संपर्क कर सकते हैं।

रामजानकी मंदिर से आज निकलेगी शोभायात्रा

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। रामजानकी मंदिर पुराना बस स्टैण्ड से भगवान सहस्त्रबाहु जयंती के अवसर पर शोभायात्रा मिशन रोड स्थित जायसवाल कल्चुरी भवन तक निकाली जाएगी एवं स्नेह मिलन समारोह व अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे।

जायसवाल युवा सभा के द्वारा आयोजित बैठक में निर्णय गया है कि 3 नवंबर को प्रातः 11 बजे पुराना बस स्टैण्ड स्थित रामजानकी मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ होगी जहां पर समाज के संरक्षक व पूर्व सांसद डॉ.बंशीलाल महतो के आतिथ्य में भगवान सहस्त्रबाहु के शोभायात्रा की पूजा.अर्चना के बाद रवाना किया जाएगा जो मुख्य मार्ग होते हुए मिशन रोड स्थित जायसवाल कल्चुरी भवन में पहुंचकर संपन्न होगी। उसके पश्चात भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा-अर्चना कर स्नेह मिलन व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। तत्पश्चात भोजन-प्रसाद का वितरण किया जाएगा। बैठक में सर्ववर्गीय जायसवाल समाज के जिलाध्यक्ष रामगोपाल डिक्सेना, जायसवाल युवा सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल सहित आनंद प्रसाद, मनीष, चंद्रप्रकाश, नीरज, महेन्द्र, नितिन, सोनू, आशीष, प्रेमप्रताप, अमर, प्रदीप, अनुज, सुभाष डडसेना, संतोष, जीवन लाल, अनिल डनसेना, सोनू, आशीष, संजय, गजेन्द्र, राजू, रौशन, रवि, रघुनंदन, राहुल, प्रशांत महतो, सुरेश जायसवाल उपस्थित थे। इसी तरह कटघोरा में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद जायसवाल के संयोजन में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिला स्तरीय आयोजन में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया।

कल यादव समाज का गोपाष्टमी पर्व

कांकेर। जिला यादव समाज कांकेर द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गोपाष्टमी महोत्सव का आयोजन 4 नवम्बर सोमवार समय 11 बजे से प्रारंभ होगी । संभागीय सचिव महेन्द्र यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी है कि इस वर्ष कार्यक्रम स्थल को संशोधन किया गया है । जिसमें कलश यात्रा का शुभारंभ अन्नपूर्णापारा स्थित प्राथमिक शाला मैदान राधा कृष्ण मंदिर से पूजा अर्चना पश्चात कलश यात्रा एवं आहिर नृत्य के साथ रैली नगर से मुख्य मार्ग होते हुए मेला भाटा स्थित कार्यक्र स्थल में सभा होगी ।मेला भाटा मुख्य कार्यक्रम स्थल में अहिर नृत्य प्रतियोगिता कलश सजाओं प्रतियोगिता कृष्ण सजाओं प्रतियोगिता का भव्य आयोजन होगा। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को समिति द्वारा पुरस्कार एवं अन्य नर्तक दल को सांत्वना पुरूस्कार दिया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला यादव समाज के सभी संगठन के पदाधिकारी जुटे हुए है । साथ समाज के सभी यादव बन्धुओं को अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है

सरस्वती कलामंच का के.बी.जी. टेस्ट 10 को

कांकेर। केबीसी की तर्ज़ में बच्चों के ज्ञान व इतिहास जानकारी को लेकर सरस्वती कला मंच द्वारा आयोजित कौन बनेगा गूगल गर्ल एवं बॉय का पहला टेस्ट परीक्षा 10 नवंबर को प्रातः 10 बजे से कांकेर में सम्पन्न होगा कला मंच के अध्यक्ष मोहन सेनापति ने बताया कि के.बी.जी. के प्रतियोगी गांव गांव से फोन में सम्पर्क कर फॉर्म भर रहे हैं जिसका रिस्पॉन्स बहुत मिल रहा है । फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 03 नवम्बर से बढ़ाकर 05 नवंबर कर दिया गया जो भी छात्र/छात्रा भाग लेना चाहें तत्काल संपर्क कर फॉर्म भरे।

आज राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष नंदकुमार साय कांकेर में

कांकेर। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. नंदकुमार साय एवं आयोग के सदस्यगणो द्वारा 03 नवंबर को दोपहर 03 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर योजनाओं में प्रगति की समीक्षा करेंगे। उक्त बैठक में सभी संबंधितों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गये हैं।

स्थायी समिति की बैठक कल

जांजगीर-चांपा। जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक 4 नवंबर को दोहपर 12 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिला पंचायत के सी.ई.ओ. श्री तीर्थराज अग्रवाल ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित होने कहा है।

कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक संयुक्त बैठक

महासमुन्द। राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य श्रीमती कमलेश गौतम 01 नवंबर 2019 को महासमुंद जिले के प्रवास पर रहीं। इस दौरान महिलाओं से संबंधित केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में क्षेत्र भ्रमण कर जानकारी ली। उन्होंने कलेक्टर श्री सुनील कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र कुमार शुक्ल के साथ संयुक्त बैठक कर योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत चर्चा की।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

गए थे घायल तेंदुए...

का शिकार भी था। चौंकाने वाली बात तो यह कि इस स्थिति में पहुंच चुका तेंदुआ 4 दिनों से एक ग्रामीण की बाड़ी में घनी झाड़ियों के बीच दुबका बैठा हुआ था। ऐसे में इतने कमजोर तेंदुए को रेस्क्यू करने गई फॉरेस्ट की एक्सपर्ट टीम ने उस पर नीम बेहोशी वाला प्रयोग भी कर दिया। बता दें कि जिसे आतंक का पर्याय माना जा रहा था उस तेंदुए ने किसी भी व्यक्ति या मवेशी पर हमला करने की ताकत भी नहीं बची थी। ऐसे में तेंदुए की मौत की वजह और इस पूरी कार्रवाई में कहीं तकनीकि चूक से रेस्क्यू की टीम सवालों के दायरे में है।

कलेक्टर के घर चोरी...

एसएसपी आरिफ शेख ने चोरों को पकड़ने व्यापक स्तर पर जाल बिछाए। स्पेशल टीम गठित की, स्पेशल टीम आखिरकार कोलकाता से आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद एक चोर की एटीएम से पैसे निकालते समय सीसीटीवी कैमरे में तस्वीर कैद हो गई थी। यही उन तक पहुंचने का सबसे बड़ा सबूत पुलिस के हाथ लगा था। इसी सबूत के जरिए कड़ी से कड़ी जुड़ती चली गई और आखिरकार पुलिस इन तक पहुंच गई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से उस चोर का पीछा करना शुरु किया, तो चला कि वो फ्लाइट से कोलकाता भाग गए हैं। एसएसपी आरिफ शेख के नेतृत्व में टीम कोलकाता भेजा गया और रेकी कर उन्हें गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। आरोपियों के पास से चोरी की गई ज्वेलरी और नगदी भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। दरअसल बेमेतरा कलेक्टर शिखा राजपूत तिवारी के रायपुर के सरकारी बंगले शांतिनगर ई-8 में 29 अक्टूबर को अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर करीब 6 लाख 72 हजार रूपए के ज्वेलरी चुरा ले गए थे। उसके बाद कलेक्टर के घर की महिला केयरटेकर ऋतु बेहरा के एटीएम से 50 हजार रुपए निकाल लिए थे. जिस वक्त यह घटना हुई कलेक्टर शिखा राजपूत समेत घर के सभी सदस्य दीपावली मनाने बेमेतरा गए थे। पुलिस के अनुसार 10 तोले का सोने का मंगलसूत्र, करीबन 5 तोला की पांच सोने की चैन, 4 तोला के पांच सोने की लॉकेट, करीब 10 तोले के 5 सोने के सिक्के कुल करीब 6 लाख 72 हजार रुपए की ज्वेलरी पर चोरों ने हाथ साफ किया। पुलिस ने कलेक्टर की शिकायत पर धारा 457,380 के तहत अपराध दर्ज किया है।

धान खरीदी : अब...

में किसानों के हित में समर्थन मूल्य को बढ़ाकर 2500 रूपए प्रति क्विंटल किए जाने का निवेदन किया गया है। पत्र में भारत सरकार के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि करना संभव नहीं होने पर राज्य सरकार को इस मूल्य पर धान उपार्जित करने की सहमति विकेन्द्रीकरण खाद्यान्न उपार्जन योजना के अंतर्गत दिए जाने का अनुरोध किया गया है। मुख्यमंत्री ने इस विषय पर चर्चा के लिए शीघ्र समय प्रदान किए जाने का भी अनुरोध किया है।

दिल्ली से तीस हजारी...

बताया, 'पुलिस की एक गाड़ी ने एक वकील की गाड़ी को टक्कर मार दी, जब वह कोर्ट आ रहे थे। जब वकील ने ऐतराज जताया तो उसका मजाक उड़ाया गया। 6 पुलिसकर्मी वकील को भीतर ले गए और उसकी पिटाई की। वहां मौजूद लोगों ने यह सब देखा और पुलिस को बुलाया।'

इमरान की सरकार को...

का अधिकार है। वहीं, पाकिस्तान आर्मी के प्रवक्ता मेजर जनरल आसिफ गफूर ने रहमान के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'मौलाना वरिष्ठ राजनेता हैं। उन्हें यह स्पष्ट करना चाहिए कि वह किस संस्थान की बात कर रहे हैं। पाकिस्तान की सशस्त्र सेना गैर-पक्षपातपूर्ण संस्था है जो कि हमेशा लोकतांत्रिक सरकार का समर्थन करती है।' उन्होंने कहा, 'किसी को भी देश में अस्थिरता पैदा करने नहीं दिया जाएगा, क्योंकि देश अव्यवस्था नहीं झेल सकता।' गफूर ने जोर देकर कहा कि सेना तटस्थ है और संविधान के तहत चुनकर आई सरकार का समर्थन करती है।

कहानी का अंत नहीं...

उन्होंने कहा, 'चंद्रयान-2 स्टोरी का अंत नहीं है। हमारा आदित्य रु सोलर मिशन, ह्यूमन स्पेसफ्लाइट प्रोग्राम ट्रैक पर है। आने वाले महीनों में हम कई अडवांस सैटलाइट्स को लॉन्च करने वाले हैं। एसएसएलवी दिसबंर या जनवरी में अपनी उड़ान भरेगा। 200 टन सेमी-क्रायो इंजन की टेस्टिंग जल्दी ही शुरू हो जाएगी। मोबाइल फोन पर NAVIC सिग्नल भेजने पर भी जल्दी ही काम शुरू हो जाएगा।'

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक-रविशंकर शुक्ला*,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2017-2019, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

एक्शन फिल्म में काम करेंगी कैटरीना कैफ !

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की बार्बी गर्ल कैटरीना कैफ एक्शन फिल्म में काम करती नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि कैटरीना कैफ को फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी के प्रोडक्शन हाउस एक्सेल एंटरटेनमेंट ने एक बड़े बजट की एक्शन फिल्म के लिए अप्रोच किया है। इस फिल्म में ईशान खट्टर और सिद्धांत चतुर्वेदी होंगे। सिद्धांत और ईशान को कुछ समय से साथ में स्पॉट किया जा रहा है। दोनों साथ में बहुत सी बार जिम जाते देखे गए हैं और बॉलीवुड के नए दोस्त हैं। यदि सबकुछ ठीक रहा तो कैटरीना, ईशान और सिद्धांत साथ में बड़े पर्दे पर एक दमदार एक्शन फिल्म में देखने को मिलेंगे।

सूर्यवंशी के लिए कार्निवल सॉन्ग शूट करेंगे अक्षय

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार अपनी आने वाली फिल्म सूर्यवंशी के लिये कार्निवल सॉन्ग शूट करेंगे। अक्षय इन दिनों रोहित शेट्टी के निर्देशन में बन रही फिल्म सूर्यवंशी में कैटरीना कैफ के साथ काम कर रहे हैं। फिल्म का एक महीने का लंबा शेड्यूल हैदराबाद में प्लान हुआ है जो कि नवंबर के आखिर तक चलेगा। एक ग्रैंड सॉन्ग पर भी काम चल रहा है। कहा जा रहा है कि रोहित ने अक्षय के साथ बड़े पैमाने पर एक कार्निवल सॉन्ग शूट करने की प्लानिंग की है। यह कुछ 'गोलमाल अगेन' और 'सिंबा' के डांस नंबर्स जैसा होगा। कहा जा रहा है कि गाना अक्षय कुमार, कैटरीना कैफ और सूर्यवंशी की बाकी स्टारकास्ट पर फिल्माया जाएगा। इसमें करीब 300 बैकग्राउंड डांसर भी शामिल होंगे।

सेक्स कॉमेडी फिल्म में काम नहीं करेंगी तापसी

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू सेक्स कॉमडी फिल्म में काम नही करना चाहती हैं। तापसी इन दिनों अपनी फिल्म सांड की आंख को लेकर काफी चर्चा में हैं। तापसी ने अपने दमदार अभिनय से फिल्म इंडस्ट्री में खास पहचान बना ली है। तापसी ने कहा कि सेक्स कॉमेडी के अलावा हर तरह के रोल्स करेंगी। तापसी ने कहा,फ्मैंने अब तक जितनी भी सेक्स कॉमेडी फिल्में देखी हैं, मुझे उनमें से कोई भी फनी नहीं लगी। मैं ऐसी कोई फिल्म कभी नहीं करूंगी जिसमें एक महिला को विशेष तरह की लाइट में दिखाया गया है। महिला को चुटकुलों का आधार बनाना, गंदे इशारे करना और डबल मीनिंग जोक्स करना ताकि पब्लिक को मजा आए, ये एंटरटेनमेंट नहीं है। तापसी ने कहा कि वह यूं ही किसी फिल्म में रैंडम आइटम सॉन्ग भी कभी नहीं करेंगी। उन्होंने कहा, फ्मैं इस तरह के सभी ग्लैमरस गाने करने के लिए तैयार हूं लेकिन तब जब मैं उस फिल्म की हीरोइन हूं। मैं बस ऐसे ही कोई आइटम सॉन्ग नहीं करूंगी। मेरे पास वो गाना करने के लिए एक वाजिब वजह होनी चाहिए, बजाए इसके कि मैं उसमें ग्लैमरस लगूंगी।

QUIZ TIME

1) कर्क रेखा भारत के कितने राज्यों से होकर गुजरती है? (क) 6 (ख) 8 (ग) 12

2) राष्ट्रीय आपातकाल के समय लोकसभा की अवधि कितने माह के लिए बढ़ाई जा सकती है? (छह माह / एक साल)

3) ब्राह्मणों पर जजिया कर लगानेवाला पहला मुस्लिम शासक कौन था?
(क) फिरोजशाह तुगलक (ख) गयासुद्दीय तुगलक (ग) बलबन (घ) अलाउद्दीन खिलजी

4) भारत में क्रिकेट मैचों का टी. वी. पर सीधा प्रसारण कब शुरू हुआ था?

5) नोबेल पुरस्कार पानेवाली प्रथम मुसलमान कौन हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 8 (2) छह मास (3) फिरोजशाह तुगलक (4) 1966, दिल्ली में (5) शिरीन इबादी

जर्सी में क्रिकेटर का किरदार निभायेंगे शाहिद

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो शाहिद कपूर अपनी आने वाली फिल्म जर्सी में क्रिकेटर का किरदार निभाते नजर आयेंगे। कबीर सिंह की सफलता के बाद शाहिद एक और साउथ फिल्म के रीमेक में काम करने जा रहे है। शाहिद अपनी नई फिल्म में क्रिकेटर का किरदार निभाने जा रहे हैं। उनकी इस फिल्म का नाम जर्सी होगा। शाहिद ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की है जिसमें वे हाथ में बैट लिए दिखाई दे रहे हैं। शाहिद ने इस पोस्ट में लिखा,÷जर्सी की तैयारियां शुरु।÷ इस फिल्म को गौतम तिन्नौनुरी निर्देशित करने जा रहे हैं। उन्होंने ओरिजिनल फिल्म को भी निर्देशित किया है। शाहिद इस फिल्म के लिए काफी प्रैक्टिस कर रहे हैं और ऑनस्क्रीन एक क्रिकेटर का किरदार निभाने के लिए वे लगातार क्रिकेट सेशन्स अटेंड कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि इस फिल्म की लीड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर हो सकती हैं। यह फिल्म अगले साल 28 अगस्त को रिलीज होगी।

ब्रह्मास्त्र में कैमियो करेंगे शाहरुख खान!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान फिल्म ब्रह्मास्त्र में कैमियो करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर इन दिनों फिल्म ब्रह्मास्त्र बना रहे हैं। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बन रही फिल्म ब्रह्मास्त्र में अमिताभ बच्चन, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की मुख्य भूमिका है। चर्चा है इस फिल्म में शाहरुख खान कैमियो करने वाले हैं। फिल्म में शाहरुख का गेस्ट एपिरिएंस में नजर आएंगे। कहा जा रहा है कि शाहरूख इस साल के अंत तक अपनी शूटिंग शुरू कर देंगे। शाहरूख अंतिम बार आनंद एल राय की फिल्म 'जीरो' में नजर आये थे।

सोना 175 और चांदी 200 रुपये टूटी

ऊंचे भाव पर ग्राहकी कमजोर रहने से दिल्ली सर्राफा बाजार में शनिवार को दोनों कीमती धातुओं में गिरावट दर्ज की गई । सोना 175 और चांदी हाजिर 200 रुपए लुढ़क गई।

नई दिल्ली (वार्ता)। कारोबारियों के अनुसार त्यौहारी मांग निकल चुकी है और सहलगी ग्राहकी ने अभी जोर नहीं पकड़ा है । गत दिवस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पीली धातु में तेजी और डॉलर के मजबूत होने से घरेलू बाजार में दोनों कीमती धातुओं ने जोरदार छलांग लगाई थी,किंतु आज तेजी बरकरार नहीं रह पाई । अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शुक्रवार को सोना 1514 डालर प्रति ट्राय औंस पर मजबूत रहा था जबकि चांदी में 18 डालर प्रति ट्राय औंस पर नरमी का रुख था ।

सोना स्टैंडर्ड 175 टूटकर 40 हजार रुपए से नीचे उतरा और 3970 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। कारोबार के दौरान विदेशों के नरम भाव के समाचार और औद्योगिक मांग कमजोर रहने से चांदी में भी 47900 रुपए पर 200 रुपए प्रति किलो की गिरावट दर्ज की गई । शुक्रवार के कारोबार में सोना पांच सितंबर के बाद एक बार फिर 40 हजार के पार पहुंचा है, किंतु यह तेजी आज बरकरार नहीं रह पाई। पांच सितंबर को सोना 40,470 रुपये तक बोला गया था। अनाजः गेहूं में माल कम रहने से तेजी का रुख है । किसान धान की कटाई के बाद गेहूं की बुवाई में व्यस्त हो जायेंगे। इससे आगे भी आमद कमजोर रहने की संभावना है । गेहूं के मजबूत रहने से आटा भी ऊंचा बोला जा रहा है। मंडियों में नये चावल की आमद जोरों पर है । इस बार धान की फसल अच्छी बताई जा रही है । उत्तर प्रदेश में भी धान की फसल जोरदार रहने की उम्मीद है । नया डीपी बासमती 5500 ..6000 रुपए प्रति क्विंटल बोला जा रहा है। हालांकि पुराने मालों में अभी नरमी नहीं है । परमल में नयी स्टीम के भाव 2600..3800 रुपए प्रति क्विंटल के बीच बताए गए। गुड़..चीनीः कारोबारियों के अनुसार चीनी में मांग सुस्त थी । उत्तर प्रदेश में कई चीनी मिलों में नया पेराई सीजन शुरु हो गया है । उधर पुराना माल भी काफी है । फिलहाल त्यौहारी मांग निकल चुकी है जिससे मिल डिलीवरी चीनी 3470..3550 रुपए प्रति क्विंटल के बीच नरम थी। हाजिर में खतौली का भाव 3710..3720 रुपए और असमौली का 3720..3730 रुपए प्रति क्विंटल बोला गया । अन्य मिलों के भाव भी तेज थे । तेल.तिलहनः खाद्य तेलों में सामान्य ग्राहकी के बीच स्थिरता का रुख रहा।

आयकर विभाग ने टाटा के 6 ट्रस्टों के रजिस्ट्रेशन रद्द किए

मुंबई। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने टाटा के 6 ट्रस्टों के रजिस्ट्रेशन कैंसल कर दिए हैं। इसमें जमशेदजी टाटा ट्रर्स्ट, आरडी टाटा ट्रस्ट, टाटा एजुकेशन ट्रस्ट, टाटा सोशल वेलफेअर ट्रस्ट, सार्वजनिक सेवा ट्रस्ट और नवाजभाई रतन टाटा ट्रस्ट शामिल हैं। यह आदेश 31 अक्टूबर को इनकम टैक्स मुंबई के प्रिंसिपल सेक्रटरी ने जारी किया है। टाटा ट्रस्ट्स ने शुक्रवार को कहा, 'यह फैसला 2015 में हमने ही लिया था कि इन ट्रस्टों के लिए टैक्स में छूट नहीं लेनी है। उसी के संबंध में डिपार्टमेंट से यह आदेश पारित किया गया है। रजिस्ट्रेशन को सरेंडर करने का फैसला इसलिए लिया गया था ताकि फंडिंग के स्रोत बढ़ाए जाएं और ट्रस्ट चैरिटी पर ज्यादा फोकस कर पाए।' टाटा ट्रस्ट ने यह भी कहा कि वह इन रजिस्ट्रेशनों को 2015 से ही रद्द करवाना चाहते हैं।

आर्थिक सुस्ती के गंभीर परिणाम, उद्योग से लेकर रोजगार तक संकट

देश में जारी आर्थिक सुस्ती साल 2006 के बाद सबसे लंबे समय तक जारी है। रोजगार, मैन्युफैक्चरिंग, इंडस्ट्रियल ग्रोथ, इन्फ्रास्ट्रक्चर समेत सभी सेक्टरों में गिरावट दर्ज की गई है। इससे पता चलता है कि आर्थिक सुस्ती का असर कितना गंभीर है।

- लंबे समय से आर्थिक सुस्ती बने रहने के गंभीर परिणाम अब दिखने लगे हैं।
- देश में रोजगारों में बड़ी कमी आई है. बेरोजगारी दर बढ़कर 8.5 प्रतिशत हो गई है।
- इसके अलावा मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में भी बड़ी गिरावट दर्ज की गई है।
- अक्टूबर में जीएसटी कलेक्शन घटकर 95,380 हो गया जो अब तक सबसे कम है।

नई दिल्ली। इस वित्त वर्ष की शुरुआत से ही आर्थिक सुस्ती देखने को मिल रही है। इसके चलते औद्योगिक उत्पादन और रोजगार से लेकर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर बुरा असर पड़ा है। कई महीने तक ऑटोमोबाइल सेक्टर भी सुस्ती का सामना करता रहा। हालांकि त्योहारों की वजह से इसमें सुधार देखा गया है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी (ष्टरूढ्ढश्व) ने शुक्रवार को डेटा जारी किया जिसमें साफ देखा जा सकता है कि स्लोडाउन की वजह से अर्थव्यवस्था पर बहुत बुरा असर पड़ा है। अक्टूबर में बेरोजगारी की दर बढ़कर 8.5 प्रतिशत हो गई जो कि अगस्त 2016 के बाद सबसे ज्यादा है। यह सितंबर के मुकाबले भी 7.2 फीसदी ज्यादा है। सीएमआईई के आंकड़ों के मुताबिक यह स्लोडाउन का असर है। इसके अलावा अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी की तरफ से एक रिपोर्ट प्रकाशित की गई है, जिसके मुताबिक पिछले 6 सालों में करीब 90 लाख रोजगार के अवसरों में कमी आई है। इस रिपोर्ट को संतोष मेहरोत्रा और जगति के परीदा ने मिलकर तैयार किया है और इसे अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी के सेंटर ऑफ सस्टेनेबेल एंप्लॉयमेंट की तरफ से प्रकाशित किया गया है। अक्टूबर में मैन्युफैक्चरिंग आउटपुट पिछले दो साल में सबसे स्लो रहा। आईएचएस इंडिया के परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स में भी गिरावट

आयोजन | शाम 7 बजे से डीजे प्रीखा और सिड करेंगे परफार्म, प्रवेश एंट्री पासेस पर

जेफ्रिस् में 16 नवम्बर को डीजे प्रीखा का मेगा इवेंट

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। लाखों प्रशंसकों की फ`मस सेलिब्रिटी DJ PRIKHA अपनी टीम के साथ 16 नवम्बर शनिवार को रायपुर में अपना प्रोग्राम देने पहली बार छत्तीसगढ़ आ रही हैं। सिंघानिया सरोवर पोर्टिको के पब जेफ्रिस् में युवा दिलों की धड़कन DJ PRIKHA शाम 7 बजे से अपना क्लब परफार्म करेंगी। इसके लिए एंट्री सलेक्टेट रखी गई हैं, बगैर पास के प्रवेश संभव नहीं है। इवेंट्स को लेकर काफी उत्साह है खासकर युवाओं में जिन्होने पहले से ही अपने एन्ट्री पासेस रिजर्व करा लिए हैं।

रायपुरियंस इस बात को लेकर खुश हैं कि लगातार उन्हे नेशनल लेबल के इवेंट्स सुनने व देखने का अवसर प्रदान कर रहे हैं फोर स्टार होटल सिंघानिया सरोवर पोर्टिको। पिछले दिनो डीजे सुकेतू और पिंकसिटी जयपुर की फेमस डीजे, और सिंगर डॉ खुशबू कपूर और DJ ENVY को उन्हे सुनने का मौका मिला था। इसी कड़ी में अब DJ PRIKHA के साथ झूमने और नाचने का मौका मिलेगा। सिंघानिया बिल्डकॉन प्रा.लि. एवं सिंघानिया सरोवर पोर्टिको के सीईओ प्रशांत मित्तल एवं जनरल मैनेजर सुमित ने बताया कि सिंघानिया सरोवर पोर्टिको ने रायपुर में जब अपनी शुरूआत की थी तभी कहा था कि लगातार चर्चित सेलिब्रिटी और उनके इवेंट से रूबरू करायेंगे, होटल की सेवाएं तो आपके लिए हर दिन उपलब्ध होगा पर ऐसे इवेंट्स देंगे जो आपके दिलों पर छाप छोड़ जाएंगे। आने वाले महीनों में आप इंतजार करें, जब एक से बढ़कर एक अदाकारों से आपको रूबरू करायेंगे। जहां तक DJ PRIKHA & SIDD के 16 नवम्बर को होने वाले इवेंट्स की बात है जबर्दस्त तैयारी हमने कर रखी है। इसलिए कि काफी बड़ी संख्या में एंट्री पासेस रिजर्व हो चुके हैं। तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था व पार्किंग की सुविधा रहेगी।

सम-विषम योजना के दौरान ओला बढ़ा किराया नहीं वसूलेगी

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रदूषण से लोगों को राहत दिलाने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार चार नवंबर से 15 नवंबर तक यात्री कारों के लिए सम -विषम योजना लागू कर रही है । इस दौरान वाहन मालिकों की दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए देश की सबसे बड़े मोबिलिटी प्लेटफार्म और विश्व की अग्रणी राइड हेलिंग कंपनियों में एक ओला ने योजना में अपना योगदान देने के लिए इस दौरान बढ़ा हुआ किराया नहीं वसूलने का ऐलान किया है । ओला प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि सम विषम योजना के दौरान कंपनी अपनी कैब और आटो की सड़कों पर संख्या बढ़ाकर यह सुनिश्चित करेगी कि यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े।

प्रवक्ता ने बताया कि आखिरी छोर कनेक्टिविटी के लिए संभावित बढ़ोतरी को ध्यान में रखकर ने ओला अपने बाइक फ्लीट को भी चलायेगी । इसके अलावा कई अन्य वाहनों को भी इस दौरान अपने प्लेटफार्म से जोड़ेगी। योजना के दौरान ड्राइवरों की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी को प्रोत्साहित करेगी । इस अवधि में सबसे अधिक संख्या में राइड करने वाले पहले 10 नंबर पर आये चालकों को सोने का सिक्का देकर सम्मानित भी किया जायेगा।

प्रवक्ता ने कहा ओला भविष्य के निर्माण को लेकर प्रतिबद्ध संस्थान और वह प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली सरकार की सम .विषम योजना का स्वागत करती है।

सड़क किनारे खड़ी गाड़ी हटाने को लेकर मचा बवाल

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। बीती रात सड़क किनारें खड़ी गाड़ियों को हटाने को लेकर हुये विवाद ने तूल पकड़ लिया और दोनो पक्षो के लोगों ने थाने को घेरकर न्याय की गुहार लगायें, पुलिस ने दोनो पक्षो के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में जूटी।

बीती रात दो पक्षों के बीच मामूली बात को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुची पुलिस को बदसलूकी का सामना करना पड़ा, मिली जानकारी के अनुसार बेमेतरा जिले के नवागढ ब्लाक में पदस्थ सीएमओ ने शराब के नशे में घुत्त हो कर महिलाओं के साथ बदसलूकी करना शुरू कर दिया, मामला इस कदर बढता गया कि दोनो पक्षो की तरफ से सौकड़ों लोग थाने पहुंचकर एक दूसरे के विरूद्ध शिकायत दर्ज कराने पहुंच

गये । हालात को देखते हुए पुलिस द्वारा दोनो पक्षो के उपर थाने में अपराध दर्ज हुआ है। सीएमओ पर शराब के नशे में धुत होकर मारपीट करने का आरोप लगाया गया है. साथ ही महिलाओं से भी अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। वहीं सीएमओ ने भी दूसरे पक्ष के खिलाफ थाने में काउंटर रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामला सिंधी कॉलोनी के कोतवाली थाना इलाके का है। जानकारी के मुताबिक, विवाद सड़क किनारें खड़ी गाड़ी हटाने को लेकर शुरू हुआ। गाड़ी नहीं हटाया तो नवागढ़ में पदस्थ सीएमओ यमन देवांगन के परिवार व सिंधी परिवार के युवकों के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई. झगड़ा इतना बढ़ा की दोनों पक्ष एक दूसरे की शिकायत लेकर पुलिस थाना पहुंच गए. तथा तनाव पूर्ण स्थिति देख पुलिस विभाग के अधिकारी भी थाने पहुंचे । थाने के बाहर काफी भीड़ जुट गई थी. आरोपी सीएमओ ने थाने के बाहर मीडिया कर्मियों से भी बदतमीजी के कैमरे छीनने की कोशिश की गई।

दोनो पक्षों पर मामला दर्ज

सिटी कोतवाली टीआई आशीष अरोरा ने बताया कि दानों पक्ष के लोगों सहित चार के खिलाफआपसी मारपीट का मामला दर्ज कर लिया गया है. मामले की जांच की गई, मुलाहिजा के बाद प्रार्थी नारूमल भोजवानी के रिपोर्ट के आधार पर आरोपी संभु देवागंन ,सोनू देवागंन, यमन देवांगन, के खिलॉफधारा 294.323.506.34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है वही प्रार्थी आर्यन देवागंन के रिपोर्ट के आधार पर आरोपी कमल ,आकाश,अनिल, एवं अतुल के खिलाफधारा 294,323,506,एव धारा 34 लगाया गया है।

अवैध रेत उत्खनन पर हुई ठोस कार्रवाई

जिले में हो रही उत्खनन पर प्रशासन अधिकारियों को विधायक अंबिका सिंहदेव ने जमकर लगाई फटकार

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। कोरिया जिले में अवैध रेत उत्खनन काफी फल फूल रहा जहा भरतपुर विधानसभा क्षेत्र में तो रात में भी तस्कर मशीन का उपयोग कर धड़ल्ले से रेत निकाल रहे जहा ग्रामीणों के शिकायत के बावजूद भी जिला प्रशासन कार्यवाही के लिए शिकायत के इंतजार में है वही बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक अम्बिका सिंहदेव ने जिले में हो रहे अवैध रेत उत्खनन रोकने जिला प्रशासन से कई बार की किन्तु कार्यवाही न होने के कारण अब वे खुद ही शिकायत मिलने पर उस स्थान पर पहुँच कर कार्यवाही का निर्देश दी जहा विधायक के निर्देश के बावजूद भी जिले के अधिकारी काफी समय तक नहीं पहुंच सके जहां पुलिस के पहुँचने पर इन

अवैध उत्खनन कर रहे वाहनों पर कार्यवाही की गई जिससे कही न कही इन अवैध उत्खनन पर जिला प्रशासन के मौन स्वीकृति होने की चर्चा जिले में सुर्खियों में बनी हुई है वही जिला खनिज अधिकारी कार्यवाही के लिए शिकायत के इंतजार में है जो कि समझ से परे है वही जिला मुख्यालय के निकट स्तिथ नदियों से रेत के अवैध उत्खनन और तस्करी को लेकर लगातार शिकायतों और निर्देशों के बावजूद कार्यवाही ना होते देख विधायक अंबिका सिंहदेव ने खुद मोर्चा थाम लिया और अवैध उत्खनन करते चिरमी ग्राम के निकट गेज नदी से दर्जन भर वाहनों को मौक़े पर पकड़ लिया जहां गेज नदी से रेत का बेधड़क उत्खनन कई दिनों से जारी था जहा विधायक अंबिका सिंहदेव खुद प्रशासन को सूचना दे रहीं थीं और निर्देश भी किया। कार्यवाही हो और रेत उत्खनन रुके, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई कार्यवाही नहीं हुई, उसके उलट रेत उत्खनन की रफ़्तार और बढ़ गई जब कि जिले के भरतपुर विधानसभा छेत्र में अवैध उत्खनन जोरो पर जो कि वहाँ के तुलना में कुछ नही फिर भी जिला प्रशासन के द्वारा कार्यवाही नही करने को लेकर जिले वाशियों में काफी नाराजगी देखी जा रही जहा आम जनता की नाराजगी की वजह से बैकुण्ठपुर विधायिका ने स्वयं ही इस कारोबार को रोकने पहल की सुरुवात की जहा पहले ही दिन सात ट्रेक्टर और पांच मिनी हाईवा अवैध उत्खनन करते पाये गए जहा विधायक के पहुंचने की खबर लगते ही पुलिस मौक़े पर पहुंची, वहीं देर से पहुचे जिला प्रशासन के अधिकारियों को विधायक अंबिका सिंहदेव ने जमकर फटकार लगाई। अंबिका सिंह देव ने कहा ÷मैंने कई बार प्रशासन को कहा कि, वे कार्यवाही करें, लेकिन हुआ कुछ नही, तो खुद मौक़े पर पहुंची थी, रेत उत्खनन और रेत की तस्करी नहीं होने दूंगी। नदी क्षेत्रवासियों का अस्तित्व है। देखूंगी प्रशासन कैसे कार्यवाही नहीं करता हैं।

रामजानकी मंदिर से कल निकलेगी शोभायात्रा, डॉ. महतो होंगे शामिल

■ कलचुरी भवन में स्नेह सम्मेलन का आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर-चांपा। रामजानकी मंदिर पुराना बस स्टैण्ड से भगवान सहस्त्रबाहु जयंती के अवसर पर शोभायात्रा मिशन रोड स्थित जायसवाल कल्चुरी भवन तक निकाली जाएगी एवं स्नेह मिलन समारोह व अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। जायसवाल युवा सभा के द्वारा आयोजित बैठक में निर्णय गया है कि 3 नवंबर को प्रातः 11 बजे पुराना बस स्टैण्ड स्थित श्रीरामजानकी मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ होगी जहां पर समाज के संरक्षक व पूर्व सांसद डॉ. बंशीलाल महतो के आतिथ्य में भगवान सहस्त्रबाहु के शोभायात्रा की पूजा-अर्चना के बाद रवाना किया जाएगा जो मुख्य मार्ग होते हुए मिशन रोड स्थित जायसवाल कल्चुरी भवन में पहुंचकर संपन्न होगी। उसके पश्चात भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा-अर्चना कर स्नेह मिलन व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। तत्पश्चात भोजन-प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

बैठक में सर्ववर्गीय जायसवाल समाज के जिलाध्यक्ष रामगोपाल डिक्सेना, जायसवाल युवा सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल सहित आनंद प्रसाद, मनीष, चंद्रप्रकाश, नीरज, महेन्द्र, नितिन, सोनू, आशीष, प्रेमप्रताप, अमर, प्रदीप, अनुज, सुभाष डडसेना, संतोष, जीवन लाल, अनिल डनसेना, सोनू, आशीष, संजय, गजेन्द्र, राजू, रौशन, रवि, रघुनंदन, राहुल, प्रशांत महतो, सुरेश जायसवाल उपस्थित थे। इसी तरह कटघोरा में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद जायसवाल के संयोजन में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिला स्तरीय आयोजन में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया।

कलेक्टर ने किया नये कार्य विभाजन आदेश जारी

मुंगेली। कलेक्टर ने राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य पूर्व में जारी कार्य विभाजन आदेश को निरस्त करते हुए राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य नये कार्य विभाजन आदेश जारी किया है। जारी नये कार्य विभाजन आदेश के अनुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरिकृष्ण शर्मा को लोक सुराज अभियान, प्रभारी अधिकारी शिक्षा विभाग , उच्च शिक्षा विभाग, साक्षरता, हरियर छत्तीसगढ़, जनसमस्या निवारण शिविर, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मछली पालन विभाग से संबंधित कार्य, पंचायत एवं समाज कल्याण, पुनर्वास, प्रभारी अधिकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, (एनएचएम) तथा स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी समस्त राष्ट्रीय योजनाएं, रेड क्रास सोसायटी के गतिविधियों का पर्यवेक्षण एवं समीक्षा, आदिम जाति कल्याण विभाग (स्थानांतरण, अनुशासनात्मक कार्यवाही एवं अन्य नस्तियां जिसमें कलेक्टर के आदेश आवश्यक हो को छोड़कर) पर्यवेक्षण, मानिटरिंग, विशेषकर प्राधिकरण के कार्य और हास्टल एवं छात्रवृत्ति के कार्यो का दायित्व सौपा गया है।

नए प्रशासनिक भवन से मिलेगी बेहतर सुविधा : सिंहदेव

■ पंचायत मंत्री टीएस सिंहदेव ने किया नगर निगम के प्रशासनिक भवन का शिलान्यास

नवप्रदेश संवाददाता

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री टीएस सिंहदेव ने आज पॉलिटेक्निक कालेज परिसर में नगर निगम के प्रशासनिक भवन हेतु भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। नगर निगम का यह प्रशासनिक भवन करीब 5 करोड़ की लागत से निर्मित की जाएगी। इसके साथ ही श्री सिंहदेव ने ऑनलाईन सम्पत्ति कर प्रणाली एवं क्लीन

आईडल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करने हुए श्री सिंहदेव ने कहा कि नये प्रशासनिक भवन आने वाले समय में शहर वाले वासियों को सभी सेवा उपलब्ध कराने का प्रमुख केन्द्र बनेगा। उन्होंने कहा कि इस भवन के लिए चिन्हित की गई स्थल बहत ही उपयुक्त है। यह रिंग रोड से लगा हुआ है जिससे आम जनता को अपने कार्य के लिए यहां आने में कोई असुविधा नहीं होगी। यहां भवन के आस-पास हरियाली लाने के लिए गार्डन भी विकसित करें ताकि सुन्दरता और स्वच्छता दोनों बनी रहे। उन्होंने कहा कि अम्बिकापुर धीरे-धीरे चारो दिशाओं में फैलता जा रहा है जिससे यह भवन शहर के बीचों बीच हो जाएगा और लोगों को यहां पहुंचने में भी कोई दिक्कत नहीं होगी।

श्री सिंहदेव ने कहा कि राज्य शासन ने आम जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए वार्ड कार्यालय भी प्रारंभ किया है। वार्ड कार्यालय खुल जाने से वार्ड के कामों के लिए अब लम्बी लाईन लगाना नहीं पड़ रहा है और काम भी शीघ्रता से हो रहा है। उन्होंने नगर निगम द्वारा सम्पत्ति कर जमा करने की ऑनलाईन प्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि इससे लोगों को सम्पत्ति कर जमा करने कार्यालय आने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

बाल संरक्षण समिति की बैठक संपन्न

मुंगेली। जिला अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री रूचि शर्मा की अध्यक्षता में विगत दिवस कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी के कक्ष में विकासखण्ड स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में बाल संरक्षण संबंधित विभिन्न कार्यक्रम जैसे बाल विवाह, बाल श्रम, भिक्षावृत्ति, पलायन, अनाथ, बेसहारा, नशा में लिप्त बालको, लैंगिक अपराधों से पीड़ित बच्चों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इस तरह के अपराधों में लिप्त पाये जाने वाले बालको के संबंध में अथवा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, जनपद पंचायत, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस थाना, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग और स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय से संपर्क करने की बात कही गई। सूचना को गोपनीय रखी जाएगी। इसी तरह बैठक में बाल विवाह, बाल अधिकार, बाल संरक्षण के संबंध में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने पास्को एक्ट के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा स्कूलों में पास्को एक्ट 2012 की जानकारी दिये जाने, गांवों में बाल संरक्षण संबंधी नारा लेखन के संबंध में भी संबंधितों को निर्देशित किया गया है।

जैनेन्द्र सिंह ठाकुर बने निर्विरोध कोंडागांव भाजपा के शहर अध्यक्ष

नवप्रदेश संवाददाता

कोंडागॉव। भारतीय जनता पार्टी कोंडागांव कार्यालय में कोंडागाँव चुनाव प्रभारी चन्दन साहू , सहप्रभारी सुश्री अनीता नेताम के निर्देशानुसार और साथ ही जिलाअध्यक्ष मनोज जैन पूर्व शहर अध्यक्ष अश्वनी पांडे एवं गोपाल दीक्षित के उपस्थिति में भाजपा कोंडागाँव के सभी कार्यकर्ताओं की सहमति से कोंडागांव शहर के मंडल अध्यक्ष चुनाव में जैनेन्द्र सिंह ठाकुर को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिसमे जसकेतु उसेण्डी,बलसिंह बघेल ,मनीष देवांगन ,संतोष पात्रे,कमलेश मोदी , ज्ञानू गोलछा मुकेश राठौर ,विनय राज, प्रतोष त्रिपाठी, बंटी नाग, निखिल

विश्वाश, संतोष मरकाम, संजू गहलोद, इरशाद खान, दिलावर कपाड़िया, प्रदीप साहू, अंकुश जैन, रवि मिश्रा, केशर देहारी, वर्षा यादव एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

निर्वाचक नामावलियों की सीडी उप जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध

मुंगेली। उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आराध्या कुमार ने आज यहां बताया कि नगरीय निकायों तथा त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन हेतु अंतिम रूप से तैयार किए जाने वाले फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों की सीडी उप जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध है। उन्होने बताया कि नगरीय निकाय के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों की सीडी प्रत्येक वार्ड हेतु एक सौ रूपए और ग्राम पंचायतों के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों की सीडी एक सौ रूपए मूल्य निर्धारित किया गया है। यह मूल्य छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा निर्धारित किया गया है।

केंद्रीय जनजाति कार्य सचिव ने किया प्रयास आवासीय विद्यालय का निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

अम्बिकापुर। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के सचिव श्री दिनेश खांडेकर ने आज अम्बिकापुर के गंगापुर स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण कर वहां विद्यर्थियों के अध्ययन, भोजन एवं अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियो को गुणवत्तापूर्ण अध्ययन के साथ ही मीनू में अनुसार उत्तम गुणवत्ता के भोजन उपलब्ध करने के निर्देश दिए। श्री खांडेकर ने विद्यालय के प्राचार्य को मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की प्रतियोगी परीक्षाओं में अधिक विद्यार्थ सफल हो इसके लिए उचित अध्ययन अध्यापन पर ध्यान देने कहा वहीं पुस्तकालय में उत्कृष्ट किताबों की उपलब्धता

सुनिश्चत करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों से शासन के द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे सुविधा का भरपूर लाभ उठाते हुए भविष्य निर्माण हेतु मन लगाकर अध्ययन करने की सलाह दी।

नेलसनार के शतवा घाट पर पलटी नाव

बीजापुर। जिले के भैरमगढ इलाके में एक बार फिर नाव से नदी पार करते वक्त नाव पलटने से एक मासूम सहित तीन बहे दो ग्रामीण लापता। नेलसनार के शतवा घाट पर करीब एक घंटे पहले पलटी नाव। तुमनार बाजार करने आ रहे थे ग्रामीण। लापता लोगों में टिंगरी वेकको, पोनेडवाया निवासी, गल्ले कोरसा - बेलनार निवासी शामिल। एक साल का मासूम भी बहा था जिसको बचा लिया गया है। छोटी सी डोंगी में चालक सहित 8 लोग थे सवार। बहने वाले ग्रामीणों की जा रही तलाश। गतवर्ष भी नाव पलटने से गई थी तीन लोगों की जान। तहसीलदार मौके पर पहुंच चुके हैं। नेलेसनार थाना क्षेत्र का मामला।

बचेली संयुक्त खदान मजदूर संघ ने गुरुदास दास गुप्ता को दी श्रद्धांजलि

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। बचेली मजदूर यूनियन संयुक्त खदान मजदूर संघ (एस के एम एस) ने भाकपा के पूर्व उपमहासचिव मजदूरों के मसीहा ऑल इंडिया एनएमडीसी वर्कर फेडरेशन के अध्यक्ष एवं सांसद गुरुदास दास गुप्ता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की हमेशा से मजदूरों की आवाज बनकर संसद में दहाड़ने वाले बुलंद एवं प्रखर नेता के निधन से सभी मजदूर यूनियन में शोक व्याप्त है। । आपको बता दे की गुरुदास दास गुप्ता जी 83 वर्ष के थे। वे 1985 में राज्यसभा के लिए चुने गए थे। वर्ष 2001

में वे ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन के महासचिव बने थे। श्री गुप्ता 2009 में पश्चिम बंगाल की पंसकुरा लोकसभा सीट से सांसद बने थे। इस श्रधांजलि सभा मे एस के एम एस के सभी पदाधिकारी ,सदस्य एवं मजदूर उपस्थित रहे।

अभियान | अब तक 1.40 लाख अंडा एवं 30 हजार सोयाबादामपट्टी का हो चुका वितरण

सुपोषित अभियान के बेहतर संचालन से तीस प्रतिशत बच्चे आए सामान्य श्रेणी में

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुण्ठपुर। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 02 अक्टूबर 2019 को महात्मा गांधी जी के 150वीं जन्म दिवस के अवसर पर 0 से 5 आयु वर्ग के कुपोषित बच्चों एवं 15 से 49 आयु वर्ग की एनीमिया पीड़ित महिलाओं को कुपोषण एवं एनीमिया से मुक्त कराने के लिए ''मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान'' प्रारंभ किया गया है। राज्य शासन द्वारा इस अभियान में अधिक से अधिक जनभागीदारी को शामिल करते हुए कुपोषण एवं एनीमिया को जड़ से समाप्त करने हेतु व्यापक रूप से अभियान क्रियान्वित किए जाने का निर्णय लिया गया है। जिले को कुपोशण मुक्त बनाने के लिए सुपोशित छत्तीसगढ के तहत सुराजी सुपोशित कोरिया अभियान तथा एनीमिया रोकथाम हेतु सुपोशित जननी अभियान का संचालन किया जा रहा है। इसके लिए जिला, विकासखंड एवं ग्राम स्तर पर समिति का गठन कर लिया गया है। इसके बेहतर क्रियान्वयन हेतु माह के द्वितीय एवं चतुर्थ हफ्ते को कुपोशित बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है। आंगनबाडी केंद्रों में एनीमिक महिलाओं एवं कुपोशित बच्चों की सूची भी चस्पा की जा रही है। जिले में सुराजी सुपोषित कोरिया अभियान के बेहतर संचालन से तीस प्रतिशत बच्चे सामान्य श्रेणी में आ चुके हैं। राज्य में व्याप्त कुपोषण एवं एनीमिया के स्थिति को देखते हुए उसके रोकथाम एवं राज्य को कुपोषण एवं एनीमिया मुक्त बनाने हेतु उन्हें आवश्यकता तथा रूचि अनुरूप नियमित पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने हेतु जिला स्तर पर भी महिला बाल विकास विभाग द्वारा काफी प्रयास किये जा रहे है। मुख्यमंत्री भूपेष बघेल के निर्देश अनुरूप कोरिया जिले को कुपोषण मुक्त बनाने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग जिला-कोरिया

द्वारा कार्ययोजना तैयार करते हुए जिले में ''सुपोषित छत्तीसगढ़ः सुराजी सुपोषित कोरिया अभियान'' संचालित किया जा रहा है एवं जिले को एनीमिया मुक्त बनाने हेतु ''सुपोषित छत्तीसगढ़ः एनीमिया रोकथाम हेतु सुपोषित जननी अभियान'' प्रारंभ किया गया है।

उल्लेखनीय है कि जिले में 0 से 5 वर्ष के आयु के बच्चों को कुपोषण मुक्त बनाने हेतु माह जुलाई 2019 से विधानसभा अध्यक्ष, सांसद, विधायक एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ''सुराजी सुपोषित कोरिया अभियान'' का विधिवत शुभारंभ करते हुए संचालन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत लगभग 12,829 कुपोषित बच्चों (9586 मध्यम कुपोषित एवं 3243 गंभीर कुपोषित बच्चे) को लक्षित किया गया है। सुराजी सुपोषित कोरिया अभियान अंतर्गत 02 प्रमुख कार्यक्रमों में से ''परिवार आधारित पोषण एवं जागरूकता संवाद'' कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। परिवार आधारित पोषण एवं जागरूकता संवाद कार्यक्रम अंतर्गत जिले की सभी परियोजनाओं में ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा सप्ताह के प्रति बुधवार एवं शुक्रवार को अपने केंद्र में दर्ज प्रत्येक मध्यम एवं गंभीर कुपोषित बच्चें के घर गृहभेंट कर उसकी पसंद अनुसार एक अंडा/बादामपट्टी खिलाया जा रहा है एवं बच्चे के उपरी आहार तथा उसके भोजन व स्वच्छता संबन्धी आदतों का परीक्षण कर बच्चें के स्वास्थ्य एवं पोषण व स्वच्छता विषय पर बच्चें के माता-पिता एवं परिवार वालों को उचित परामर्श प्रदान किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत लक्षित बच्चों को अब तक 1 लाख 40 हजार अंडा एवं 30 हजार से अधिक सोयाबादामपट्टी का वितरण किया जा चुका है। विगत 02 अक्टूबर 2019 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर जिले के सभी बाल विकास परियोजनाओं के 54 सेक्टर मुख्यालयों के ऑगनबाड़ी केंद्रों के अतिरिक्त 854 ऑगनबाड़ी केंद्रों में एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

■ न्यूज गैलरी

श्रीलंकाई लड़की के चक्कर में हरभजन सीख गए अंग्रेजी!

नई दिल्ली। कॉमिडी शो 'द कपिल शर्मा शो' छोटे परदे पर छाया हुआ है। शो में इस हफ्ते मचने वाला है धमाल। इस हफ्ते कपिल शर्मा के शो में आएंगे हरभजन सिंह। हरभजन के साथ उनकी पत्नी गीता बसरा भी होंगी। कपिल और हरभजन का सेंस ऑफह्यूमर शानदार है। स्वभाविक है शो में धमाल मचने वाला है। हरभजन सुनाएंगे कि कैसे उनकी अंग्रेजी अच्छी हुई। हरभजन की यह कहानी सुनकर आप भी लोट-पोट हो जाएंगे। सोनी टीवी ने एक टीजर जारी किया है। टीजर में हरभजन सिंह खास अंदाज में अपनी अंग्रेजी इंप्रूव होने की कहानी सुनाते हैं। हरभजन कपिल को बताते हैं कि 'एक बार गलती से मेरे साथ श्रीलंका की एक लड़की सेट हो गई थी। वह अंग्रेजी में मुझसे बात करती थी, मुझे टूटी-फूटी अंग्रेजी बोलनी पड़ती थी। धीरे-धीरे उसके साथ बात करते हुए मैंने अंग्रेजी बोलनी शुरू कर दी।' हरभजन की इस कहानी सभी जोर से हंसते हैं।

भारतीय हाकी अपना गौरव हासिल करेगी : रीजीजू

भुवनेश्वर (भाषा)। खेल मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को भरोसा जताया कि भारतीय पुरुष और महिला हाकी टीमें अगले साल होने वाले तोक्यो ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करेंगी और इस तरह आठ बार की ओलंपिक चैंपियन टीम को खेल में अपना पुराना गौरव फिर हासिल करने में मदद मिलेगी। रीजीजू ने यहां दो चरण के क्वालीफायर के पहले दिन के खेल के इतर संवाददाताओं से कहा, ''मैं तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफायर करने की पुरुष और महिला हाकी टीमों की दावेदारी के लिए दोनों की हौसला-अफ्जाई करने के लिए यहां आया हूं। उम्मीद करता हूं कि भारत हाकी में अपना पुराना खोया गौरव हासिल करेगा।

महिला टीम ने अमेरिका को 5-1 से हराया

भुवनेश्वर। भारतीय महिला हाकी टीम ने ओलंपिक क्वालीफाई करने की ओर मजबूत कदम बढ़ाते हुए शुक्रवार को यहां दो मैचों के एफआईएच क्वालीफायर के पहले चरण में अमेरिका पर 5-1 की आसान जीत दर्ज की। इस मुकाबले के करीबी होने की उम्मीद की जा रही थी लेकिन भारतीय महिला टीम ने कलिंगा स्टेडियम में दर्शकों की हौसला-अफ्जाई के बीच अमेरिका की चुनौती का आसानी से ध्वस्त कर दिया। भारत की ओर से ड्रैगफ्लिकर गुरजीत कौर (42वें और 51वें मिनट) ने दो जबकि लिलिमा मिंज (28वें मिनट), शर्मिला देवी (40वें मिनट) और नवनीत कौर (46वें मिनट) ने एक-एक गोल दागा। अमेरिका की ओर से एकमात्र गोल पेनल्टी स्ट्रोक पर 54वें मिनट में एरिन मेटसन ने किया।

दिल्ली में प्रदूषण को मात देने वाली टीम जीतेगी पहला टी-20

दिल्ली में लगातार बढ़ रहे वायु प्रदूषण के बीच भारत और बांग्लादेश की टीमें दिल्ली के दमघोंटू माहौल में मैच खेलने को तैयार हैं।

भारतीय कप्तान रोहित के पास इस मैच में नियमित कप्तान विराट का रिकॉर्ड तोड़ने का मौका रहेगा जिसके लिए उन्हें मात्र आठ रन की जरूरत है। विराट इंटरनेशनल टी-20 मैचों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी है। विराट के 67 पारियों में 2450 रन हैं जबकि रोहित के 90 पारियों में 2443 रन हैं। रोहित ने विपक्षी टीम बंगलादेश से सावधान रहने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि बंगलादेश एक अच्छी टीम है जो अपने दिन किसी भी टीम को अपसेट कर सकती है।

भारत और बंगलादेश के बीच रविवार को यहां अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले पहले टी-20 मुकाबले से पूर्व सारी चर्चा खिलाड़ियों से ज्यादा राजधानी के प्रदूषण पर सिमटी हुई है और जो टीम प्रदूषण को काबू करेगी वह तीन मैचों की सीरीज में बढ़त बनाने में कामयाब रहेगी।

नई दिल्ली (वार्ता)। फिरोजशाह कोटला मैदान का नाम अरुण जेटली स्टेडियम रखे जाने के बाद इस स्टेडियम में यह पहला मैच है लेकिन दिवाली के ठीक बाद इस मैच का होना परेशानी का सबब बन गया है। राजधानी में प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है, स्कूल बंद कर दिए गए हैं, निर्माण कार्य रोक दिए हैं और मेहमान टीम के खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ मास्क पहन कर अभ्यास कर रहे हैं। दोनों टीमों के खिलाड़ियों से पहला सवाल प्रदूषण को लेकर पूछा जाता है लेकिन बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने स्पष्ट किया है कि मैच अपने कार्यक्रम के अनुसार खेला जाएगा और इतने कम समय में इसे शिफ्ट नहीं किया जा सकता। दिवाली के बाद से राजधानी के आसमान पर धुएं की परत बिछी हुई है। ऐसे में सवाल यही है कि दोनों टीमों को एक-दूसरे से ज्यादा प्रदूषण से निपटना होगा और खेल में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। भारतीय टीम घरेलू जमीन पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है और इससे पहले उसने दक्षिण अफ्रीका से टी-20 सीरीज 1-1 से ड्रा खेली थी और टेस्ट सीरीज 3-0 से जीती थी।

अरुण जेटली स्टेडियम के पास पट्रोलिंग टीमें तैनात, कूड़ा जलाते या मलबा फेंकते दिखे तो खैर नहीं

- भारत और बांग्लादेश के खिलाफपहला टी-20 इंटरनैशनल मैच 3 नवंबर को दिल्ली में है।
- विराट कोहली की जगह कप्तानी कर रहे रोहित की निगाहें यहां जीत के साथ एक रेकॉर्ड पर भी होगी।
- बांग्लादेश रेकॉर्ड के मामले में भले ही भारत के आगे फिसड्डी हो, लेकिन रोहित उसे कमजोर नहीं आंकते।

वायु प्रदुषण के बावजूद बिना मास्क के दिखे भारतीय खिलाड़ी

जोकोविच और नडाल सेमीफाइनल में

पेरिस (वार्ता)। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच और दूसरे नंबर के खिलाड़ी स्पेन के राफेल नडाल ने आसान जीत के साथ पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। चार बार पेरिस मास्टर्स में विजेता रह चुके टॉप सीड जोकोविच ने सातवीं सीड यूनान के स्टेफानोस सितसिपास को मात्र 58 मिनट में लगातार सेटों में 6-1, 6-2 से हराया जबकि दूसरी सीड नडाल ने फ्रांस के जो विल्फ्रेड सोंगा को 7-6, 6-1 से पराजित किया। 32 वर्षीय जोकोविच का इस सत्र में सितसिपास से यह दूसरा मुकाबला था। जोकोविच तीन सप्ताह पहले शंघाई मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में सितसिपास से हार गए थे लेकिन इस जीत से उन्होंने करियर मुकाबलों में वह 21 वर्षीय सितसिपास से 2-2 की बराबरी कर ली है। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी की एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में यह 35वीं जीत है इस जीत से सर्बियाई खिलाड़ी की छठी बार साल का समापन नंबर एक के रूप में करने की उम्मीदें बनी हुई हैं। जोकोविच का सेमीफाइनल में बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव से मुकाबला होगा जिन्होंने चिली के क्रिस्टियन गारिन को 6-2, 7-5 से हराया। नडाल के सामने सेमीफाइनल में कनाडा के डेनिस शापोवालोव की चुनौती होगी। शापोवालोव ने फ्रांस के गाएल मोंफिल्स को 6-2, 6-2 से हराया। नडाल पेरिस मास्टर्स में अपने पहले खिताब की तलाश में हैं लेकिन उन्हें 20 साल के शापोवालोव की चुनौती से सतर्क रहना होगा।

बोपन्ना-शापोवालोव क्वार्टरफाइनल में हारे

पेरिस (वार्ता)। भारत के रोहन बोपन्ना और कनाडा के डेनिस शापोवालोव की जोड़ी को पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा है।

रोहन बोपन्ना और डेनिस शापोवालोव का क्वार्टरफाइनल में रूसी जोड़ी कारेन खाचानोव और आंद्रेई रुब्लेव से मुकाबला हुआ जिसे रूसी जोड़ी ने एक घंटे 21 मिनट में 7-5, 6-7(1), 10-8 से जीत लिया और सेमीफाइनल में जगह बना ली।

पूजा की चांदी, भारत को मिला दूसरा पदक

नई दिल्ली (वार्ता)। पूजा गहलोत ने हंगरी के बुडापेस्ट में चल रही अंडर-23 विश्व कुश्ती प्रतियोगिता में महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग में शुक्रवार रात रजत पदक जीतकर भारत को प्रतियोगिता में दूसरा पदक दिला दिया जबकि ज्योति को 50 किग्रा के कांस्य पदक मुकाबले और नैना को 72 किग्रा के रेपेचेज़ में हार का सामना करना पड़ा। पूजा ने 53 किग्रा में क्वालिफिकेशन में रूस की एकातेरिना वेरबीना को 8-3 से तथा क्वार्टरफाइनल में ताइपे की मेंग सुआन सीह को 8-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उन्होंने तुर्की की जेनैप येतगिल को 8-4 से शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया। पूजा का स्वर्ण पदक के लिए 2017 की विश्व चैंपियन जापान की हारुना ओकुनो से मुकाबला हुआ जिसमें उन्हें नजदीकी संघर्ष में 0-2 से हार का सामना करना पड़ा और रजत से संतोष करना पड़ा। भारत का इस प्रतियोगिता में यह दूसरा रजत पदक है। भारत ने पिछली चैंपियनशिप में एक रजत पदक जीता था। ज्योति को 50 किग्रा में सेमीफाइनल में जापान की कीका कगाता से 4-15 से हार का सामना करना पड़ा था और कांस्य पदक मुकाबले में उन्हें रूस की नादेजदा सोकोलोवा से 0-10 से शिकस्त झेलनी पड़ी। इस बीच 72 किग्रा में नैना को क्यूबा की मिलियम्स पोट्रिले ने 13-3 से पराजित किया लेकिन पोट्रिले के फाइनल में पहुंचने से नैना को रेपेचेज़ में उतरने का मौका मिला लेकिन उन्हें रूस की एवगेनिया जाखरचेंको से 0-10 से हार का सामना करना पड़ा और वह बाहर हो गयीं।

पलूशन पर गौतम गंभीर हुए ट्रोल

नई दिल्ली। भारत और बांग्लादेश के बीच क्रिकेट का पहला टी-20 मैच दिल्ली के अरुण जेटली फिरोजशाह कोटला मैदान में खेला जाना है। लेकिन वायु प्रदूषण के चलते जहरीली हुई हवा में खिलाड़ियों को प्रैक्टिस करने में दिक्कत हो रही है, जो मास्क लगाकर अभ्यास करते नजर आ रहे हैं। पूर्व खिलाड़ी और बीजेपी के दिल्ली से सांसद गौतम गंभीर ने ऐसा ही एक विडियो शेयर करते हुए आप यानी कि केजरीवाल सरकार पर निशाना साधा है। लेकिन इसपर यूजर्स ने उन्हें ही ट्रोल कर दिया। गंभीर ने बांग्लादेशी खिलाड़ियों के मास्क पहन कर प्रैक्टिस करने का एक वीडियो सोशल अकाउंट से शेयर कर दिल्ली सरकार पर निशाना साधा। इसके बाद यूजर्स तरह-तरह से प्रतिक्रिया दे रहे हैं और गंभीर से सवाल पूछ रहे हैं। एक यूजर ने कहा कि- इसमें आप कि कोई गलती नहीं सब बीजेपी की है।

मानवीर के दम पर गोवा ने नॉर्थईस्ट को ड्रा पर रोका

इंजरी टाइम में मानवीर सिंह के दम पर किए गोल की मदद से एफसी गोवा ने हीरो इंडियन सुपर लीग के छठे सीजन में शुक्रवार को यहां इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में मेजबान नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी को 2-2 के ड्रा पर रोक दिया।

गुवाहाटी (वार्ता)। मेजबान नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने निर्धारित समय तक 2-1 की बढ़त कायम कर रखी थी, लेकिन मानवीर ने इंजरी टाइम में गोल करके गोवा को हार से बचा लिया और नॉर्थईस्ट को अंक बांटने पर मजबूर कर दिया। हाईलैंडर्स के नाम से मशहूर नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी का तीन मैचों में यह दूसरा ड्रा है अब उसके पांच अंक हो गए हैं। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड घर में पिछले सात मैचों से अपराजित चल रही थी और टीम ने इस बार भी घर में अपना अपराजेय क्रम जारी रखा। गोवा का भी तीन मैचों में दूसरा ड्रा है और उसके भी पांच अंक हो गए है। इस मैच को देखने के लिए स्टेडियम पहुंचे मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा की मौजूदगी में दोनों टीमों के बीच खेला गया यह मुकाबला काफी रोमांचक रहा। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के लिए एसामोह जियान ने 54वें और रीडम लांग ने 74वें मिनट में गोल किया। एफसी गोवा के लिए इस सीजन में अपना पहला मैच खेल रहे हुगो हुगो बौमस ने 31वें और मानवीर सिंह ने इंजरी टाइम में गोल किया।

बुमराह ऑस्ट्रेलिया सीरीज में करेंगे वापसी

नई दिल्ली। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अपने स्ट्रेस फ्रैक्चर से रिकवर कर रहे हैं और उनके जनवरी तक मैदान पर वापसी करने की उम्मीद है। अगले साल की शुरुआत में भारतीय टीम को न्यू जीलैंड के मुश्किल दौरे पर जाना है। बुमराह के ठीक होने से कोच रवि शास्त्री और कप्तान विराट कोहली को बड़ी राहत मिलेगी। एक सूत्र ने कहा, 'उनकी हाल ही में जांच हुई और वह बहुत अच्छे से ठीक हो रहे हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी खेल सकते हैं।' भरतीय टीम जनवरी में श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज खेलेगी और उसके बाद न्यू जीलैंड के दौरे पर जाएगी जहां उसे दो टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है। सूत्र ने कहा, 'जब आप न्यू जीलैंड में खेल रहे होते हैं, तो गेंदबाजी सबसे अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।

ओलिंपिक क्वॉलिफायर रूस ने दमदार खेल से भारतीय खिलाड़ियों को चौंकाया

महिला टीम के बाद पुरुष टीम का धमाल, रूस को हराया

भुवनेश्वर। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार दो मैचों के हॉकी ओलिंपिक क्वॉलिफायर के पहले मैच में रूस को 4-2 से हराया। उसकी जीत के हीरो रहे मनदीप ने 24वें और 53वें मिनट में दो मैदानी गोल दागे, जबकि हरमनप्रीत सिंह (पांचवें मिनट) और एसवी सुनील (48वें मिनट) ने भी भारत की ओर से एक-एक गोल किया। दोनों टीमों के स्तर और विश्व रैंकिंग में बड़े अंतर के कारण एकतरफा मुकाबले की उम्मीद की जा रही थी लेकिन दुनिया की 22वें नंबर की रूस की टीम ने अपने जुझारू खेल से मेजबान टीम को हैरान किया और हार के अंतर को सिर्फदो गोल तक सीमित रखा। इससे पहले महिला टीम ने यूएसए को 5-1 से करारी शिकस्त दी। दुनिया की पांचवें नंबर की टीम भारत शनिवार को होने वाले दूसरे चरण के मुकाबले को हल्के में नहीं ले सकती, क्योंकि रूस ने दिखा दिया है कि उनकी टीम उलटफेर करने में सक्षम है। दोनों मैचों के कुल स्कोर के आधार पर जीत दर्ज करने वाली टीम तोक्यो ओलिंपिक खेल 2020 के लिए क्वॉलिफाई करेगी। मैच की शुरुआत काफी तेज हुई। तीसरे ही मिनट में रूस के पावेल गोलुबेव के प्रयास को भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने नाकाम किया। दो मिनट बाद रूस के गोलकीपर मरात गफारोव ने भारतीय कप्तान मनप्रीत सिंह के शॉट को रोका लेकिन इसके बाद उनके खिलाफ फाउल हुआ। मेजबान टीम ने विडियो रैफरल का सहारा लिया जिससे टीम को पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे हरमनप्रीत ने गोल में बदला। रूस को इसके बाद पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन टीम गोल नहीं दाग सकी। दूसरे क्वॉर्टर के दूसरे मिनट में रूस ने आंद्रे कुरेव के मैदानी गोल से बराबरी हासिल करके सबको हैरान कर दिया। कुछ मिनटों बाद सर्गेई लेपेशकिन रूस को बढ़त दिलाने के करीब पहुंचे लेकिन मामूली अंतर से गोल करने से चूक गए। मनदीप ने 24वें मिनट में मैदानी गोल दागकर भारत को फिर 2-1 से आगे कर दिया। भारत को मध्यांतर से ठीक पहले अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन हरमनप्रीत के प्रयास को गफारोव ने आसानी से विफल कर दिया। रूस ने तीसरे क्वॉर्टर की शुरुआत में दो अच्छे मूव बनाए लेकिन टीम बराबरी हासिल नहीं कर पाई।

- हॉकी ओलिंपिक क्वॉलिफायर के पहले मुकाबले में भारतीय महिला और पुरुष टीमों को जीत मिली है।
- भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रूस को 4-2 से हराया, जबकि महिलाओं ने यूएसए को 5-1 से मात दी।

कांस्य पदक के लिए लड़ेंगे साजन

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत के साजन भनवाल ने हंगरी के बुडापेस्ट में चल रही अंडर-23 विश्व कुश्ती प्रतियोगिता में शुक्रवार को ग्रीको रोमन वर्ग के 77 किग्रा मुकाबले के सेमीफाइनल में हार गए और अब वह कांस्य पदक मुकाबले में उतरेंगे। भारत के दो पहलवानों अर्जुन हलाकुरकी (55) और सुनील कुमार (87) को रेपेचेज में उतरने का मौका मिल गया है। 77 किग्रा वर्ग में विश्व जूनियर चैंपियनशिप में तीन पदक हासिल कर चुके साजन ने क्वालिफिकेशन में अमेरिका के जैसी एलेक्जेंडर पोर्टर को 6-0 से, प्री क्वार्टरफाइनल में अजरबैजान के तुन्जय वजीरजादे को 3-1 से और क्वार्टर फाइनल में स्वीडन के पेर एल्बिन ओलोफसन को 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली जहां उन्हें जापान के कोदई सकुराबा से नजदीकी संघर्ष में 4-5 से हार का सामना करना पड़ा। साजन अब शनिवार को कांस्य पदक मुकाबला खेलेंगे। 55 किग्रा में अर्जुन हलाकुरकी ने क्वालिफिकेशन में इटली के जियोवानी फ्रेनी को 13-9 से और प्री क्वार्टरफाइनल में सर्बिया के सेबस्टियन कोलोमपार को 9-0 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली लेकिन क्वार्टर फाइनल में भारतीय पहलवान को रूस के एमिन सेफरशायेव से जबरदस्त संघर्ष में 12-14 से हार का सामना करना पड़ा। सेफरशायेव फाइनल में पहुंच गए हैं जिससे अर्जुन को रेपेचेज में उतरने का मौका मिल गया है। 63 किग्रा में रजीत को प्री क्वार्टर फाइनल में ही अर्मेनिया के स्लाइक गल्स्त्यान से 0-8 से हार का सामना करना पड़ा। गल्स्त्यान के क्वार्टरफाइनल में हार जाने से रजीत की चुनौती भी समाप्त हो गयी। 87 किग्रा में सुनील कुमार ने क्वालिफिकेशन में अल्जीरिया के बाचिर सिद अजारा को 7-2 से हराया लेकिन प्री क्वार्टर फाइनल में वह यूक्रेन के सेमेन नोविकोव से 0-8 से हार गए। नोविकोव फाइनल में पहुंच गए हैं और सुनील को रेपेचेज में उतरने का मौका मिल गया है। 130 किग्रा में दीपक पुनिया को क्वालिफिकेशन में अमेरिका के डेविड ओर्नडोर्फ़से 1-6 से हार का सामना करना पड़ा।



उच्च शिक्षा में आज गुणवत्ता सुनिश्चित करना सबसे बड़ी आवश्यकता : भूपेश बघेल

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां सायाजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थायाओं, अनुसंधानकर्ताओं, नवाचार करने वालों और प्राध्यापकों को ऑरोपाथ ग्लोबल अवार्ड 2019 से सम्मानित किया। यह अवार्ड ऑरोपाथ सर्विस ट्रस्ट और अरविंदो सोसाइटी द्वारा शैक्षणिक संस्थाओं में उच्च शिक्षा में गुणवत्ता के सुधार, विद्यार्थियों की रोजगार दक्षता बढ़ाकर उन्हें भावी जीवन के लिए तैयार करने और अध्ययन-अध्यापन में नवाचार के माध्यम से उत्कृष्टता हासिल करने के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 15 श्रेणियों में ग्लोबल अवार्ड वितरित किए। उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज सबसे बड़ी जरूरत उच्च शिक्षा में गुणवत्ता सुनिश्चित करने की और उच्च शिक्षा को वास्तविक जरूरतों से जोड़ने की है । शिक्षा के माध्यम से युवाओं के दृष्टिकोण को व्यापक करने की भी आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने महर्षि अरविंद योगी का स्मरण करते हुए कहा कि वे एक क्रांतिकारी थे, उनके जीवन की एक घटना ने उन्हें आध्यात्मिकता की ओर मोड़ दिया। उन्होंने लंबे समय तक आध्यात्मिक साधना की। महर्षि अरविंदो ने अध्यात्मिक से मानसिक उच्च स्तर को प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव सेवा हमारा लक्ष्य होना चाहिए।